आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक कड़ी...
4 अभिव्यक्ति — सचिन पायलट के पास सीमित विकल्प...
9 मनोरंजन/खेल — जाह्नवी की 'गुंजन सक्सेना: द करगिल गर्ल'...
11 व्यापार — जियो का सस्ता स्मार्टफोन फोन चीनी...

www.navpradesh.com
रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2020, श्रावण कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-157 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पाकिस्तान, चीन, नेपाल, सुशांत, विकास, अमिताभ और पायलट का चैप्टर अब क्लोज हो जाना चाहिए। अब फिर से कोरोना पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है। जो भारत में तेजी से पांव पसारने लगा है। कोरोना संक्रमितों की संख्या 10 लाख होने जा रही है। कई राज्यों में तो इसके सामुदायिक संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है। जिसे नजर अंदाज करने के भयावह दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। केन्द्र व राज्य सरकारों को चाहिए कि वे इस विषयक दिशा निर्देशों को ठेंगा दिखाने वाले अहमकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। अन्यथा लम्हों की खता सदियों को भुगतनी पड़ जाएगी।

प्रसंगवश : चान्दी का चम्मच लिए जन्मे सियासी छोकरे प्रोपेगंडा पॉलिटिक्स के शिकार

यशवंत धोटे

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुताबिक इंगलिश बोलने और हैंडसम दिखने से कुछ नहीं होता। यदि राजनीति में लम्बी पारी खेलनी हो तो सियासी बरगद की छांव तले चान्दी का चम्मच लिए पैदा हुए सियासी छोकरो को गहलोत के इस बयान को प्रासंगिकता के लिहाज से गांठ बांधकर रख लेना चाहिए और वैसे भी 40 साल के राजनीतिक संघर्ष को यदि कोई समय से पहले सब कुछ पा चुका 40-45 साल का हैंडसम इंगलिश 'टॉकर' चुनौती दे तो उसे हकीकत के धरातल से रूबरू कराना भी जरूरी हो जाता है। दरअसल 130 साल पुरानी पार्टी और 138 करोड़ की आबादी वाले देश को समझने के लिए चान्दी का चम्मच लेकर पैदा होना पर्याप्त नहीं है। भारतीय धरातल वैसा नही है जैसा ये छोकरे देख और भोग रहे हैं। भारत की धरती पर पैदा होकर विदेशों से पढ़कर आए ये सियासी छोकरे विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा की प्रोपेगंडा पॉलिटिक्स के शिकार होकर देश की सबसे पुरानी पार्टी के आन्तरिक लोकतंत्रीय ढांचे को तहस नहस कर रहे हैं। इससे दल कमजोर तो हो ही रहा है, इन छोकरों की नादानी या यूं कहे इनकी बेजा

हरकतों से वे लाखों मतदाता स्वंय को ठगा सा महसूस करते हैं, जिन्होंने कांग्रेस के सिम्बाल को वोट दिया और उनका चुना हुआ विधायक उन्हे छोड़ कहीं और चल दिया। अखबारी पन्नों, चैनलों पर चलने वाली बेसिर पैर की बदतमीजी भरी अन्तहीन बहस, और नेताओं के भाषणों में इसे राजनीति कहते हैं लेकिन जन आकाक्षाओं से कोसो दूर जा चुकी इस राजनीति को गन्दा करने ये सियासी छोकरे अहम भूमिका निभा रहे हैं। पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया और अब सचिन पायलट के खिलाफ कार्रवाई पर जतिन प्रसाद ,प्रिया दत्त, दीपेन्द्र हुड्डा, गौरव गोगई, मिलिन्द देवड़ा, जैसे कारपोरेट कल्चर के इन सियासी छोकरो का विधवा विलाप ठीक वैसा ही है जैसे चित भी मेरी, पट भी मेरी, सिक्का मेरे बाप का। जननायक का लबादा ओढ़े चुनावी मोर्चे पर बुरी तरह फेल हो चुके इसमें से अधिकांश कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना चाहते हैं। भाजपा के गढ़े हुए प्रचार में इन्हें ऐसा लगता है कि पार्टी में इनसे ज्यादा उपेक्षा किसी की हो ही नहीं रही। 2019 के चुनाव में पार्टी हारने के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया लेकिन पिता या माता की बदौलत पद पाए किसी सियासी छोकरे ने यह जहमत नही उठाई। राहुल और सोनिया गांधी के त्याग पर तंज कसते ये लोग भूल जाते हैं कि यदि सोनिया गांधी चाहती तो 2004 और 2009 में ही मनमोहन सिंह की जगह खुद या राहुल गांधी को पीएम बना सकती थीं, लेकिन ऐसा नहीं किया ताकि इन सियासी छोकरो का भविष्य आबाद हो। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ के निगम-मंडलों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य के 32 पदों पर नियुक्ति

समर्पितों की ताजपोशी... साधा सबको

सामा. वर्ग-14, ओबीसी- 8, एससी-2, एसटी-5, अल्पसंख्यक वर्ग के 3 को मिला स्थान

■ संभागों में रायपुर से सर्वाधिक 17 तो बस्तर से 6 की नियुक्ति

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। प्रदेश सरकार की ओर से गुरुवार की सुबह निगम-मंडलों की बहुप्रतिक्षित सूची जारी कर दी गई। इसके अुनसार निगम मंडलों में अध्यक्षों, उपाध्यक्षों व सदस्यों के पद पर 32 नामों का ऐलान किया गया है। निगम मंडलों में नियुक्ति को लेकर सरकार की ओर से जारी की गई सूची में सभी वर्गों-एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल, अल्पसंख्यक- को प्रतिनिधित्व मिला है। इसमें वरिष्ठता और पार्टी के प्रति विपरीत परिस्थितियों में भी समर्पण रखने वालों को मलाईदार निगम-मंडल का प्रभार सौंपा गया है। वहीं जातिगत और सामाजिक समीकरणों का भी ख्याल रखा गया है। प्रमुख नामों में विधायक कुलदीप जुनेजा को हाउसिंग बोर्ड, विधायक अरुण वोरा को वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, बैजनाथ चंद्राकर को अपेक्स बैंक चेयरमैन तथा थनेश्वर साहू को ओबीसी आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता शैलेश नितिन त्रिवेदी को पाठ्यपुस्तक निगम व करुणा शुक्ला को समाज कल्याण मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि रायपुर संभाग से सर्वाधिक 17 लोगों फिर बस्तर संभाग से 6 को मौका देकर एक तरह से भविष्य की सियासी मजबूती के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पार्टी के लिए जमीन तलाश ली है। यहीं नहीं कुछ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जुनेजा, वोरा, करुणा, शैलेश को अहम पद

बैजनाथ अपेक्स चेयरमैन, नवप्रदेश ने साल भर पहले ही जताई थी सम्भावना

बिलासपुर । पूर्व विधायक ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सहकारिता के क्षेत्र में लंबे अरसे तक सक्रिय रहने वाले बैजनाथ चंद्राकर को राज्य शासन ने अपेक्स बैंक का चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। नवप्रदेश ने बैजनाथ चंद्राकर को अपेक्स बैंक का चेयरमैन बनाये जाने की संभावना नवप्रदेश एक साल पहले ही जता दी थी। चंद्राकर का जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर का अध्यक्ष रहने के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में बड़ा योगदान रहा है। माना जा रहा है कि इसीके चलते सरकार ने उन्हें उक्त जिम्मेदारी दी है। बैजनाथ अविभाजित मप्र शासन में वे लोरमी पंडरिया विधानसभा के विधायक भी रहे। वे पिछड़ा वर्ग समुदाय में भी गहरी पैठ रखते हैं।

सूची इस प्रकार है

संभाग	नाम	पद	निगम-मंडल
रायपुर संभाग	देवेंद्र बहादुर सिंह	अध्यक्ष	राज्य वन विकास निगम
	कुलदीप जुनेजा	अध्यक्ष	हाउसिंग बोर्ड
	गिरीश देवांगन	अध्यक्ष	खनिज विकास निगम
	रामगोपाल अग्रवाल	अध्यक्ष	राज्य नागरिक आपूर्ति निगम
	शैलेश नितिन त्रिवेदी	अध्यक्ष	पाठ्य पुस्तक निगम
	सुभाष धुप्पड़	अध्यक्ष	रायपुर विकास प्राधिकरण
	महेश शर्मा	सदस्य	भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल
	करुणा शुक्ला	अध्यक्ष	समाज कल्याण मंडल
	सतीश अग्रवाल	सदस्य	भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल
	किरणमयी नायक	अध्यक्ष	राज्य महिला आयोग
	नितिन सिन्हा	सदस्य	पाठ्य पुस्तक निगम
	राजकुमारी दीवान	उपाध्यक्ष	राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग
	राजेंद्र तिवारी	अध्यक्ष	खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड
	सुरेंद्र शर्मा	अध्यक्ष	राज्य कृषक कल्याण परिषद
सरगुजा संभाग	बालकृष्ण पाठक	अध्यक्ष	राज्य वनौषधि पादप बोर्ड
	शफी अहमद	अध्यक्ष	श्रम कल्याण मंडल
	अजय अग्रवाल	उपाध्यक्ष	राज्य स्तरीय 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति
	गुरप्रीत बामरा	अध्यक्ष	राज्य खाद्य आयोग
बिलासपुर संभाग	महंत राम सुंदर दास	अध्यक्ष	राज्य गौ सेवा आयोग
	बैजनाथ चंद्राकर	अध्यक्ष	राज्य सहकारिता बैंक (अपेक्स) सहकारिता कानून
	थानेश्वर साहू	अध्यक्ष	राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग
	पदमा मनहर	सदस्य	राज्य अनुसूचित जाति आयोग
दुर्ग संभाग	अरुण वोरा	अध्यक्ष	राज्य वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड
	धनेश पाटिला	अध्यक्ष	अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम
	महेश चंद्रवंशी	सदस्य	राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग
	नीता लोधी	सदस्य	अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम
बस्तर संभाग	चंदन कश्यप	अध्यक्ष	हस्तशिल्प विकास मंडल
	एमआर निषाद	अध्यक्ष	मछुआ कल्याण बोर्ड
	मिथिलेश स्वर्णकार	अध्यक्ष	नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण
	नितिन पोटाई	सदस्य	राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग
	छविंद्र कर्मा	उपाध्यक्ष	राज्य वनौषधि पादप बोर्ड
	कल्पना सिंह	सदस्य	समाज कल्याण बोर्ड

हाईकोर्ट पहुंचा राजस्थान का सियासी विवाद, सुनवाई टली

■ पायलट व समर्थक 18 विधायकों ने स्पीकर के नोटिस के खिलाफ लगाई है याचिका

जयपुर/नई दिल्ली। कांग्रेस राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट और उनका समर्थन करने वाले 18 विधायकों ने राजस्थान स्पीकर के नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे हैं। हाईकोर्ट इस याचिका पर गुरुवार को सुनवाई टल गई। आपको बात दें कि अयोग्य ठहराए जाने का नोटिस जारी होने के बाद से सचिन पायलट अपने वकीलों के साथ इस मामले में सलाह मशविरा कर रहे थे। हाईकोर्ट में याचिका सचिन पायलट के समर्थन वाले विधायक पृथ्वीराज मीणा ने हाईकोर्ट में दाखिल की है। पायलट की तरफ से हरीश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इसलिए भेजा स्पीकर ने नोटिस

सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी द्वारा शिकायत के बाद राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने मानेसर रिसॉर्ट में सचिन पायलट और अन्य बागी विधायकों को नोटिस भेजा। मंगलवार को दूसरी सीएलपी बैठक में शामिल नहीं होने पर सचिन पायलट और उनके विधायकों के खिलाफ कांग्रेस ने शिकायत की थी। जब वह बैठक में शामिल नहीं हुए तो कांग्रेस ने उन्हें राजस्थान के डिप्टी सीएम और पीसीसी प्रमुख के पद से हटा दिया। सचिन पायलट को अभी अपने अगले कदम की घोषणा करनी है।

जाधव से मिलने पाकिस्तान ने दी सशर्त कॉन्सुलर एक्सेस

इस्लामाबाद/ए.। पाकिस्तान ने आखिरकार अपनी जेल में बंद भारतीय भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी कुलभूषण जाधव से मिलने के लिए दूसरी बार भारतीय उच्चायुक्त को सशर्त राजनयिक पहुंच दिया है। सूत्रों के मुताबिक इसके बाद भारतीय उच्चायुक्त वकीलों के साथ उनसे मिलने पहुंचे हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर शाम कुलभूषण जाधव को मौत की सजा के खिलाफ अपील करने की अनुमति दे दी थी।

अच्छी खबर

संक्रमण क्षेत्रों को वायरस मुक्त करने बना उपकरण

राजकोट/ वार्ता। गुजरात में राजकोट रेलवे अस्पताल के फार्मासिस्ट ने संक्रमण वाले क्षेत्रों को वायरस मुक्त करने के लिए अल्ट्रावायलेट (यूवी) कीटाणुशोधन टावर उपकरण बनाया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रवीन्द्र श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि इस समय पूरा देश कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से जूझ रहा है। देश-दुनिया में कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए वैज्ञानिक स्तर पर वैक्सीन, दवा और अन्य जरूरी उपकरण बनाने पर काम चल रहा है। इसी क्रम में राजकोट स्थित रेलवे अस्पताल के मुख्य फार्मासिस्ट परमानंद मीना ने सराहनीय कार्य करते हुए अधिक संक्रमण वाले क्षेत्रों को वायरस तथा कीटाणुओं से मुक्त करने के लिये एक अल्ट्रावायलेट कीटाणुशोधन टावर उपकरण बनाया है और इसी रेलवे अस्पताल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	10,02679	25,595
अमेरिका	3,644,564	140,478
ब्राजील	1,978,236	75,697
ब्रिटेन	292,552	45,119
मैक्सिको	317,635	36,906
इटली	243,736	35,017
फ्रांस	173,304	30,120
स्पेन	304,574	28,413
ईरान	267,061	13,608
रूस	752,797	11,937

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 36471.68
निफ्टी- 10739.95
गोल्ड- 49045 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 52850 (1 किग्रा.)

विमान सेवा को दो माह पूरे पर नहीं गया संक्रमण का डर

नई दिल्ली/ (वार्ता)। घरेलू विमान सेवा शुरू होने के करीब दो महीने बाद भी यात्रियों को संक्रमण का डर सता रहा है। हालांकि अधिकतर यात्री हवाई अड्डों और विमान के अंदर किये जा रहे एहतियाती इंतजाम से खुश हैं तथा हवाई यात्रा को परिवहन का सबसे सुरक्षित माध्यम मानते हैं। देश की दो विमान सेवा कंपनियों- विस्तारा और इंडिगो के अलग-अलग सर्वेक्षणों में यह बात सामने आई है। इंडिगो के सर्वेक्षण में कहा गया है कि दूसरे यात्रियों द्वारा समुचित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

46 फीसदी बोले- संक्रमण का भय

विस्तारा के सर्वेक्षण में 46 प्रतिशत यात्रियों ने विमान के अंदर संक्रमण का डर जाहिर किया है। चेक-इन और सुरक्षा जाँच के दौरान संक्रमण का डर 24 प्रतिशत और विमान में सवार होते समय तथा विमान से उतरते समय संक्रमण का डर 11 प्रतिशत यात्रियों के मन में है। इंडिगो ने बताया कि इसके बावजूद 68 प्रतिशत यात्रियों ने हवाई सफर को परिवहन का सबसे सुरक्षित साधन माना है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मप्र के गुना का मामला, वीडियो वायरल होने पर कार्रवाई

दलित किसान दंपति से पुलिस की बर्बरता, एसपी और कलेक्टर बदले

गुना/नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के गुना जिले में दलित किसान दंपति के साथ पुलिस की बर्बरता का मामला सामने आने के बाद हरकत में आई शिवराज सरकार ने गुना के एसपी के बाद कलेक्टर को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया। गौरतलब है कि गुना में जमीन खाली कराने गई पुलिस ने दलित किसान और उसकी पत्नी की बेरहमी से पिटाई की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में दिख रहा है कि किसान पुलिस और अफसरों से मिन्नतें कर रहा था कि फसल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'गरीबों पर हमला, दलितों पर हमला, किसान पर हमला, लोकतंत्र पर हमला। यही तो है भाजपा का चाल, चेहरा और चरित्र। इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस जी-जान से लड़ेगी।'

-राहुल गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व **प्रियंका गांधी वाड्रा,** कांग्रेस महासचिव (घटना पर ट्वीट कर कहा)

सिंधियाजी गुना में लोग प्रशासन के सामने आत्महत्या करने को मजबूतर हैं। दलित किसान दंपति पर पुलिसकर्मियों का बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज कहां तक जायज है। आपकी विचारधारा किसी भी पार्टी की हो लेकिन अगर आप शिवराज सरकार की इस बर्बर कार्रवाई को जायज ठहरा रहे हैं तो आप संवेदन शून्य हैं।

-ज्योत्सना चरणदास महंत, सांसद, कोरबा

कोरोना : छग में 197 नए मरीज, 127 डिस्चार्ज एक और मौत दर्ज

रायपुर /नवप्रदेश। प्रदेश में गुरुवार को कोरोना के 197 नए मरीजों की पहचान हुई है। इनमें रायपुर जिले से 57, बिलासपुर-32, राजनांदगांव-22, दुर्ग- 17, कबीरधाम-16, सरगुजा-14, जांजगीर-12, बेमेतरा-9, जशपुर-5, कोरबा-4, रायगढ़, बलौदाबाजार से 3-3 तथा बलरामपुर व अन्य राज्य से 1-1 मरीज शामिल हैं। हालांकि गुरुवार को एक बात यह भी अच्छी रही कि डिस्चार्ज होने वालों का आकड़ा भी सैकड़ा में रहा। कुल 127 को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। राज्य में कोरोना से एक और मौत दर्ज हुई है। जांजगीर चांपा के 66 वर्षीय मरीज ने बुधवार को रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में दम तोड़ा। इसके साथ ही प्रदेश में अब कोरोना के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1282 हो गई है। जबकि मृतकों का आंकड़ा 21 हो गया है। राज्य में कोरोना के अब तक के कुल मामलों की बात करें तो यह आंकड़ा 4754 हो गया है। इनमें से 3451 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है।

गरमा-गरम

तैयारी — गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देश

2785 गौठानों में गोबर खरीदी, गुणवत्ता होगी अर्धठोस

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। गौधन न्याय योजना हरेली पर्व से 20 जुलाई को प्रारंभ हो रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए 2408 गौठान और शहरी क्षेत्र के 377 गौठानों में संचालित की जाएगी। यानी कुल 2785 गौठानों में। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप पशुपालकों से गोबर खरीदी की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य शासन के कृषि विकास, किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इनके मुताबिक, किसान स्वैच्छिक रूप से गौठान समितियों में गोबर बेच सकेंगे। 2 रु. प्रतिकिलो की दर से गोबर खरीदा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संपूर्ण दायित्व कलेक्टरों पर

गोबर के क्रय और भुगतान की प्रक्रिया, वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिए स्व सहायता समूहों के प्रशिक्षण, वर्मी कम्पोस्ट टांका निर्माण, गोठानों में गोबर प्रसंस्करण, वर्मी कम्पोस्ट की पैकेजिंग, वर्मी कम्पोस्ट के विपणन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन का सम्पूर्ण दायित्व जिला कलेक्टरों का होगा।

शहरी क्षेत्रों में योजना

- *शहरों में स्थित एसएलआरएम सेंटर, कम्पोस्ट शेड, गौठान में तराजू/फर्मा आदि की व्यवस्था के साथ गोधन न्याय योजना खरीदी केन्द्र बनाए जाएंगे।*
- *पंजीकृत पशुपालकों द्वारा ही गोबर का विक्रय गोधन न्याया योजना खरीदी केन्द्र में किया जाएगा। समूह द्वारा पशुपालक को गोबर के क्रय उपरांत शासन द्वारा निर्धारित दर अनुसार मय परिवहन शुल्क भुगतान किया जाएगा।*

ये दिशा-निर्देश हुए जारी

- *गौठान में गोवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुपालक से गोबर का क्रय शासन द्वारा निर्धारित दर से किया जाएगा।*
- *वर्तमान में शासन द्वारा 2 रुपए किलोग्राम (परिवहन व्यय सहित) की दर निर्धारित की गई है।*
- *पशुपालक गोबर का विक्रय स्वैच्छिक रूप से कर सकेंगे।*
- *गोबर की गुणवत्ता हाथ में उठाये जाने लायक अर्धठोस प्रकृति की होगी।*
- *गोबर में कांच, मिट्टी, प्लास्टिक इत्यादि नही होना चाहिए।*
- *आगामी वर्षों में* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वैक्सीन का ह्युमन ट्रायल शुरू, 30 साल के युवा को दिया पहला डोज

पटना/ए.। देश में पहली बार कोराना वैक्सीन 'कोवैक्सीन' का ह्युमन ट्रायल शुरू हुआ है। पटना के एम्स हॉस्पिटल में यह ट्रायल किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पटना एम्स की विशेष टीम ने 30 साल के युवा पर पहला ट्रायल किया है। इस युवक को आधा एमएल डोज दिया गया। डोज देने के बाद करीब 4 घंटे तक उसे निगरानी में रखा गया। उसके बाद उसे घर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि 14 दिन के बाद उसे सेकंड डोज देने के लिए बुलाया जाएगा। पटना एम्स के निदेशक प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि अब तक 18 लोगों की जांच की गई थी, इनमें से 8 लोगों को डोज दिया गया है। अभी कुछ लोग आने बाकी है।

बिहार में बाढ़: 29 दिन में बह गया 264 करोड़ का पुल

छपरा ए.। बिहार में भारी बारिश से हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। बिहार के छपरा से सटे गोपालगंज में 264 करोड़ की लागत से बना सत्तरघाट महासेतु का एप्रोच रोड पानी के दबाव से ध्वस्त हो गया है। इस महासेतु के ध्वस्त होने से चंपारण तिरहुत और सारण के कई जिलों का संपर्क टूट गया है। इस पुल पर आवागमन पूरी तरह बाधित है। इस बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने पुल के ढहने को लेकर नीतीश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह पुल इसलिए टूटा है क्योंकि इसमें भ्रष्टाचार हुआ है। तेजस्वी ने एक चैनल से बात करते हुए कहा कि इस पुल का पैसा अफसरों से वसूल किया जाना चाहिए।

यह पुल महज 29 दिन के अंदर पानी में बह गया। 16 जून को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस महासेतु का उद्घाटन किया था। गोपालगंज को चंपारण से और इसके साथ तिरहुत के कई जिलों से इस महासेतु को जोड़ने का अतिमहत्वकांक्षी पुल था। जिसके निर्माण में करीब 264 करोड की लागत आई थी। गोपालगंज में तीन लाख से ज्यादा क्यूसेक पानी का बहाव था। गंडक के इतने बड़े जलस्तर के दबाव से इस महासेतु का एप्रोच रोड टूट गया। जिसकी वजह से आवागमन बाधित हो गया है। गोपालगंज के बैकुंठपुर के फैजुल्लाहपुर में यह पुल टूटा है। इस महासेतु का निर्माण पुल निर्माण विभाग की ओर से कराया गया था। 2012 में इस पुल का निर्माण शुरू किया गया और 16 जून, 2020 को इस महासेतु का उद्घाटन किया गया। पुल निर्माण में लापरवाही को लेकर जांच की मांग उठने लगी है। बिहार विधानसभा में नेत प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसको लेकर नीतीश सरकार को घेरा है। आरजेडी नेता ट्वीट में कहा, '263 करोड़ से 8 साल में बना लेकिन मात्र 29 दिन में ढह गया पुल। बिहार में चारों तरफ लूट ही लूट मची है।'

भारतीय नागरिकों ने एच-1बी वीजा पर शासकीय आदेश के खिलाफ दायर किया मुकदमा

नई दिल्ली ए.। एच-1बी वीजा पर हाल में आए एक शासकीय आदेश के खिलाफ सात नाबालिगों समेत 174 भारतीय नागरिकों के एक समूह ने मुकदमा दायर किया है। इस आदेश के तहत उनके अमेरिका में प्रवेश पर रोक लग सकती है अथवा उन्हें वीजा जारी नहीं किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट अदालत के न्यायाधीश केतनजी ब्राउन जैक्सन ने बुधवार को विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और होमलैंड सुरक्षा विभाग के कार्यकारी मंत्री चाड एफ वोल्फ के साथ श्रम मंत्री युजिन स्कालिया को सम्मन जारी किए। यह मुकदमा मंगलवार को अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट अदालत में दायर किया गया। वकील वास्डेन बैनियास ने 174 भारतीय नागरिकों की ओर से दायर मुकदमे में कहा, ''एच-1बी/एच-4 वीजा पर प्रतिबंध का शासकीय आदेश अमेरिका की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है, परिवारों को अलग करता है और कांग्रेस को खारिज करता है। इस मुकदमे में एच-1बी या एच-4 वीजा जारी करने पर पाबंदी लगाने या नए एच-1बी वीजा धारकों को देश में प्रवेश करने से रोकने वाले शासकीय आदेश को गैरकानूनी घोषित करने की मांग की गई है।

भारत में कोरोना वायरस ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड

24 घंटे में 32 हजार से अधिक पॉजिटिव केस आए सामने, 606 मरीजों की मौत

नई दिल्ली ए.। देश में पिछले 24 घंटे में रिकॉर्ड 32,695 कोरोना संक्रमित मिले हैं और इसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या 9,68,876 हो गई। इसमें 3,31,146 मामले सक्रिय हैं। इस दौरान 606 लोगों की मौत हो गई और मृतकों की संख्या बढ़कर 24,915 हो गई है। अब तक 6,12,815 मरीज कोरोना को हरा चुके हैं।

बता दें कि बिहार में गुरुवार से दोबारा लॉकडाउन है। राज्य सरकार ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए कई पाबंदियां लगाई हैं। धार्मिक स्थल भी बंद रहेंगे। भीड़भाड़ वाले तमाम आयोजनों पर पूरे महीने रोक रहेगी। बाजार से लेकर पार्क तक नहीं खुलेंगे। बस सेवाओं को भी बंद कर दिया गया है। सिर्फ जरूरी काम से ही लोग आ जा सकते हैं। लॉकडाउन का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस ने भी कमर कस ली है। बिहार में 16 से 31 जुलाई तक लॉकडाउन लगाया गया है। राज्य, जिला, अनुमंडल और ब्लॉक मुख्यालय के अलावा सभी नगर निकायों में यह प्रभावी है। लॉकडाउन -5 के दौरान धार्मिक स्थलों और पार्कों को पूरी तरह बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, मनोरंजन और खेल-कूद समेत तमाम भीड़भाड़ वाले आयोजन नहीं होंगे।

गौरतलब है कि आने वाले दिनों में बेंगलुरु और पुणे समेत कई शहरों के अधिकारी अलग-अलग अवधियों के लिए लॉकडाउन पुनः लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। उधर राजधानी दिल्ली में स्थिति में कुछ सुधार दिखाई दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सप्ताहांतों में शनिवार, रविवार को पूरे राज्य में कड़ी पाबंदियां लागू करने का फैसला किया है। इससे पहले कर्नाटक और तमिलनाडु ने रविवार का लॉकडाउन लगा रखा है।

सुपौल: ठेले पर कोविड केयर सेंटर पर डॉक्टर के जाने की ये तस्वीर बिहार के सुपौल जिले की हैं। यहीं के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 में पब्लिक रेस्ट हाउस में कोविड केयर सेंटर बनाया गया है। वो सेंटर ठेले पर जा रहे डॉक्टर के ठीक पीछे दिख रहा है। अब ये सेंटर नगर पंचायत के वार्ड में है या किसी टापू पर, ये आप खुद तय कर लीजिए। लेकिन इतना तो तय है कि बिहार सरकार का स्वास्थ्य विभाग कोरोना से कैसे जंग जीतेगा, इस पर शक ही है। ठेले पर कोविड केयर सेंटर पर डॉक्टर के जाने की ये तस्वीर बिहार के सुपौल जिले की हैं। यहीं के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 में पब्लिक रेस्ट हाउस में कोविड केयर सेंटर बनाया गया है। वो सेंटर ठेले पर जा रहे डॉक्टर के ठीक पीछे दिख रहा है। अब ये सेंटर नगर पंचायत के वार्ड में है या किसी टापू पर, ये आप खुद तय कर लीजिए। लेकिन इतना तो तय है कि बिहार सरकार का स्वास्थ्य विभाग कोरोना से कैसे जंग जीतेगा, इस पर शक ही है।

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-

'केवल भगवान ही हमें बचा सकते हैं'

बेंगलुरु ए.। कर्नाटक में कोविड-19 के मामलों में लगातार हो रही वृद्धि के बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बी श्रीरामुलु ने कहा है कि राज्य को केवल भगवान ही बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि महामारी को फैलने से रोकने के लिए जनता का सहयोग आवश्यक है। राज्य सरकार के कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने में विफल रहने के कांग्रेस के आरोपों के बाद चित्रदुर्ग में बुधवार को मंत्री ने यह बयान दिया। मंत्री ने बाद में कहा कि मीडिया के एक वर्ग ने उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया। श्रीरामुलु ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, बताइये यह (महामारी को नियंत्रित करने का) किसका काम है। केवल भगवान ही हमें बचा सकते हैं। लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना ही एकमात्र उपाय है। ऐसी स्थिति में, कांग्रेस के नेता राजनीति के सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुके हैं। यह किसी के लिए ठीक नहीं है।

पीएम मोदी का हरियाणा को बड़ा तोहफा

प्रस्तावित तीन बल्क ड्रग पार्क में से एक पानीपत में बनेगा

पानीपत ए.। कोविड-19 महामारी के बाद फार्मा उद्योगों को कच्चे माल के लिए अन्य देशों पर निर्भर न रहना पड़े, इसके लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के मद्देनजर देश में तीन बल्क ड्रग्स पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिनमें से एक हरियाणा के पानीपत में बनेगा। पानीपत में यह बल्क ड्रग पार्क स्थापित करने की जिम्मेदारी खट्टर सरकार ने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं ढांचागत विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) को सौंपी है। राज्य की मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा की अध्यक्षता में यहां हुई एक समीक्षा बैठक में एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक अनुराग अग्रवाल ने इस प्रस्तावित पार्क को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया और इस परियोजना को हासिल करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पानीपत की नई दिल्ली से निकटता से पड़ोसी राज्यों पंजाब, उत्तराखंड, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्यों को इस ड्रग पार्क से कच्चे माल की उपलब्धता आसान होगी। साथ ही कच्चे माले के आयात में भी कमी आएगी। इस पार्क में सॉल्वेंट रिकवरी प्लांट, डिस्टिलेशन प्लांट, पॉवर एंड स्टीम इकाइयां, कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट आदि जैसी सामान्य सुविधाएं भी होंगी।

1000 करोड़ रु. का अनुदान देगी केंद्र

अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार प्रत्येक बल्क ड्रग पार्क के लिए अधिकतम 1000 करोड़ रुपये का अनुदान देगी, जो कुल निवेश का 70 प्रतिशत है तथा शेष 30 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। एचएसआईआईडीसी के पास पानीपत औद्योगिक एस्टेट में 500 एकड़ से अधिक भूमि उपलब्ध है और इस परियोजना पर अनुमानित पूंजी निवेश 2500 से 3000 करोड़ रुपये आएगा।

दिल्ली से दरभंगा जा रही बस पलटी, एक की मौत

गोपालगंज ए.। दिल्ली से दरभंगा जा रही एक यात्री बस गुरुवार को करीब डेढ़ बजे जिले के अमवा गांव के समीप एनएच 28 पर पलट गई। हादसे में एक यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। जबकि तीन दर्जन यात्री जख्मी हो गए। जख्मी यात्रियों को इलाज के लिए कुचायकोट के पीएचसी में भर्ती कराया गया है। जख्मी यात्रियों में अधिकांश को मामूली चोट व खरोंच लगी है। ये यात्री दरभंगा, कटिहार, मधुबनी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस का चालक लापरवाही से तेज रफ्तार से बस चला रहा था। जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से हादसे में जख्मी लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

808 संदिग्ध आरोपियों और 118 गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद सीआईडी ने दाखिल की 2 चार्जशीट

नई दिल्ली ए.। क्राइम इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट , पुणे ने बुधवार को पालघर में भीड़ द्वारा हत्या के मामले में चार्जशीट दायर की। इस घटना में दो साधुओं और उनके ड्राइवर को 16 अप्रैल को मौत के घाट उतार दिया गया। यह आरोपपत्र पालघर जिले के दहानू तालुका में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) की अदालत में दायर किए गए थे।

सीआईडी पुणे के बयान के अनुसार, टीम ने आरोपियों के खिलाफ मजबूत सबूत जुटाने के लिए 808 संदिग्धों और 118 गवाहों की जांच की है। कुल मिलाकर 154 लोगों को गिरफ्तार किया गया और कानून के साथ संघर्ष में 11 किशोरियों को हिरासत में लिया गया और अभी तक किसी भी आरोपी को जमानत पर नहीं छोड़ा गया है।

सीआईडी ने कहा कि जब दो साधु और उनके ड्राइवर 16 अप्रैल को मुंबई से गुजरात के लिए एक वैन में यात्रा कर रहे थे, तो स्थानीय लोगों की हिंसक भीड़ द्वारा पलगाव जिले के तालुका दहानू के गाँव गडचिनचले में एक फ़ॉरेस्ट चेक नाका के पास उन्हें जमकर पीटा गया। तीन अलग-अलग एफआईआर में कासा पुलिस स्टेशन में तीन अलग-अलग अपराध दर्ज किए और पालघर पुलिस ने इसकी तब तक जांच की जब तक कि राज्य सरकार ने मामले को सीआईडी , महाराष्ट्र को जांच के लिए स्थानांतरित नहीं किया।

21 अप्रैल को सीआईडी ने जांच का जिम्मा संभाला और एसपी मारुति जगताप की अध्यक्षता वाली कोकण भवन इकाई को मामला सौंपा गया। 15 जुलाई को सीआईडी की टीम ने पालघर लिंचिंग से जुड़े तीनों मामलों में चार्जशीट पेश की।

लद्दाख में सैन्य बातचीत के बाद भारतीय सेना ने कहा-

हम और चीनी आर्मी पूरी तरह हटने को प्रतिबद्ध

नई दिल्ली ए.। लद्दाख में बुधवार को कॉर्प्स कमांडर स्तर की करीब 15 तक तक चली लंबी बातचीत के बाद भारतीय सेना ने कहा कि भारत और चीन पूरी तरह सेना को हटाने के लेकर प्रतिबद्ध है। गुरुवार को एक बयान में सेना के प्रवक्ता कर्नल अमन आनंद ने कहा, भारत और चीन वास्तविक नियंत्रण रेख पर बनी स्थिति के समाधान के लिए बने सैन्य और कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से बातचीत कर रहे हैं।

सेना ने कहा, पीपुल्स लिबरेशन ऑफ आर्मी के कमांडर्स और भारतीय सेना के बीच चुशुल में भारत की सीमा में चौथे दौर की बैठक हुई। भारतीय सेना ने आगे कहा कि सैनिकों के बीच सिलसिलेवार बातचीत भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच 5 जुलाई को पूरी तरह सैनिकों के हटाने पर बनी सहमति के अनुरूप थी। सेना ने कहा कि सीनियर कमांडर्स पहले चरण में सेना हटाने को लेकर हुई प्रगति और पूरी तरह सैनिकों के हटाने को लेकर आगे के कदम को सुनिश्चित करने पर इस दौरान चर्चा हुई।

भारतीय सेना ने बयान में कहा, दोनों पक्ष पूरी तरह सैनिकों के हटाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह प्रक्रिया जटिल है और इसके निरंतर सत्यापन की आवश्यकता है। वे कूटनीतिक और सैनिक स्तर पर नियमित बैठकें कर इस ओर आगे बढ़ रहे हैं।

गौरतलब है कि चशुल के भारतीय इलाके में भारत और चीन के कॉर्प्स कमांडर स्तर की वार्ता 14 जुलाई की सुबह 11:30 बजे शुरू हुई और 15 जुलाई को करीब 2 बजे समाप्त हुई। यह बैठक लगभग 15 घंटे तक चली। 5 जुलाई को भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधि अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने टेलीफोन पर काफी विस्तार से तनाम कम करने को लेकर चर्चा की थी। बातचीत के पहले चरण के बाद चीनी सैनिकों ने फिंगर 4 से फिंगर 5 क्षेत्र में कदम वापस ले लिए। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि वे पहले ही गलवान घाटी, हॉट स्प्रिंग्स और पैट्रोलिंग प्वाइंट -15 सहित अन्य विवादित स्थल में लगभग 2 किलोमीटर पीछे हट गए हैं। सूत्रों ने बताया कि कोर कमांडर स्तर की वार्ता के दौरान आपसी मतभेद के कारण भारतीय पक्ष भी पीछे हट गया।

बता दें कि भारत और चीन की सेनाओं के बीच लद्दाख में एलएसी पर करीब दो महीने से टकराव के हालात बने हुए हैं। छह जून को हालांकि दोनों सेनाओं में पीछे हटने पर सहमति बन गई थी लेकिन चीन उसका क्रियान्वयन नहीं कर रहा है। इसके चलते 15 जून को दोनों सेनाओं के बीच खूनी झड़प भी हो चुकी है।

ईवीएम छुए बिना वोट, शीशे की दीवार, और सिरिंज से इंक...

बिहार चुनाव में इस बार अनोखे तरीके से होगी वोटिंग

पटना ए.। कोरोना काल में पहली बार देश में चुनाव होने जा रहा है। करोड़ों वोटर्स वाले राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए खास तैयारियां की जा रही हैं। ईवीएम को छुए बिना वोटिंग के लिए टूथपिक (दांत खोदने वाला) के बराबर बांस की लकड़ी, पोलिंग ऑफिसर्स की टेबल पर शीशे की दीवार, डिस्पोजेबल सिरिंज से अंगुलियों पर निशान जैसे उपायों पर निर्वाचन आयोग विचार कर रहा है। कोरोना वायरस महामारी के बीच बिहार जैसे बड़े राज्य में चुनाव कराना बड़ी चुनौती है।

कोरोना वायरस संक्रमण की शुरुआत के बाद से देश में यह पहला चुनाव है। चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। महामारी के इस दौर में यह चुनाव पहले से काफी अलग होने जा रहा है।

चुनाव आयोग के अधिकारी प्रस्तावों पर मंथन में जुटे हैं। अधिकारियों का कहना है कि डिस्पोजेबल सिरिंज से इंक लगाने का विकल्प सुरक्षित विकल्प है। हर यूज के बाद इसे फेंका जा सकता है। पोलिंग ऑफिसर्स को शीशे की दीवार के पीछे रखने की आवश्यकता है ताकि वोटर से अधिकारी को या किसी अधिकारी से वोटर्स के संक्रमित होने की संभावना बेहद कम रहे।

पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, '' ईवीएम के बटन को दबाने और वोटर रजिस्टर पर हस्ताक्षर के लिए दस्ताने और बांस की छोटी लकड़ियों की वकालत की जा रही है। हर वोट के बाद ईवीएम को सैनिटाइज करना संभव नहीं है। हम प्लास्टिक के किसी सामान का इस्तेमाल नहीं करने जा रहे हैं, क्योंकि इससे संक्रमण की संभावना रहती है। बांस की लकड़ियां पर्यावरण हितैषी हैं और इन्हें नष्ट करना भी आसान है।

सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावों को बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आयोग को अंतिम मंजूरी के लिए भेज दिया है। सीईओ बिहार एचआर श्रीनिवास ने कहा, ''बूथ पर वोटर्स की सुरक्षा के लिए हमने कुछ प्रस्ताव भेजे हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि वोटर्स किसी वस्तु के संपर्क में ना आएं और स्पर्श रहित तरीके से वोटिंग हो।''

जीतन राम मांझी 23 को जाएंगे दिल्ली

कोऑर्डिनेशन कमेटी पर 26 तक तस्वीरें होंगी साफ

पटना ए.। महागठबंधन में समन्वय समिति को लेकर शामिल दलों की राय अब 26 जून को ही सामने आ सकती है। समन्वय समिति की मांग करने वाले दलों के नेता अभी दिल्ली में हैं। जीतन राम मांझी 23 जून को दिल्ली जाएंगे। वहां उनकी सहयोगी दलों और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से बात होगी। उसके बाद ही तस्वीर साफ होगी। हम महासचिव संतोष मांझी ने रविवार की शाम रालोसपा और वीआईपी पार्टी के अलग स्टैंड लेने की खबरों को आधारहीन करार दिया है। कहा है कि अभी ऐसा कुछ नहीं हुआ है। 25 जून तक समन्वय समिति नहीं बनने के बाद ही ' हम' अपना स्टैंड लेगा। लेकिन साथी दलों से विमर्श जारी रहेगा। दूसरी ओर प्रवक्ता दानिश रिजवान ने कहा कि कोऑर्डिनेशन कमेटी की मांग को लेकर उनकी पार्टी कायम है। अगर ऐसा नहीं होता है तो राजनीति में अन्य विकल्प भी खुले हैं।

उधर, भाकपा के राज्य सचिव सत्यनारायण सिंह ने कहा कि महागठबंधन में समन्वय समिति बननी चाहिए लेकिन हम लोग किसी तीसरे मोर्चे के पक्ष में नहीं हैं। सभी वामदलों का की राय है कि एक सशक्त मोर्चा रहे इसमें सारे लोकतांत्रिक, सेक्यूलर दल रहें। जिससे हम एनडीए को परास्त कर सकें।

■ न्यूज गैलरी

दहेज के लिये पत्नी को घर से निकाला, पति व सास, ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर। पत्नी से दहेज में 1 लाख रुपये मायके से लाने की बात कहकर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने की रिपोर्ट गंजथाने में दर्ज की गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने महिला के पति व ससुर सहित सांस के खिलाफ धारा 498 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मणबंध तालाब कोरबा निवासी पूजा पाल 23 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया की शादी रायपुर स्थित केलकरपारा गंज निवासी प्रेमपाल 28 वर्ष से 17 जनवरी 2017 में हिन्दु रीति रीवाज के अनुसार हुआ था। शादी के दिन से ही पति चरित्र लांछन लगाकर गाली-गलोच कर दहेज में 1 लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बनाने लगा। मायके वालों को इस संबंध में नही बताने पर पति व सास शोभापाल आयु 45,ससुर महेश पाल आयु 51 वर्ष ने एक राय होकर माहिला को घर से निकाल दिया जिसकी शिकायत गंज थाने में करने पर पति व उसके परिजनों को पुलिस द्वारा समझाईश दी गई थी। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थिया को गर्भवती होने पर घर से निकाल दिया व मायके भेज दिया। एक बच्ची को जन्म देने के बाद भी उसे ससुराल में नही रखा जा रहा है और उसके चरित्र पर आरोप लगाकर रुपये की मांग की जा रही है। कई बार मारपीट करने पर भी वह चुपचाप ससुराल में प्रताड़ना सहती रही लेकिन ससुराल पक्ष उसे रखने को तैयार नही है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

नकाबपोशों ने की घर में घुसकर युवक की हत्या,मर्ग कायम

रायपुर। नकाबपोश घर में घुसकर एक युवक की हत्या कर दिये वही बीच बचाव करने आई मां को गंभीर चोट आई है। घटना की रिपोर्ट सिमगा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 जुलाई की रात्रि 11 बजे के आस-पास ग्राम केसदा बिलाडी रोड स्थित मकान में रितेश वर्मा 25 वर्ष पिता रामकृष्ण वर्मा को 4 अज्ञात नकाबपोशों ने घर घुसकर हत्या करने की नियत से राड एवं अन्य हथियार से मारपीट किया,मारपीट होता देख बीच - बचाव करने आई मृतक की मां शकुन वर्मा के हाथ में गंभीर चोट पहुंचा है। मृतक के परिजन व गांव के अन्य लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गये। मृतक व उसकी मां ईलाज के लिये सिमगा अस्पताल ले जाया गया वहां से डाक्टरों ने उसे रायपुर मेकाहारा रिफर कर दिया,जहां उसकी मृत्यु हो गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक कड़ी बनकर उभरीं बैंक सखियाँ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर/ दुर्ग। संकट के समय में ही शक्ति की असल परीक्षा होती है। ऐसे ही विश्वव्यापी कोविड संकट में छत्तीसगढ़ की आर्थिक मजबूती के लिए हाथ बंटाकर बैंक सखियों ने खुद को साबित किया है। मनरेगा श्रमिकों का भुगतान हो, बुजुर्गों और निःशक्तों को पेंशन का भुगतान करना हो या किसी ग्रामीण को अपने खाते से रुपए निकलना हो बैंक सखियाँ ने अपनी सेवाएं दी है। इस कारण लॉकडाउन के दौरान ग्रामीणों को न रूपए-पैसे की दिक्कत हुई और न ही उन्हें बैंक की शाखाओं की ओर रुख करना पड़ा। इससे बैंकों में भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मदद मिली।

छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों की तरह दुर्ग जिले में भी बैंक सखियों ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। यहां 41 महिलाएं बैंक सखी के रूप में काम कर रही हैं। इन्हें पंचायत विभाग की बिहान योजना के तहत बैंकिंग लेन-देन संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया है। इनके माध्यम से अब तक 5 करोड़ रुपए का लेनदेन हो चुका है। इन्होंने पिछले एक महीने में मनरेगा के 4.43 करोड़ रुपए सहित पेंशन और जनधन खाताधारकों को 5 करोड़ रुपए का भुगतान किया

गया है। ग्राम पंचायत केसरा की 12 वीं तक पढ़ी बैंक सखी अंजू ने ग्रामीणों को जिले में सबसे ज्यादा करीब 48 लाख रुपए का भुगतान किया है। वह जनधन योजना के एक हजार 695 खाता धारकों को 10.59 लाख रूपए, बैंक जमा लेन-देन के तहत 9 लाख रुपए, मनरेगा के तहत श्रमिकों को भुगतान करीब 27 लाख रूपए, पेंशन के 93 हितग्राहियों को 65 हजार रूपए का भुगतान कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने बिजली बिल और अन्य भुगतान के लिए करीब 60 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन किया है। उनकी ही तरह पाटन जनपद के ग्राम खम्हरिया की श्रीमती गायत्री यदु ने एक महीने में लोगों को करीब 30 लाख रुपए का भुगतान किया है। गायत्री बताती हैं बैंक सखी बनने से गाँव और परिवार में सम्मान बढ़ गया है। इस काम में लोगों की दुआएं भी मिलती हैं, इससे वह काफी खुश हैं।

जिला पंचायत सीईओ श्री सच्चिदानंद आलोक ने बताया कि गांवों में बैंक सखियों के माध्यम से बैंकों की सुविधा पहुंचाने की पहल बहुत उपयोगी साबित हुई है। इसके माध्यम से ग्रामीण हर दिन लगभग पांच लाख रुपए का आहरण कर रहे हैं। हर लेनदेन लिए सखियों को बैंक के द्वारा कमीशन दिया जाता है। ग्रामीणों के लिए यह वरदान की तरह है। इसके न न सिर्फगांवों में आर्थिक मजबूती आई है बल्कि बैंक सखी बनकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

सीएम और मंत्रियों के निर्माणाधीन आवासों में तेजी लाएं : मंत्री साहू

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज नवा रायपुर के सेक्टर-24 में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निर्माणाधीन आवास की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आवास निर्माण की विस्तृत ड्राइंग का

लोक निर्माण मंत्री ने नवा रायपुर में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

अध्ययन किया और प्रमुख अभियंता को गुणवत्ता के साथ आवास निर्माण में तेजी लाते हुए अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री साहू समय-समय पर नवा रायपुर में निर्माणाधीन आवासों का अवलोकन कर प्रगति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने विधायक आवास गृहों का भी निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता व्ही.के. भतपहरी सहित विभागीय अधिकारी और ठेकेदार उपस्थित थे।

अजीत जोगी की जाति को लेकर लगाई गई याचिका खारिज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के परिवार में लंबे समय के बाद एक खुशी की खबर आई है। स्व. जोगी की जाति को लेकर लगाई गई याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसके बाद अमित जोगी ने ट्वीट करते हुए इस फैसले को सत्यमेव जयते लिखते हुए संतोष जाहिर किया है। ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के निधन के पूर्व उनकी जाति को लेकर भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता नंदकुमार साय और संत कुमार नेताम ने याचिका लगाई थी। लंबे समय से चल रहे इस मामले में हाईकोर्ट ने आखिरकार इस याचिका को खारिज कर दिया गया है। इधर हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी व विधायक डॉ. रेणु जोगी और उनके पुत्र अमित जोगी ने हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास था कि अजीत जोगी के आदिवासी होने के गौरव और अस्मिता पर कभी आंच नहीं आएगी। अमित जोगी ने अपने ट्वीट में इस जीत को सत्यमेव जयते लिखा है। जोगी कांग्रेस के प्रवक्ता भगवानु नायक ने बताया कि 15 जुलाई को उच्च न्यायालय ने इस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है।

अमित जोगी ने ट्वीट कर कहा- सत्यमेव जयते

ओव्हरब्रिज निर्माण के चलते जीई रोड पर वाहनों की लग रही कतार

रायपुर। रायपुर दुर्ग के बीच कुम्हारी के पास बन रहे ओव्हरब्रिज के चलते जहां आवाजाही के लिए सड़क की चौड़ाई घट गई है। वहीं देर रात सड़क सकरी होने के कारण शाम से ही सड़कों पर लग रही लंबी वाहनों के कतार के चलते पिछले कुछ दिनों से आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उक्त क्षेत्र से लोकल ट्रेन बंद होने के कारण अधिकतर यात्री अपने निजी वाहनों से विभिन्न कामकाज के सिलसिले में रायपुर दुर्ग के बीच रोजाना सफर करते हैं घर वापसी के समय जहां वाहनों की कतार लगी रहती है वहीं रात के समय स्ट्रीट नहीं जलने के कारण बड़ी वाहन दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। छुटपुट दुर्घटना ओव्हरटेक के चक्कर में वाहनों के बीच अक्सर होती है। मानसूनी वर्षा होने के कारण सड़कों पर दोनों तरफ बरसाती पानी की निकासी नहीं होने के कारण अधिकतर वाहन चालक रात के समय गहरे अंधकार में सड़क नहीं दिखाई पड़ने के कारण गिरते पड़ते रहते हैं। दुर्ग रायपुर के बीच रोज सफर करने वाले विक्रम शुक्ला ने लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू से ओव्हरब्रिज का काम तेज गति से करवाने की मांग करते हुए वर्षा काल में लोगों की आवाजाही तत्काल सुगम करने बाबत जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है।

आपदा पीड़ितों को 25 लाख की आर्थिक सहायता

***रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों को राजस्व परिपत्र 6-4 के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह आर्थिक सहायता जिला कलेक्टरों के माध्यम से पीड़ितों को स्वीकृत की जाती है। बेमेतरा जिले के बेरला तहसील के ग्राम बहेरघट निवासी रीना निषाद की सर्प काटने से मृत्यु होने पर, तहसील बेरला के ग्राम सण्डी निवासी दुलेश्वरी की सर्प के काटने से, तहसील बेरला के ग्राम खर्रा निवासी आदर्श वर्मा की तालाब में डूबने से, ग्राम भिंभौरी निवासी शिवकुमार की तालाब में डूबने से, तथा तहसील नवागढ़ के ग्राम हाथाडांडू निवासी चितरेखा पाल की आग में जलने से मृत्यु होने पर परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।*

राज्य के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के आसार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। वहीं कुछ स्थानों पर तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो इस समय मानसूनी द्रोणिका पहलोदी, अजमेरी, गुना, उमरिया, अंबिकापुर, जमशेदपुर, दीर्घा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है तथा उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में 0.9 किमी की ऊंचाई पर बनी हुई है। वहीं कल बना चक्रवाती सिस्टम जो कि दक्षिणी उत्तरप्रदेश और इसके आसपास के इलाकों में सक्रिय था आज मध्य भाग और उत्तरी मध्यप्रदेश के साथ ही आसपास के इलाकों में 2.1 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। इन मौसमी तंत्र के प्रभाव के असर से आज राज्य के अनेक स्थाानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। पूर्व पश्चिम की विंड शियर जोन के कारण आज छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं पर भारी बारिश होने की संभावना है। इधर आज राजधानी में दोपहर में हुई अचानक बारिश से मौसम में पिुर से ठंडकता आ गई है।

एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने की जोगी परिवार से मुलाकात

रायपुर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज सुबह दिल्ली जाने के पहले सागौन बंगाल पहुंचे और जोगी परिवार से मुलाकात की। इसके बाद वे 9.30 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गए। अपने निजी कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कल राजधानी पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत से मुलाकात की थी। आज सुबह वे सीधे सागौन बंगला पहुंचे और स्व. अजीत जोगी के परिजनों से मुलाकात की। अमित जोगी ने ट्वीट कर लिखा-पापा के 5 दशकों के अभिन्न मित्र रहे मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने आज रायुपर निवास में मुझसे सौजन्य भेंट करके सांत्वना दी। पापा के जाने के बाद ऐसे चुनिंदा व्यक्ति बचे हैं जो मेरा मार्गदर्शन करसकते हैं। मुझे गर्व है कि दिग्विजय अंकल, जिन्होंने अपने जीवन में सदैव व्यक्तिगत सबंधों

कोरोना वारियर बनकर लौटा ट्रैफिक का जवान, हुआ फुलों से स्वागत

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। यातायात पुलिस के जवान ने कोरोना को मात देकर ड्यूटी पर वापसी की है। स्वस्थ होकर ड्यूटी पर लौटे आरक्षक तिलकराम का डीएसपी सहित अन्य साथियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बता दें कि यातायात थाना भनपुरी में तैनात आरक्षक तिलकराम ने 24 जून को सर्दी खांसी के लक्षण आने पर एम्स हॉस्पिटल में अपना कोरोना टेस्ट कराया था। 26 जून को कोरोना पॉजिटिव आने पर एम्स हॉस्पिटल रायपुर में उन्हें भर्ती किया गया।

2 जुलाई को एम्स हॉस्पिटल ने डिस्चार्ज किया और 14 दिन होम क्वारेंटाइन में रहने के निर्देश दिए गए। आरक्षक तिलकराम ने 14 दिन होम क्वारेंटाइन पूरा करने के बाद स्वस्थ होकर

आज 16 जुलाई को ड्यूटी ज्वाइन की। उनके उत्साहवर्धन और अन्य पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए यातायात पुलिस अधीक्षक सतीश ठाकुर और अन्य स्टाफ ने पुष्प वर्षा कर आरक्षक तिलक राम का स्वागत किया। उन्होंने अपील की कि कोरोना से डरना नहीं, इसे हराना है। मास्क पहनकर ही बाहर निकलें, सैनेटाइजर का प्रयोग करें, बार-बार साबुन या हैं। डवॉश से हाथ धोते रहें, सामाजिक और भौतिक दूरी बनाए रखें।

नई व्यवस्था स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने लागू किया नया रजिस्टर

अब इंटीग्रेटेड आरसीएच रजिस्टर 2.0 में दर्ज होगा गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का डाटा

■ पूर्व के रजिस्टर की तुलना में किए गए हैं कई बदलाव

■ स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया ऑनलाईन ट्रेनिंग

■ कार्यपालक निदेशक ने सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक व सिविल सर्जन को पत्र लिखकर दिया निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अब इंटीग्रेट आरसीएच (रेप्रोड्कटिव एंड चाइल्ड हेल्थ)रजिस्टर 2.0 में योग्य दंपति, गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं का डाटा तैयार किया जायेगा। स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने आरसीएच(प्रजनन शिशु स्वास्थ्य) रजिस्टर को अपडेट किया है और नये आरसीएच रजिस्टर लागू किया है। नये आरसीएच रजिस्टर में पुराने रजिस्टर की तुलना में कई बदलाव किए गए हैं, जिससे अब एएनएम आसानी से अपना कार्य कर सकेंगी। प्रजनन शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गाँव-गाँव गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की सेहत की जानकारी जुटाने के अलावा टीकाकरण और उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रही हैं। एएनएम स्वास्थ्य केंद्रों के अधीन गाँवों में टीकाकरण और संस्थागत प्रसव कराने के अलावा गर्भवतियों और नवजातों का सर्वे करती हैं। इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र पर आकर रजिस्टर में जानकारी दर्ज करती हैं एवं रजिस्टर को स्वास्थ्य केंद्र में जमा करती है फिर वहां के कंप्यूटर ऑपरेटर उस डाटा को आरसीएच पोर्टल पर अपलोड करते हैं।

इंटीग्रेटेड आरसीएच रजिस्टर में हुए हैं ये बदलाव

नए आरसीएच रजिस्टर की कुछ विशेषताएं है । पहला इसमें समरी शीट का प्रावधान किया गया है, जिससे पंजी के अंदर योग्य दंपत्ति, गर्भवती माता को दी जाने वाली सेवाओं को निर्धारित स्थान पर प्रविष्टि तथा समय-समय पर अद्यतन करने में आसानी होगी। दूसरा योग्य दंपत्ति, गर्भवती महिला के निबंधन के समय लाभार्थी स्टेटस का प्रावधान है, जिससे वास्तविक स्थिति के साथ सेवाओं को देने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता को आसानी होगी। तीसरा इंडेक्स का प्रावधान है, जिससे क्षेत्र अंतर्गत आने वाली योग्य दंपत्ति, गर्भवती माता की सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने तथा उसे अद्यतन करने में आसानी होगी। चौथा योग्य दंपत्ति, गर्भवती महिला, नवजात शिशु से संबंधित सभी प्रकार की सेवाओं को देने तथा उसे ट्रैक करने की सुविधा दी गई है। इन सब के साथ पीएनसी (प्रसव उपरांत देखभाल) एचबीएनसी(गृह आधारित नवजात देखभाल), मैटरनल डेथ(मातृ मृत्यु), न्यू नेटल डेथ(नवजात मृत्यु) तथा अन्य की ट्रैकिंग व्यवस्था का प्रावधान पंजी में दी गयी है । पुराने पंजी में उपरोक्त सुविधा व्यवस्थित नहीं होने के कारण स्वास्थ्य कार्यकर्ता को पंजी में योग्य दंपत्ति तथा गर्भवती माता को दी गई विभिन्न सेवाओं को अद्यतन करने कठिनाई होती थी। नए पंजी में पंजी संधारण में आ रही कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया गया है।

स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

नये इंटीग्रेटेड आरसीएच रजिस्टर को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए सभी मास्टर ट्रेनर को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गयी है। ट्रेनिंग में आरसीएच रजिस्टर और पोर्टल के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी जिसमें क्षेत्रीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, एचएमआईएस, सुपरवाइजर, आरसीएच के नोडल पदाधिकारी एसीएमओ, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक,जिला अनुश्रवण एंव मूल्यांकन पदाधिकारी, डीआरयू एंव संबंधित डेवलेपमेंट पार्टनर को मास्टर ट्रेनर के रूप में ट्रेनिंग दिया गया।

बाड़ियों में उगाई जाएंगी छत्तीसगढ़ी भाजियों की नयी किस्में

0-कृषि विश्वविद्यालय ने सी.जी. लाल भाजी -1 और सी.जी. चैलाई-1 किस्में विकसित की

0-इन किस्मों से केवल एक माह में हो सकती है प्रति एकड़ 60-70 हजार की आय

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के किसानों की बाडियों में अब इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा विकसित लाल भाजी और चैलाई भाजी की नवीन उन्नत किस्में उगाई जाएंगी। विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने लाल भाजी की नवीन किस्म सी.जी. लाल भाजी-1 और चैलाई की नवीन किस्म सी.जी. चैलाई-1 विकसित की हैं जो इन भाजियों की प्रचलित उन्नत किस्मों की तुलना में लगभग डेढ़ गुना अधिक उपज देने में सक्षम हैं। ये नवीन किस्में छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से इन भाजियों की जैव विविधता के संकलन तथा उन्नतीकरण द्वारा तैयार की गई हैं जो स्थानीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हैं। इन दोनों किस्मों से किसान केवल एक माह की अवधि में 60 से 70 हजार रूपए प्रति एकड़ की आय प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बीज उप समिति द्वारा इन दोनों किस्मों को छत्तीसगढ़ राज्य के लिए जारी करने की अनुशंसा की गई है।

छत्तीसगढ़ में भाजियों का विशिष्ट महत्व है। यहां भाजियों की विभिन्न प्रजातियों की बहुलता एवं विविधता होने के करण छत्तीसगढ़ की पूरे देश में अलग पहचान है। भाजियां यहां भोजन का अनिवार्य अंग है और प्रत्येक किसान अपने खेतों या बाडियों में भाजियां अवश्य लगाता है। इनमें पाये जाने वाले पाचन योग्य रेशे पाचन तंत्र को मजबूत बनाते हैं। भाजियां विभिन्न पोषक तत्वों यथा खनिजों एवं विटामिन से भरपूर होती हैं जिससे हमारे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है और रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है। छत्तीसगढ़ में भाजियों में भी लाल भाजी और चैलाई सर्वाधिक लोकप्रिय हैं।

कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित बीज उप समिति की बैठक में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की नवीन प्रजातियों को छत्तीसगढ़ राज्य में प्रसारित करने की मंजूरी दी गई। इन नवीन किस्मों में लाल भाजी की किस्म सी.जी. लाल भाजी-1 और चैलाई की किस्म सी.जी. चैलाई-1 प्रमुख रूप से शामिल हैं। सी.जी. लाल भाजी-1 छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक उपज देने वाली लाल भाजी की किस्म है जो अरका अरूणिमा की तुलना में 43 प्रतिशत तक अधिक उपज दे सकती है। यह कम रेशे वाली स्वादिष्ट किस्म है जो तेजी से बढ़ती है तथा जिसका तना एवं पत्तियां लाल होती है।

संपादकीय

कोरोना के खिलाफ जंग तेज हो

भारत में कोरोना वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है, पिछले 24 घंटों के दौरान रिकार्ड 32 हजार नए मामले सामने आए है और 600 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। देश में कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है जो अब 9,68,000 से अधिक हो गई है, बहुत जल्द कोरोना संक्रमितों की संख्या 10 लाख के पार चली जाएगी। इस समय भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कोरोना संक्रमित देश बन चुका है। पहले नंबर पर अमेरिका और दुसरे नंबर पर ब्राजील है, यदि भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण को सामुदायिक संक्रमण के रूप में बदलने से रोकने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले कुछ माह के बाद भारत में स्थिति भयावह रूप धारण कर सकती है। महाराष्ट्र, दिल्ली और तामिलनाडु के बाद अब बिहार में भी कोरोना बेकाबू हो गया है। बरसात के मौसम में कोरोना वायरस के संक्रमण के और ज्यादा फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। केन्द्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारों को चाहिए कि वे कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गए है उसका कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चि करें। गौरतलब है कि अनलॉक होन के बाद से कई राज्यों में कोरोना वायरस ने तेजी से पांव पसारना शुरू कर दिया है। इसकी एक बड़ी वजह यही है कि लोग सरकार के दिशा निर्देशों की अव्हेलना कर रहे है। सार्वजनिक स्थलों पर अनावश्यक भीड़ लग रही है सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो रहा है और न ही लोग मास्क पहनना जरूरी समझ रहे है। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। पुलिस को इसके लिए विशेष अधिकार दिए जाएं और जो लोग भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे है और बगैर मास्क लगाए घूम रहे है उनके खिलाफ भारी भरकम जुर्माने की कार्यवाही होनी चाहिए तभी ऐसे लोगों की अक्ल ठिकाने आएगी। यदि सरकार ने सख्ती नहीं बरती तो कोरोना वायरस का संक्रमण और तेजी से फैलेगा। स्थिति अगर एक बार बेकाबू हो गई तो फिर कोरोना वायरस के प्रकोप से बच पाना मुश्किल हो जाएगा। अब जरूरत इस बात की है कि कोरोना के खिलाफ जंग को तेज किया जाए।

विचार

हमें अपने ढोंगी लोकतंत्र पर गर्व है

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

राजस्थान में चल रहे दंगल से हमारा देश कोई सबक लेगा या नहीं ? यह सवाल सिर्फ कांग्रेस के संकट का नहीं है बल्कि भारत के लोकतंत्र के संकट का है। जैसे आज कांग्रेस की दुर्दशा हो रही है, वैसी ही दुर्दशा भाजपा तथा अन्य प्रांतीय पारिवारिक पार्टियों की भी हो सकती है। भारत का कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की महान पार्टी कांग्रेस दिनोंदिन एक खंडहर में बदलती जा रही है। ऐसा क्यों हो रहा है ? इसके बीज इंदिरा गांधी के कार्यकाल में बोए गए थे। ज्यों ही 1969 में कांग्रेस में फूट पड़ी और इंदिरा कांग्रेस की नींव डली, भारत के लोकतंत्र पर पाला पड़ना शुरु हो गया। देश में बाकायदा तानाशाही तो नहीं आई सोवियत संघ और चीन की तरह एक पार्टी राज तो कायम नहीं हुआ और न ही पाकिस्तान की तरह फौजी तानाशाही काबिज हुई लेकिन उससे भी ज्यादा खतरनाक प्रवृत्ति शुरु हो गई। ऊपर मुखौटा तो लोकतंत्र का रहा लेकिन असली चेहरा तानाशाही का रहने लगा। कांग्रेस की सारी सत्ता इंदिरा गांधी और संजय गांधी के हाथों में केंद्रित हो गई। कांग्रेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई। कांग्रेस की देखादेखी लगभग हर प्रांत में क्षेत्रीय नेताओं ने अपनी-अपनी पारिवारिक और जातीय पार्टियां खड़ी कर लीं। सिर्फ भाजपा ही ऐसी पार्टी बच गई, जिसमें किसी एक नेता या गुट का एकाधिकार नहीं था। वह 2014 में सत्तारुढ़ हुई तो वह भी कांग्रेस के नक्शे-कदम पर चल पड़ी। जैसे कांग्रेस आज मां-बेटा पार्टी है, भाजपा भाई-भाई पार्टी है। सोनिया और राहुल की टक्कर में नरेंद्र और अमित खड़े हैं। सारे प्रांतों में बेटा-दामाद, भाई-भतीजा, पति-पत्नी, बाप-बेटा, बुआ-भतीजा पार्टियां खड़ी हो गई हैं। सभी पार्टियां जेबी पार्टियां बन गई हैं। इन सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय पार्टियों का सबसे बड़ा दोष यह है कि इनके नेता पार्टी में अपने अलावा किसी अन्य को उभरने नहीं देते। हर पार्टी का नेता खुद को इंदिरा गांधी बनाए घूमता है। जबकि इंदिराजी जैसे विलक्षण गुणों का उनमें सर्वथा अभाव होता है। सारी पार्टियां प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों में बदल गई हैं। पार्टी में आतंरिक लोकतंत्र शून्य हो गया है। कोई योग्य व्यक्ति शीर्ष पर नहीं पहुंच सकता। प्रतिभाएं दरकिनार कर दी जाती हैं। देश की बागडोर कमतर और घटिया लोगों के हाथ में चली जाती है। ये घटिया नेता जब मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की कुर्सियों में बैठ जाते हैं तो इन्हें योग्य और निडर लोगों से डर लगने लगता है। इनकी हीनता ग्रंथि रिसने लगती है। ये अपने से भी घटिया लोगों की संगत पसंद करने लगते हैं। जी-हुजूरों से घिरे ये महान नेता लोग या तो बाकायदा आपात्काल घोषित कर देते हैं या फिर अपने साथियों पर अघोषित आपात्काल थोप देते हैं। वे तो सत्ता में बने रहते हैं लेकिन देश का पत्ता कट जाता है। अपने ढोंगी लोकतंत्र पर हम गर्व करते हैं लेकिन हम यह क्यों नहीं देखते कि हमारी ही तरह जेबीतंत्र चीन में चल रहा है और जो हमसे पीछे था, अब उसकी अर्थ-व्यवस्था हमसे पांच गुना अधिक मजबूत हो गई है। इस जेबीतंत्र को स्वस्थ लोकतंत्र कैसे बनाएं, इस पर हम विचार करें।

सचिन पायलट के पास सीमित विकल्प

उपेन्द्र प्रसाद

ये सब तकनीकी मामले हैं। राजनैतिक मामला यह है कि सचिन पायलट की राजनीति संकट में आ गई है। जो विधायक उनके साथ अब तक दिख रहे थे, उनमें अनेक अपनी सदस्यता बचाने के लिए अशोक गहलौत से माफी मांग लेंगे या उलटे सचिन पायलट पर ही आरोल लगा देंगे कि उन्हें जबर्दस्ती मनेसर में रखा गया था और वे चाहते हुए भी बैठक में नहीं आ सके। जाहिर है, सचिन पायलट अकेले पड़ते जाएंगे और अपनी विधायकी बचाने के उनके सामने लाले पड़ जाएंगे। आज न कल, उन्हें दल बदल विरोधी कूनन के दायरे में आना ही पड़ेगा। ऐसी स्थिति में उनके सामने एक विकल्प है भाजपा में शामिल हो जाना। लेकिन वे इससे इनकार कर चुके हैं। भाजपा में जाकर उनकी राजनैतिक मौत ही होनी है। उस पार्टी में उन्हें महत्व नहीं मिलेगा। उनके सामने उनके पास दूसरा विकल्प है अपनी एक क्षेत्रीय पार्टी बनाना, लेकिन यह उनके वश का नहीं है। इसका कारण यह है कि वे जमीन से जुड़े नेता कभी नहीं रहे। वे राजेश पायलट के पुत्र होने के कारण राजनीति में बड़े बड़े पदों पर रहे। उनके पिता राजेश पायलट भी जमीन से जुड़े नहीं थे। संजय गांधी और राजीव गांधी की दोस्ती के कारण वे राजनीति में मंत्री तक बन गए थे।

सचिन पायलट अषोक गहलौत की सरकार को तो संकट में डाल नहीं सके, अब खुद वे राजनैतिक संकट का सामना कर रहे हैं। वे कुछ दिन पहले राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष थे। अब वे उस पद से हटा दिए गए हैं। वे प्रदेश की सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। वहां से भी हटा दिए गए हैं। फिलहाल वे कांग्रेस से विधायक हैं और टोंक विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी विधायकी पर भी अब खतरा मंडरा रहा है। उनके साथ 18 अन्य कांग्रेस विधायकों की विधायकी भी खतरे में पड़ गई है। इस परिस्थिति में सचिन पायलट के पास अब बहुत ही सीमित विकल्प रह गए हैं। वे फिलहाल न्यायपालिका की शरण में हैं और राजस्थान विधानसभा के स्पीकर द्वारा दल बदल विरोधी कानून के तहत जारी किए गए नोटिस को कानूनी चुनौती दे रहे हैं। दलबदल विरोधी कानून के तहत सदस्यता समाप्त किए जाने के दो प्रावधान हैं। पहला प्रावधान तो यह है कि यदि खुलकर कोई यह कह दे कि जिस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर वह विधायक बना है, उस पार्टी को उसने छोड़ दिया है और इसकी सूचना स्पीकर को भी दे दे, तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। यही कारण है कि पार्टी छोड़ने वाले विधायक या संसद अपनी विधायकी और सांसदी से इस्तीफा भी पार्टी छोड़ने के साथ साथ दे देते हैं, ताकि स्पीकर को उन्हें नोटिस जारी करने की जहमत नहीं उठानी पड़े।

सदस्यता समाप्त करने का दूसरा प्रावधान यह है कि यदि कोई विधायक अपनी पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करता है और पार्टी उसके खिलाफ स्पीकर को शिकायत करती है, तब भी उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है। व्हिप विधानसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक या कोई अन्य सचेतक जारी करता है। व्हिप के तहत विधायकों को सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा जाता है और किसी विधेयक पर मतदान हो रहा हो, तो उसके पक्ष में या विपक्ष में मत डालने के लिए भी व्हिप जारी किया जाता है। यदि व्हिप का उल्लंघन करता है, तो मुख्य सचेतक या सचेतक स्पीकर को व्हिप उल्लंघन करने का हवाला देकर उस सदस्य की सदस्यता समाप्त करने को कहता है, तो सफाई का मौका देकर स्पीकर उस सदस्य की सदस्यता समाप्त कर देता है। हालांकि मुख्य सचेतक के पास यह अधिकार होता है कि स्पीकर के फैसले के पहले वह अपनी शिकायत वापस ले ले। ऐसा तब होता है, जब व्हिप का अनुशासन नहीं मानने वाले विधायक के खिलाफ पार्टी आगे कार्रवाई करने के अपने निश्चय को वापस ले ले।

वर्तमान मामले में भी सचिन पायलट सहित 19 कांग्रेसी विधायकों को व्हिप जारी कर विधायकों की बैठक में शामिल होने का कहा गया था। दा बैठकें हुई थीं और दोनों में व्हिप जारी किए गए थे। ये 19 विधायक दोनों बैठकों में न तो आए और न ही न आने का कारण बताया। अगर बैठक में न आने का कोई बहुत ही जरूरी कारण हो, जैसे सदस्य की अस्वस्थता या बैठक स्थल से बहुत दूर होना, तब तो पार्टी

सदस्यता समाप्त करने का दूसरा प्रावधान यह है कि यदि कोई विधायक अपनी पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करता है और पार्टी उसके खिलाफ स्पीकर को शिकायत करती है, तब भी उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है। व्हिप विधानसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक या कोई अन्य सचेतक जारी करता है। व्हिप के तहत विधायकों को सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा जाता है और किसी विधेयक पर मतदान हो रहा हो, तो उसके पक्ष में या विपक्ष में मत डालने के लिए भी व्हिप जारी किया जाता है। यदि व्हिप का उल्लंघन करता है, तो मुख्य सचेतक या सचेतक स्पीकर को व्हिप उल्लंघन करने का हवाला देकर उस सदस्य की सदस्यता समाप्त करने को कहता है, तो सफाई का मौका देकर स्पीकर उस सदस्य की सदस्यता समाप्त कर देता है।

को काई दिक्कत नहीं होती, लेकिन इन विधायकों ने अपनी अनुपस्थित के कारणों की सूचना तक देनी जरूरी नहीं समझी। इसलिए उनके खिलाफ दल बदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की जा रही है। वैसे यह पहला मामला है, जिसमें पार्टी विधायकों को विधायक दल की बैठक में शामिल होने का व्हिप जारी किया गया है। इस तरह की बैठकें सामान्य सूचना देकर ही की जाती रही हैं और व्हिप का इस्तेमाल सदन में उपस्थिति रहने और उपस्थित रहकर पार्टी लाइन पर मतदात के लिए ही किया जाता रहा है। यह शायद पहला मौका है, जब विधायक दल की बैठक में अनुपस्थित रहने के लिए दलबदल विरोधी कानून के तहत सदस्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है और न्यायालय ही फैसला करेगा कि क्या इन हालातों में उस कानून का इस्तेमाल किया जा सकता है।

ये सब तकनीकी मामले हैं। राजनैतिक मामला यह है कि सचिन पायलट की राजनीति संकट में आ गई है। जो विधायक उनके साथ अब तक दिख रहे थे, उनमें अनेक अपनी सदस्यता बचाने के लिए अशोक गहलौत से माफी मांग लेंगे या उलटे सचिन पायलट पर ही आरोल लगा देंगे कि उन्हें जबर्दस्ती मनेसर में रखा गया था और वे चाहते हुए भी बैठक में नहीं आ सके। जाहिर है, सचिन पायलट अकेले पड़ते जाएंगे और अपनी विधायकी बचाने के उनके सामने लाले पड़ जाएंगे। आज न कल, उन्हें दल बदल विरोधी कूनन के दायरे में आना ही पड़ेगा। ऐसी स्थिति में उनके सामने एक विकल्प है भाजपा में शामिल हो जाना। लेकिन वे इससे इनकार कर चुके हैं। भाजपा में जाकर उनकी राजनैतिक मौत ही होनी है। उस पार्टी में उन्हें महत्व नहीं मिलेगा। उनके सामने उनके पास दूसरा विकल्प है अपनी एक क्षेत्रीय पार्टी बनाना, लेकिन यह उनके वश का नहीं है। इसका कारण यह है कि वे जमीन से जुड़े नेता कभी नहीं रहे। वे राजेश पायलट के पुत्र होने के कारण राजनीति में बड़े बड़े पदों पर रहे। उनके पिता राजेश पायलट भी जमीन से जुड़े नहीं थे। संजय गांधी और राजीव गांधी की दोस्ती के कारण वे राजनीति में मंत्री तक बन गए थे। जाहिर है सचिन पायलट के पास ऐसा कोई आधार नहीं है, जिस पर खड़े होकर कोई पार्टी बनाएं। उन्होंने यदि किसी बड़े मुद्दे पर बगावत की होती, तो उस मुददे पर आंदोलन चलाकर एक पार्टी खड़ी कर सकते थे। लेकिन पार्टी से बगावत का जो कारण बता रहे हैं, वह हास्यास्पद है। वे कह रहे हैं कि वे विकास करना चाहते थे, लेकिन गहलौत ने विकास करने नहीं दिया। जनता की सेवा और विकास अब घिसे पिटे शब्द हो गए हैं। इसलिए सचिन के पास कांग्रेस में बने रहने के अलावा और कोई बेहतर रास्ता नहीं है। यह सच है कि उन्हें पार्टी में अब पुराना वाला महत्व नहीं मिले और अपमानित भी होना पड़े, लेकिन वे धैर्य के साथ अच्छे दिनों का इंतजार तो कर ही सकते हैं।

– (संवाद)

दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है हमारी सेना की गिनती

योगेश कुमार गोयल

उपरोक्त खाड़ियों के अलावा इस चीनी प्रोजेक्ट के तहत पाकिस्तान में ग्वादर और कराची बंदरगाह में मिलिट्री बेस, श्रीलंका में कोलंबो तथा नए पोर्ट हम्बनटोटा में आर्मी फैसिलिटी के अलावा बांग्लादेश के चटगांव में कंटेनर सुविधा बेस, म्यांमार में यांगून बंदरगाह पर मिलिट्री बेस की स्थापना इत्यादि शामिल हैं। चीन ने 12 जुलाई 2017 को अपना पहला विदेशी मिलिट्री बेस बनाने के लिए अपना एक युद्धपोत अफ्रीकी देश जिबूती के लिए रवाना किया था। उसके उस कदम से स्पष्ट हो गया था कि चीन भारत के पड़ोसी देशों में मिलिट्री बेस बनाकर समुद्र के रास्ते भी भारत को घेरने की योजना बना रहा है।बहरहाल, दोनों देशों के बीच पनप रहे तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने रूस से मिग-29, एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमान, एस-400 मिसाइल प्रणाली मंगाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

15 जून को गलवान में चीन ने धूर्तता से परिपूर्ण जो खूनी खेल खेला, उससे पूरी दुनिया परिचित है। हालांकि भारतीय जांबाजों ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया और उसके बाद चले बातचीत के दौर में दोनों देश सीमा से अपनी-अपनी सेनाएं पीछे हटाने को सहमत भी हो गए लेकिन मक्कारी तो चीन में कूट-कूटकर भरी है। इसीलिए तमाम वादों के बावजूद उसने गलवान से सेना को पीछे कर दूसरे हिस्सों में जमावड़ा शुरू कर दिया। इसी कारण सीमा पर तनाव की स्थिति बरकरार है। भारत-चीन के बीच 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी कई दशकों से तनाव का विषय बनी है। दो साल पहले डोकलाम विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुई कड़वाहट गलवान में चीन की धूर्तता के बाद काफी बढ़ गई है। दोनों एशिया की ऐसी महाशक्तियां हैं, जो अगर आपस में उलझी तो समूचे एशिया महाद्वीप में अस्थिरता फैलना तय है। वैसे तो भारत-चीन के बीच युद्ध की संभावनाएं बेहद कम हैं क्योंकि चीन आज भारत की सामरिक शक्ति को बखूबी जानता है। इसके अलावा भारत उसके लिए बहुत बड़ा बाजार है, जहां से वह अरबों डॉलर सालाना कमाता है, इसीलिए माना जा रहा है कि ऐसा करके वह पहले से चरामरायी अपनी अर्थव्यवस्था को संकट में नहीं डालेगा। वैसे चीन बेहद शातिर है, इसलिए वह कब क्या कदम उठाएगा, इसके बारे में कोई दावे से कुछ कहना सही नहीं होगा। फिलहाल एलएसी के पास दोनों देशों की सेनाएं तैनात हैं। दोनों के बीच लद्दाख में 14270 फुट की ऊंचाई पर स्थित 134 किलोमीटर लंबी पैंगोग सो झील सबसे बड़ा मुद्दा है। दरअसल वहां चीन द्वारा यथास्थिति को बदलने की साजिशें रची जा रही हैं।

चीन ने 1962 में जब धोखे से भारत पर हमला किया था, उस समय भारतीय सेना ऊंचाई वाले इस इलाके में युद्ध के लिए तैयार नहीं थी लेकिन अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन ने भी अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और अगर युद्ध हुआ तो भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स

तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती। चीन ने जहां 1979 में वियतनाम युद्ध के बाद से युद्ध की क्रूरता का अनुभव नहीं किया है, वहीं भारतीय सेना को सीमित और कम तीव्रता वाले संघर्षों में महारत हासिल है। कश्मीर में भारतीय सेना आतंकवाद और पाकिस्तान से लंबे अरसे से अघोषित युद्ध में संघर्षरत है। वैसे वियतनाम युद्ध में भी चीन को महीने भर के युद्ध के बाद मुंह की खानी पड़ी थी।

रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत-चीन सीमा की भौगोलिक स्थिति भी भारत के पक्ष में है। दरअसल अगर युद्ध होता है तो चीन के जे-10 और जे-11 लड़ाकू विमान तिब्बत के ऊंचे पठार से उड़ान भरेंगे, जिससे न तो ऐसे विमानों में ज्यादा ईंधन भरा जा सकता है और न ज्यादा विस्फोटक लादे जा सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक चीनी वायुसेना हवा में ही अपने विमानों में ईंधन भरने में भी उतनी सक्षम नहीं है, जितनी भारतीय वायुसेना। एक अध्ययन के अनुसार तिब्बत तथा शिनजियांग में चीनी हवाई ठिकानों की अधिक ऊंचाई तथा कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण चीनी लड़ाकू विमान अपने आधे पेलोड और ईंधन के साथ ही उड़ान भर सकते हैं जबकि भारतीय लड़ाकू विमान पूरी क्षमता के साथ हमला कर सकते हैं। हालांकि चीन के पास भारत से ज्यादा लड़ाकू विमान हैं लेकिन भारतीय लड़ाकू विमान सुखोई 30एमआई का उसके पास कोई तोड़ नहीं है, जो एक साथ 30 निशाने साध सकता है। चीन के पास सुखोई 30 एमकेएम है लेकिन वह एक साथ केवल दो ही निशाने साध सकता है। भारत एशिया तथा प्रशांत सागर को जोड़ने वाले व्यापारिक मार्ग को जोड़ता है और भारत ने इस क्षेत्र में भी अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

चीन 'स्ट्रिंग्स ऑफ पर्ल्स प्रोजेक्ट' के तहत भी भारत को चारों ओर से उसी की सीमा के भीतर घेरने की कोशिश कर रहा है। पेंटागन की एक रिपोर्ट के अनुसार में 'स्ट्रिंग्स ऑफ पर्ल्स' समुद्र में पाए जाने वाले मोती नहीं हैं बल्कि दक्षिण चीन सागर से लेकर मलक्का संधि, बंगाल की खाड़ी और अरब की खाड़ी तक अर्थात् पूरे हिन्द महासागर में बंदरगाह, हवाई पट्टी, निगरानी-तंत्र इत्यादि सामरिक ठिकाने तैयार करना है। हालांकि रिपोर्ट के अनुसार कहने को चीन ये ठिकाने अपने ऊर्जा-स्रोत और तेल से भरे जहाजों के समुद्र में आवागमन की सुरक्षा के लिए तैयार कर रहा है लेकिन वास्तव में उसकी मंशा यही है कि जरूरत पड़ने पर इन सामरिक ठिकानों को सैन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हां तुम मेरी सहेली हो

हां तुम मेरी सहेली हो हाँ तुम मेरी हमजोली हो हो अनदेखी अनजानी पर दिल के बहुत करीबी हो तुम संग न खेली गुड्डा गुड़िया न ही झूले पर पींग बढ़ाया न खेली छुपन छुपाई संग बचपन हम सब का था एक ही जैसा । उस बचपन को जब याद करे तुम अपना हम अपना करे पुरानी एलवम की तस्वीरों मे एक ही सा एहसास करे हाँ तुम मेरी सहेली हो पक्की वाली हमजोली हो। – **शिखा लाहीरी**

रामायण तो हम सभी

रामायण तो हम सभी ने देखें है? पर कही भी राजा दशरथ ने प्रभु श्री राम को इंगित कर कहा हो की ---इ हमर छोरा हरू ---या फेर श्री राम ने भी कही तो ये नही कहा है ,लव कूश को इंगित कर की इ दूनो हमर छोरा हरू फीर औली ने कैसे कहा की श्री रामजी नेपाली थे। - **परेश स्वर्णकार**

खास पाती | आज हमें भी गुनगुनाने का

आज हमें भी गुनगुनाने का मन करता है, कुछ पल यूँ ही बिताने का मन करता है । तुम साथ दो गर,अनुराग छलकने लगेगा, आज सुर-ताल मिलाने का मन करता है । जीवन के झंझावतों से निकल आएं प्रिये, कुछ हंसने और हंसाने का मन करता है । चलो नीले गगन तले कुछ पल भ्रमण करें, आसमानी रंग में रंग जाने का मन करता है । हरित चूनर ओढी वसुंधरा को देखो जरा, झूम-झूम पवन संग गाने का मन करता है । सुख-दुःख तो यूँ ही आता-जाता है 'पूनम' भूलकर दर्द खिलखिलाने का मन करता है। – **पूनम झा**

चुप्पी और शोर के बीच जब

चुप्पी और शोर के बीच जब चुनना हो कोई एक विकल्प तब चुन लेना चाहिए चुप्पियों को क्योंकि शोर में अक्सर अपनी ही आवाज़ अजनबीयत की पैरवी करती नज़र आती है लेकिन जब अटा पड़ा हो सारा आसमान गहरे , बहुत गहरे ख़ामोशियों के स्याह रंग से और भारी हो रहीं हो सांसें चुप्पियों के मुर्दापन से तब बोलो , खूब बोलो इतने प्रश्न करो कि प्रश्नों की धार से कट जाए चुप्पिओं का हर इक रेशा कि और कोई विकल्प अब रहा नहीं..! - **आभा खरे**

साबुनदानी में नहाने का साबुन घिसकर

साबुनदानी में नहाने का साबुन घिसकर कृशकाय हो जाता है। अब उसी ब्रांड की रखी नई बट्टी,एक प्रयोग के बाद एक-दूसरे से आत्मीयता के साथ चिपक जाती है।दूसरे ब्रांड का होने पर वह आत्मीयता नहीं रहती।वैयक्तिक, पारिवारिक, और सामाजिक संस्कार भी वरिष्ठ पीढ़ी अगले पीढ़ी को दे कर विलीन हो जाती है। - **शेष अमित**

क्या है न सभी देश के प्रमुख

क्या है न सभी देश के प्रमुख मुखिया का अपनी अपनी जनता से कोरोना ध्यान भटकाऊ कार्यक्रम चल रहा है,इसी सिलसिले में नेपाल के प्र.मं. ने जनता को भटका दिया और रामजी को अपने देश मे ही पैदा कर डाला?? अरे साबजी भटकाना था तो अच्छे से... हमारे यहाँ के कंस,हिरण्यकश्यप,भस्मासुर महिसासुर को ही पैदा किये होते लई जाते कोनो रोकय थोड़े ही है साबजी।- **शत्रुंजय तिवारी**

राम जी नेपाली थे इसमें ना मुझे

राम जी नेपाली थे इसमें ना मुझे कोई आश्चर्य है ना हास्य प्रश्न ये है इस समूचे ब्राह्मणड में ऐसा क्या है जो राम जी नही हो सकते। तुलसी बाबा ने जगतवन्दना ही ये कह कर की है जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि। बंदउँ सब के पद कमल सदा जोरि जुग पानि॥ पशुपतिनाथ की भूमि कभी अजनाभखण्ड के विरुद्ध खड़ी नही होगी। यही होगा। - **कुलदीप वर्मा**

तेरा गम भी मुझको अजीज हैं

तेरा गम भी मुझको अजीज हैं। मेरा प्यार कितना अजीब है। कभी गौर कर मेरे साथिया मैं तेरी तू मेरा नसीब है। मेरी जिंदगी के हसीन पल मुझे मिल गए,मुझे मिल गए। वो पल भी खुशनसीब है जब तू मेरे करीब है। – **सविता वर्मा ग़ज़ल**

दुनियाँ में भरे पड़े है ऐसे लोग

दुनियाँ में भरे पड़े है ऐसे लोग... , जिन्हें कर के नहीं लेना, उन्हें तो बस मिलना चाहिए। सब कुछ..., मुफ़्त में मिलना चाहिए। जवाबदेही, ना जी ना। जवाबदेही नहीं। बाँकी सब कुछ। सब कुछ मुफ़्त में मिलना चाहिए।

– **राकेश मिश्रा**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) सायणाचार्य एवं माधवाचार्य जैसे प्रसिद्ध विद्वान किस सम्राट् के दरबार से संबद्ध थे? (क) अशोक (ख) कृष्णदेव राय (ग) पृथ्वीराज चैहान

2) महाराणा प्रताप किस राजपूत वंश के थे? (कछवाहा / सिसौदिया)

3) निम्न में कौन पराक्रमी वीर महाराजा रणजीत सिंह का सेनापति था? (क) ऊदल (ख) महादजी सिंधिया (ग) हरिसिंह नलवा (घ) वीर वैरागी

4) बाइबिल का सर्वाधिक लोकप्रिय चरित्र कौन-सा है?

5) किस प्रकार के प्राणी में एक शेर का सिर, एक बकरी का शरीर और एक सर्प की पूंछ होती है?

उत्तरमाला- (1) कृष्णदेव राय (2) सिसौदिया (3) हरिसिंह नलवा (4) यीशु मसीह (5) किमेरा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1893 - इंग्लैंड के आर्थर श्रेव्सबरी टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने। 1906 - क्लेमेंट आर्मंड फैलिएरेस फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए। 1919 - फिनलैंड में संविधान को अंगीकार किया गया। 1929 - सोवियत संघ ने चीन के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किए। 1944 - अमेरिका में कैलिफोर्निया के समीप गोला बारूद से लदे दो जहाजों में विस्फोट होने से 322 लोगों की मौत हो गयी। 1948 - देश में महिलाओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा समेत किसी भी तरह की नागरिक सेवाओं के लिए पात्र घोषित किया गया। 1968 - इराक़ में अहमद हसन अलबक्र के नेतृत्व में विद्रोह करके बास पार्टी ने सत्ता पर क़ब्ज़ा कर लिया।

न्यूज गैलरी

8 अवैध निर्माण में लगाया ताला

दुर्ग। निगम द्वारा आज नयापारा रोड सामुदायिक सासंस्कृतिक भवन के पीछे शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को जेसीबी से गेट और बाउंड्रीववाल को तोड़कर अंदर के 8 अवैध निर्माण में ताला लगाया और पंचनामा बनाकर आस.पास के लोगों का बयान दर्ज कर प्रकरण तैयार किया है। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ला, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, उपअभियंता विनोद मांझी, अतिक्रमण प्रभारी शिव शमा, ओर उनकी टीम व निगम के अन्य कर्मचारी और दुर्ग थाना के पुलिस बल मौजूद था।

दर्शन ने बढ़ाया शहर का गौरव

दुर्ग। दर्शन जैन ने सीबीएसई कोर्स के दसवीं में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त शहर का मान बढ़ाया है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने ऋषभ ग्रीन सिटी कालोनी पहुँच कर दर्शन के निवास में जाकर मुलाकात की एवं उसे बधाई दी। दर्शन के पिता किशोर जैन एवं माता सुनीता जैन से भी मुलाकात कर उनके बच्चे की इस उपलब्धि के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दी। शहर विधायक अरुण वोरा ने भी फोन कर दर्शन जैन व उनके पिता किशोर जैन को शुभकामनाएँ दी। एमआईसी प्रभारी ऋषभ जैन, अब्दुल गनी, मनदीप सिंह भाटिया एवं अन्य एमआईसी प्रभारियों व अनेक लोगों ने घर जाकर दर्शन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वेयर हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष बने वोरा, माना आभार

जनहितैषी योजनाओं को पूरा करने रहूंगा तत्पर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वेयर हाउसिंग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण वोरा ने कहा कि उन्हें मिली नई जिम्मेदारी का वे पूरी सक्रियता से निर्वहन करते हुए अपने विभाग के साथ.साथ प्रदेश सरकार की हर जनहितैषी योजना का लाभ प्रदेश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। वोरा ने छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा ने 180 माह तक प्रदेश में शासन किया। इस दौरान किसान, युवा, मजदूर बेरोजगार हर किसी के साथ छल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी का 18 महीनों की सरकार से हिसाब मांगना शुद्ध राजनीति से प्रेरित दुर्भाग्यजनक है। भूपेश सरकार ने जन घोषणा पत्र के 36 में से 22 वादों को 18 माह में ही पूरा कर दिया है।

सर्वहारा वर्ग के हितों के अनुरूप सरकार काम कर रही है। कर्जमाफी से लेकर बोधघाट परियोजना तक सरकार की उपलब्धियां वृहद हैं। घोटाला और कमीशनखोरी अब बीते जमाने की बात बनकर रह गई है। वोरा ने कहा कि मुद्दाविहीन होने पर अनर्गल बातें करने की जगह आपदा काल में प्रदेश के जनमानस तक मदद पहुंचाने में भाजपा नेताओं को भागीदारी निभानी चाहिए। कोरोना संकट के दौरान भी सरकार के प्रबंधन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों से लेकर बस ऑपरेटरों तक सभी का ध्यान मुख्यमंत्री ने रखा है। लॉकडाउन के दौरान मनरेगा रोजगार व लघु वनोपज संग्रहण में राज्य पूरे देश में पहले नंबर पर रहा। पहली बार सरकारी स्कूल के छात्रों को भी पढ़ाई तुंहर द्वार के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाई का अवसर मिला। वोरा ने यह भी भरोसा दिलाया की सरकार अपने कार्यकाल में सभी वादे पूरे करेगी।

भारी उत्साह, जगह.जगह बांटी गई मिठाईयां

विधायक अरुण वोरा को छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन का अध्यक्ष बनाया है। गुरुवार को इस घोषणा की खबर पहुंचने से दुर्ग में खुशियों की लहर दौड़ उठी। फलस्वरुप वोरा समर्थकों ने जमकर मिठाईयां बांटकर अपनी खुशियों का इजहार किया और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया गया। नगर निगम कार्यालय में भी रहा। यहां महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, लोककर्म विभाग प्रभारी अब्दुल गनी, अंकेक्षण विभाग प्रभारी दीपक साहू, अलताफ अहमद, देवेश मिश्रा, अजय मिश्रा, अंशुल पाण्डेय सहित अन्य पार्षद बधाई देकर खुशियां मनाते नजर आए।

ट्रैफिक व्यवस्था को किया जाएगा दुरुस्त : एसपी ठाकुर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के नए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर से गुरुवार को प्रेस क्लब के सदस्यों ने उनके कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री ठाकुर ने चर्चा में कहा कि दुर्ग जिला वीआईपी जिला है। यहां कानून व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्थ करना बड़ी चुनौती है। इसके निराकरण को मैने अपने प्राथमिकताओं में शामिल किया है। आपसी समन्वय से योजना बनाकर पुलिस ने इस दिशा में कार्य भी शुरु कर दिए है। जिसके जल्द ही सार्थक परिणाम सामने आएंगे। इसके अलावा श्री ठाकुर ने साइबर अपराध पर भी शिकंजा कसने अपनी प्राथमिकता बताई। वहीं जनता से बेहत्तर समन्वय बनाकर अपराध नियंत्रण पर जोर दिया है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना नियंत्रण के लिए शासन. प्रशासन हरसंभव कार्य कर रही है। लेकिन इससे निपटने हमारी जवाबदारी भी बनती है। कोरोना से बचाव का मूलमंत्र सावधानी है। इसलिए जनता सतर्कता बरतते हुए शासन. प्रशासन के निर्देशों का पालन कर खुद सुरक्षित रहे और समाज को भी सुरक्षित बनाए।

कोरोना वायरस से खंदक की लड़ाई

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार कोरोना वायरस कोविड 19 के बचाव एवं नियंत्रण हेतु रिसाली निगम क्षेत्रांतर्गत वार्डो में शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर.घर सर्वे कर सर्दी, खांसी और कोरोना वायरस के लक्षणों वाले संदिग्धों की खोज युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसके लिए रिसाली निगम प्रशासन द्वारा टीमें गठित की गई है। जंहा पर हर वार्ड में दो सदस्यीय दो दलों की नियुक्ति की गई है। दलों द्वारा किये जा रहे घर.घर सर्वे की मॉनिटरिंग हेतु

निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जगरनाथ कुशवाहा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी कुशवाहा के बतायें अनुसार निगम क्षेत्र के सभी वार्डो के प्रत्येक घरों में सर्वे टीम द्वारा पड़ताल व जानकारी एकत्रीत की जा रही है। उक्त हेतु टीम द्वारा हर घर में पहुंचकर परिवार के मुखिया के अलावा सभी सदस्यों के नाम, उम्र, मो. नं और आय के श्रोत के साथ.साथ परिवार का कोई भी सदस्य अन्य राज्यों या विदेश यात्रा से लौटा है उसका भी अलग से ब्योरा तैयार किया जा रहा है। निगम क्षेत्र में सर्वे दलों द्वारा 8478 घरों का सर्वे कर 29673 परिवारिक सदस्यों की जानकारी इकट्ठी कर चुकी है। इस दौरान 29 व्यक्तियों को सर्दीए खांसी व बुखार होने की जानकारी अभिलेख में दर्ज की गई है। अपर कलेक्टर व निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने निगम क्षेत्र के रहवासियों से अपील की है कि सर्वे दलों द्वारा की जा रही सर्वेक्षण के दौरान परिवार के सदस्यों की सही जानकारी उपलब्ध करावें ताकि संदिग्धों को चिन्हाकिंत कर स्वयं एवं परिवार को कोरोना वायरस से बचाया जा सकें।

10 लाख से बनेगा बॉस्केट बाल कोर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव ने 10 लाख की लागत से बॉस्केट बाल कोर्ट और सड़क.23 स्थित प्रशांति मंदिर के मंच का डेढ़ लाख की लागत से प्रस्तावित जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन का कार्यक्रम वार्ड.67 बीएनएस स्कूल सेक्टर 8 परिसर में हुआ। जहां देवेन्द्र ने कहा कि बॉस्केट बाल का यह कोर्ट छात्रों के साथ खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर का साबित होगा। यहां नियमित अभ्यास कर खिलाड़ी अपने हुनर को निखार सकेंगे। कहा कि शहर में बॉस्केट बाल, वालीबाल,

फुटबाल, हॉकी, क्रिकेट सहित अन्य खेलों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। उनके मार्गदर्शन में खेलों को बढ़ावा देने के लिए नॉर्म्स के मुताबिक इनडोर और आउटडोर खेल मैदान को सुव्यवस्थित एवं विकसित किया जा रहा है। मैदान या कोर्ट की कमी की उनके कॅरियर में कभी बाधक न बनें। वहीं भिलाई नायर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने उनकी मांगों को विधायक निधि से स्वीकृति देने के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में महापौर परिषद सुभद्रा सिंह, पार्षद शाहीन अख्तर, एल्डरमेन नरसिंह नाथ, मोहनीश शर्मा, लालचंद वर्मा, राजेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

केंद्रीय विद्यालय का परिणाम बेहतर

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। केंद्रीय विद्यालय बीएमवाय चरोदा ने एक बार फिर सीबीएससी बोर्ड परीक्षाओं में कीर्तिमान स्थापित किया है। कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम उच्च गुणवत्ता के साथ 100 प्रतिशत रहा । कक्षा 12 वीं में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय को मिलाकर कुल 58 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमे विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। मास्टर पलाश दास ने 95.2 अंकों के साथ प्रथम, आँचल शर्मा 95 के साथ द्वितीय एवं मानसी साहू और मास्टर राहुल सिंह 912 अंक के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 81 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी एवं सभी उत्तीर्ण रहे। मास्टर जयप्रकाश 97.6 प्रतिशत के साथ प्रथम अफ़ज़ल 93.8 द्वितीय एवं विधि 91.6 तृतीय स्थान पर रही। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के प्राचार्य वी अरोरा ने विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों को मिलेगा लाभ : महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा निगम की राष्ट्रीय शहर आजीविका सिटी मिशन कार्यालय की बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने शहरी पथ विक्रेताओं को आत्म निर्भर बनाने की योजना पर चर्चा किये। बैठक में आयुक्त इंद्रजीत बर्मन, राजस्व प्रभारी ऋषभ जैन, बैंकर्स मनीष कुमार, राज केनरा बैंक, यूको बैंक, सुरेश राजपूत जिला सहकारी बैंक, एमके सिंग,

एमके त्रिपाटी इंडियन बैंक सहित सेन्ट्रल बैंक, ग्रामीण बैंक तथा एनयूएलएम के मैनेजर मुक्तेश व अन्य लोग उपस्थित थे। महापौर बाकलीवाल ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका सिटी मिशन की बैठक लेकर कहा कि शहर में सैकड़ों की संख्या में लोग सड़क किनारे पसरा, ठेला, रेहड़ी लगाकर छोट.मोटे व्यवसाय करते हैं और जीवन चलाते हैं । ऐसे लोगों को योजनाओं का लाभ देना हमारा दायित्व है। उन्होनें कहा शासन द्वारा पं. दीपदयाल उपाध्याय शहरी पथ विक्रेता आत्म निर्भर योजना की शुरुआत की गई है। जिसके माध्यम से प्रत्येक हितग्राहियों को 10 हजार तक का ऋण प्रदान किया जावेगा। उन्होनें बैंकर्स प्रतिनिधियों को निर्देशित कर कहा कि गरीब हितग्राहियों को आत्म निर्भर बनाने शासन की योजना का लाभ में सहयोग प्रदान करें। शहर के ऐसे गरीब व्यवसाय करने वालों को चिन्हित करें ताकि उन्हे योजना का लाभ दिलाया जा सकें।

महिलाओं के लिए बनेगा विशेष गार्डन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम के सभी जोन क्षेत्र में विशेष उद्यान बनाया जा रहा है। जहां केवल महिला और युवतियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। इसे पिंक गार्डन के नाम से जाना जाएगा। महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव व आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने महिलाओं की सुविधा के अनुसासर पिंक गार्डन बनाने का निर्णय लिया है। सभी जोन क्षेत्र में उद्यान के लिए प्रस्तावित जमीन को पिंक गार्डन के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल पांच जोन है। सभी जोन में एक.एक उद्यान को पिंक गार्डन के रूप में संवारा जाएगा। इन वार्डों में बनेगा पिंक गार्डन जोन 1 वार्ड 3 लाल बहादुर शास्त्री उद्यान, जोन 2 वैशाली नगर ट्राइयंगल पार्क, जोन 3 सेक्टर 1 सड़क.14 स्थित उद्यान, जोन 4 के वार्ड 38 चंद्रमा चौक खुर्सीपार व जोन 5 के वार्ड 54 सेक्टर 5 सड़क 41 व 42 के मध्य स्थित उद्यान को पिंक उद्यान के रूप में विकसित किया जाएगा। इन उद्यानों को तैयार करने में 2.90 लाख खर्च करेगा।

अभियान... डेंगू के प्रभाव से बचाने घर-घर के कूलरों का परीक्षण

आयुक्त ने लिया कालोनी क्षेत्र का जायजा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिला कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने मच्छर उन्मूलन एवं डेंगू नियंत्रण व रोकथाम के निर्देश दिए। इसी तारतम्य में निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने वार्ड 25 संतोषीपारा और बालाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण एवं जल जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान का जायजा लिया। निगम अधिकारियों के साथ वार्डों का भ्रमण कर सफाई और पानी की निकासी व्यवस्था की जानकारी ली। इस बीच बालाजी नगर वार्ड के घरों के कुलर की जांच भी उन्होंने समक्ष में करवाई। लोगों से टेमीफास दवा वितरण और परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ किए। सर्दी, खांसी, बुखार की शिकायत होने पर तत्काल नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में परीक्षण और डेंगू के लार्वा को पनपने से रोकने के लिए कूलर, पानी टंकी, गमले एवं जलजमाव वाले पात्रों को 2.3 दिन के अंतराल में सफाई करने एवं आवश्यकतानुसार टेमीफास् का उपयोग करने की सलाह दी। वहीं जोन आयुक्त और स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा को डेंगूए मलेरिया के बचाव के लिए आंगनबाड़ी और आरोग्य समिति के सहयोग से वार्डों में जागरूकता अभियान चलाने निर्देशित किए। सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए! निरीक्षण के दौरान लोगों को निगम की ओर से दी गई टेमीफास दवा का उपयोग करने के तरीके भी बताए गए। कूलर, पुराने टायर, गमला में जमा पानी नाली में सीधे बहाने के बजाय टेमीफास् का दो बूंद डालकर कुछ देर के लिए छोड़ने कहा गया ताकि लार्वा नष्ट हो जाए। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मच्छर उन्मूलन अभियान के अंतर्गत घर.घर टेमीफास का वितरण किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग उतई सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. गोविंद राम निवासी डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं अन्य के शामिलात नाम से मौजा डुमरडीह प.ह.न 41 स्थित भूमि खसरा नंबर 306 रकबा 1.020 हे. लगान 3.50 रु. वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के बहन सहखातेदार दुलारी बाई पिता स्व. गोविंद राम की मृत्यु दिनांक 07.02.019 को हो चुकी है। जिससे उनकी फौती दर्ज कर वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने एवं शेषखातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 24.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग उतई सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोनिष कुमार साहू पिता स्व. नारदलाल निवासी वार्ड 41 डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के पिता नारदलाल पिता मालिकराम एवं अन्य के शामिलात नाम से मौजा डुमरडीह प.ह.न 41 अ स्थित भूमि खसरा नंबर 191, 201/2, 834/2, 1326, 1491/2 कुल रकबा 1.03 हे. वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के पिता नारदलाल पिता मालिकराम की मृत्यु दिनांक 02.01.2014 को हो चुकी है। जिससे उनकी फौती दर्ज कर वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने एवं शेषखातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 24.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./482/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/ आवेदिका प्रेमलता/ योगेश्वर आ./ पति पुनीतराम साकिन पाउवारा के द्वारा ग्राम पाउवारा प.ह.न. 44 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 464, 548/1 रकबा 0.550, 0.320 हे. भूमि दानकर्ता पुनीतराम आ. स्व. गुहरी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.07.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 30.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 13.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार अग्रवाल पिता स्व. कृष्ण कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम पोलसायपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1075/1/भ रकबा 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार कृष्ण कुमार आ. बी.एल. अग्रवाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक के एल महेन्द्र आ. भेदीराम साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 74/1 रकबा 0.003 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता खोरबाहरिन बाई पिता/ पति स्व. सुंदरलाल से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.07.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./442/अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शकील खान पिता हकीम खान निवासी ग्राम सांकेत कालोनी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11/1 रकबा 0.041 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
ईश्हार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरप्रसाद पिता स्व. प्रहलाद जाति कुर्मी निवासी ग्राम कुथरेल विरुद्ध लीलाधर पिता स्व. प्रहलाद निवासी ग्राम कुथरेल तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोनारी प.ह.न 60 स्थित भूमि खसरा नंबर 307/1 रकबा 1.5100 हे. भूमि स्थित है। अनावेदक के नाम पर खसरा नं. 307/2 रकबा 1.4600 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि उभय पक्षकार की पैतृक भूमि है। नक्शे में अंकित खसरा नं. को सुधारकर 307/1 के स्थान पर 307/2 एवं 307/1 के जगह 307/2 अंकित किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 31.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-2/ 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक छ.ग. डिस्टलरीज लिमिटेड डायरेक्टर रमाकांत शुक्ला आ. स्व. बद्रीनाथ शुक्ला निवासी एमआईजी 2 ए/14 जवाहर नगर भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर खपरी प.ह.न. 51 में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 451/1 रकबा 2.99 हें/ 3221724 वर्गफीट भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
फर्द-प्रकाशन

रा.प्र.क्र./69/अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्रं. 69 अ-27 वर्ष 2018-19 आवेदक हेमराज पिता नंदलाल निवासी ग्राम कोनारी तहसील व जिला दुर्ग मौजा कोनारी प.ह.न. 29 स्थित भूमि खसरा नं. 63, 64, 67/1, 67/2, 67/3 रकबा 0.22, 0.20, 0.13, 0.11, 0.16 हे. भूमि हेमराज पिता नंदलाल, उत्तम पिता नंदलाल के नाम दर्ज है। खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका दिलाई जाने का प्रकरण न्यायालय में संचालित है।

हल्का पटवारी से फर्द प्रतिवेदन प्राप्त पक्षकारों के मध्य 1/2 हिस्सा में निम्नानुसार खाता विभाजन किया गया है जो इस प्रकार है :-

पक्षकार क्रं. 1 हेमराज पिता नंदलाल जाति तेली निवासी कोनारी			पक्षकार क्रं. 2 उत्तम पिता नंदलाल जाति तेली निवासी कोनारी		
ख.नं.	रकबा	लगान	ख.नं.	रकबा	लगान
67/1	0.130	रु.1.70	63	0.220	रु.1.79
67/2	0.160	--//-	64	0.200	--//-
67/3	0.110	--//-			

पक्षकारगण क्रमांक 01 से पक्षकार क्रमांक 2 एवं 3 तक के मौके पर उपस्थित होकर फर्द विभाजन प्रवितेन में हस्ताक्षर किया जाना प्रतिवेदित किया है।

अतएव फर्द प्रकाशन में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./1153/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैया ढीमर पिता अमोली ढीमर निवासी ग्राम शिवपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 549/1/न शामिल 549/2 व 534/19 रकबा 0.014, 0.009 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार हारबती पति अमोली ढीमर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं फरहा हलीम पति श्री जावेद अहमद उम्र 33 वर्ष निवासी एम.आई.जी. 774 वार्ड नं. 45 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) 491001 की हूं। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम किन्ही कारणों से फरहा नाज अंकित हो गया था जिसे सुधारकर अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में फरहा हलीम अंकित किया जावे।

अतः मेरे समस्त शैक्षणिक, अभिलेखों/ दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम फरहा हलीम सुधारकर पढ़ा जावे।

सो सूचना जाने।

शपथकर्ता
फरहा हलीम
पति श्री जावेद अहमद उम्र 33 वर्ष निवासी एम.आई.जी. 774 वार्ड नं. 45 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 491001

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बसंत देवी भुवाल पति लक्ष्मण सिंह भुवाल निवासी ग्राम शंकरनगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1264/38 रकबा 0.009 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार लक्ष्मण सिंह आ. बांके सिंह की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

भाटापारा (नव प्रदेश)। नगरपालिका में कांग्रेस की श्रीमती सुनीता गुप्ता के अध्यक्ष का कार्यभार सँभालने के बाद से ही शहर में छोटे बड़े कामो की शुरुवात शुरू हो चुकी है। बुधवार को नपा अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने गांधी मंदिर वार्ड मे बनने वाली सी सी नाली का भूमिपूजन किया। पूर्व एफसी आई गोदाम के पीछे वाले इलाके मे इस नाली का निर्माण होगा। वार्ड पार्षद और सभापति श्वेता अलोक मिश्रा की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा जिला सचिव सुनील गुप्ता सहित बहुत से वार्ड वासी उपस्थित थे।इस अवसर पर आलोक मिश्रा ने बताया कि इस नाली को बनाने की मांग काफी समय से वार्डवासी कर रहे थे ये कांग्रेस के नगरपालिका अध्यक्ष बनने के तुरंत बाद जनहित मे स्वीकृत किया गया और आज इसका कार्य शुरु कराया गया है ।जिला सचिव सुनील गुप्ता ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया के आशीर्वाद से शहर में लगातार जनहित के कार्य अनवरत चलते रहेंगे।

छात्रों के हितार्थ निर्णय का स्वागत-सुशील शर्मा

भाटापारा (नव प्रदेश)। छात्र छात्रओं और जनभागीदारी समिति की मांग पर प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम से मिलकर छात्राओ की समस्याओं के निराकरण करने का निवेदन किया जिस पर शिक्षा मंत्री ने तत्काल छात्रओं की समस्या पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुऐ शा शिवलाल मेहता उच्च. मा.विधायल में छात्रों के साथ ही साथ छात्राओ को कलास 6वी से 12वी तक प्रवेश देने की स्वीकृति प्रदान की,जिससे पालको और छात्राओ में हर्ष व्याप्त है। स्कूल प्रवेश की अनुमति दिए जाने पर, शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम,प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा,जिलाधीश सुनील जैन,जिलाशिक्षा अधिकारी ए के वर्मा का ह्दय से आभार व्यक्त किये है। आभार व्यक्त करने वालो में पालक संघ प्रमुख सोनू शर्मा,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्र साव,जनभागीदारी अध्यक्ष अशोक धुरुव, जिला सचिव सचिन शर्मा,विमल त्रिपाठी, पुनीत दास,लक्मी अजय पांडेय,प्रकाश देवांगन, विश्वनाथ साहू,,पूर्व जिला महामंत्री संतोष सोनी, सचिन अग्रवाल,श्रीमति संतोषी गेन्दू साहू,सोनू खान,अमित शर्मा,दीपक जैन,अदि प्रमुख है।

भाटापारा में आज से दुकानें सुबह 7 से शाम 7 बजे तक

भाटापारा (नव प्रदेश)। चेंबर ऑफ कॉमर्स,भाटापारा(इकाई) द्वारा नगर के सभी व्यापारी संघों की बैठक माहेश्वरी भवन में आहूत की गई।बैठक की जानकारी देते हुए चेम्बर के कार्यकारी अध्यक्ष तोरण दास महोदय ने बताया की कोरोना संक्रमण में व्यापार को सुरक्षित रूप से संचालन हेतु सभी दुकानदार स्वयं व स्टाफ को मास्क लगाकर बैठना है व ग्राहक को मास्क हेतु प्रेरित करने का निर्णय लिया गया है साथ ही हैंड सेनेटाइज भी करना है। इसके अलावा अब नगर की सभी दुकानों का समय सबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक निर्धारित किया गया है।महोदय ने बताया की गुमास्ता एक्ट के तहत भाटापारा नगर मंगलवार को पूर्णतया बन्द रहेगा।बैठक में सर्राफा संघ कपड़ा रेडीमेड संघ जनरल मनिहारी संघ किराना संघ स्टेशनरी संघ आलू प्याज संघ फुटवियर संघ खाद सीमेंट संघ प्लाइवुड हार्डवेयर संघ साइकल व्यापारी संघ बर्तन व्यापारी संघ डिस्ट्रीब्यूटर संघ स्टेशनरी संघ मोबाइल विक्रेता संघ सहित सभी व्यवसाईगंन उपस्थित थे।

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक स्थगित

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की वीडियो कांफ्रेंस 17 जुलाई को होने के कारण जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। पूर्व में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक के लिए 17 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। आगामी बैठक की सूचना पृथक से दी जाएगी।

बच्चों के विवाद में फेंका एसिड, गिरफ्तार

कवर्धा-(नवप्रदेश)। नगर में ऐंसिड फेंकने का मामला निकल कर सामने आया है दरअसल बच्चे आपस में खेल रहे थे और खेल खेले में बच्चों के बीच विवाद हो गया यह विवाद इतना बढ़ा कि एक के परिजन ने दूसरे परिजन पर एसिड फेंक दिया। जिससे वह झुलस गया घटना की जानकारी तत्काल ही कवर्धा थाने में दर्ज कराई गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है । थाने से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती कांति पति चैतू राम मल्लाह उम्र 50 वर्ष निवासी राधा कृष्ण वार्ड कवर्धा के द्वारा कवर्धा थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि लालू सोनी पिता अर्जुन सोनी कबीर पारा निवासी के द्वारा ऐसेट फेंका गया है जिससे वे झूला गये। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और मौका मुआयना कर उक्त मामले में जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के साथ मिलाकर करते हैं काम पर नहीं बढ़ा नगर सैनिकों का मानदेय

224 नगर सैनिक हैं पदस्थ

कवर्धा-(नवप्रदेश)। नगर सैनिक जान जोखिम में डालकर भी कार्य कर रहे हैं. बरसात में जब बाढ़ आती है तो लोगों के बचाव कार्य के लिए उनकी ड्यूटी लगा दी जाती है साथ ही कहीं भी आगजनी की घटना होती है तो वहां भी भेज दिया जाता है. इसके बाद भी वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। पुलिस विभाग के जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर 24 घंटे सेवा देने वाले नगर सैनिकों की स्थिति काफी खराब है. वर्तमान में उन्हें जो मानदेय मिल रहा है वह महंगाई के हिसाब से काफी कम है. इस परेशानी को लेकर उनके द्वारा शासन प्रशासन से लेकर मंत्री तक को अवगत कराकर गुहार लगा चुके हैं इसके बाद भी उनके मानदेय में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जा रही है जिसके चलते उन्हें परिवार का भरण पोषण करने में दिक्कतें हो रही है.

स्वंय सेवी संगठन के रुप में गठित नगर सैनिकों से शासन वह सारा कार्य ले रही है, जो पुलिस के कर्मचारी करते है. 24 घंटा की रोटेशन ड्यूटी करने के बाद भी वेतन के रुप में उन्हें केवल एक मुस्त 13200 रुपए दिया जा रहा है. खास बात यह है कि नगर सैनिकों को पुलिस के समकक्ष वेतन दिलाने याचिका पर फैसला सुना चुकी है. इसके बाद भी वे उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं. जिले में 224 नगर सैनिंक पदस्थ हैं इसमें पुरूष 174 व महिला 50 हैं. महिलाओं की ड्यूटी कन्या हास्टल, अस्पताल, न्यायालय में लगाया गया है वहीं पुरूष वर्ग शासकीय कार्यालयों, कोर्ट, कलेक्टेकृट में कार्यरत हैं. इनसे पुलिस जवानों के समान कार्य तो लिया जाता है लेकिन वेतन में असमानता है. इसकी चिंता नगर सैनिको को सता रही है.

वेतन देने में भेदभाव

नगर सैनिकों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें 13 हजार रुपए मानदेय मिल रहा है जो काफी कम है. पुलिस विभाग के जवानों के साथ 24 घंटे विभिन्न कार्यों में अपनी सेवा देने के बाद भी वेतन के मामले में शासन के द्वारा भेदभाव किया जा रहा है. बढ़ती महंगाई के कारण इतने कम मानदेय में परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. धूप, गर्मी, बरसात के मौसम में हर समय ड्यूटी में तैनात रहते हुए ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं. इसके बाद भी मानेदय बढ़ाने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. शासकीय कर्मचारियों की तरह दिये जाने वाले अन्य कोई भत्ता से भी वंचित रखा जाता है.

4 साल में नहीं हुई बढ़ोत्तरी

पिछले 4 साल के दौरान वेतन में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है. नगर सैनिकों ने बताया कि मार्च 2017 में जब भाजपा सरकार में थी तब तत्कालीन विधायक भूपेश बघेल ने पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह को होमगार्ड का मानदेय 29 हजार 645 रुपए करने चिट्ठी लिखी थी. अब यह बातें भी भूला दी. अन्य राज्यों में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर समान काम समान वेतन के तहत पुलिस आरक्षक के समान होमगार्ड को मानदेय दिया जा रहा है।

भरण पोषण करना हुआ मुश्किल

नगर सैनिक के जवानों ने बताया कि कम वेतन मिलने से परिवार का भरण पोषण करने में भारी परेशानी हो रही है. महंगाई के जमाने में बच्चों की फीस व घर का राशन, दुकान की उधारी, बिजली का बिल, आने जाने का किराया घर का खर्चा मुश्किल से चला रहे हैं.इस संबंध में शासन को पहल करने की जरूरत है ताकि समान काम का समान वेतन मिल सके.

युवक ने की महिला की मदद तो उसे ही ब्लैकमेल करने रची साजिश, अरेस्ट

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। एक युवक ने महिला की मदद करते हुए उसे कवर्धा में रहने के लिए किराए का मकान दिला दिया और इसी बिच दोनों में अच्छी खासी दोस्ती भी हो गई कुछ समय बाद जब महिला ने युवक से परेशानी बताते हुए 60000 रुपए की मांग की तो युवक ने उसकी परेशानी को समझते हुए 60000 रुपए भी दे दिये आखिरकार महिला ने अब साजिश रच युवक से ढाई लाख रुपए की मांग की नहीं देने पर झूठे मामले में फंसाने धमकाती देते रही।

ज्ञात हो कि - महिला उसे बार-बार पैसे के लिए फोन करते हुए धमकी भी देने लगी आखिरकार परेशान युवक ने पूरे मामले की जानकारी कवर्धा थाना में आकर दर्ज कराया मामले की जांच की गई तो महिला को ही आरोपी पाया गया । थाने से मिली जानकारी के अनुसार देवीचंद चंद्रवंशी पिता घेखराम निवासी कवर्धा उम्र 34 वर्ष को एक महिला के द्वारा ब्लैक मेलिंग किया जा रहा था । जिसकी शिकायत देवीचंद चंद्रवंशी ने कवर्धा थाने में की मामले की जांच हुई तो सही पाया गया। आरोपी महिला को गिरफ्तार किया जा चुका है वही कार्रवाई जारी है पीड़ित युवक ने बताया कि उक्त महिला के द्वारा उनसे पहले ही 60000 हजार ले लिए गए बाद में उक्त महिला ढाई लाख रुपए की मांग करते हुए उसे बार-बार फोन कर प्रताड़ित करने लगी ऐसी स्थिति में श्री चंद्रवंशी परेशान से रहने लगे और आखिरकार उन्होंने इसकी शिकायत थाने में कर दी। लगभग 8 माह पहले वह महिला मकान किराए से लेने के लिए आई हुई थी और इसी दौरान उन्होंने मुलाकात हुई श्री चंद्रवंशी ने उन्हें किराए पर मकान दिलवा दिया और उनकी अच्छी खासी दोस्ती भी हो गई महिला ने कुछ समय बाद श्री चंद्रवंशी से 60000 हजार रूपये मांगे जिसे देवी चंद चंद्रवंशी ने दे दिया दोनों के बीच में काफी लंबे समय से जान पहचान बनी हुई थी आखिरकार महिला ने अब ढाई लाख रुपए की मांग की महिला की इस मांग के बाद से चंद्रवंशी सकते में आ गया और इसकी शिकायत कवर्धा थाना में आकर दर्ज करा दी महिला को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है ।

ऐशवर्या ने दसवीं में अर्जित किए 95.2%

कवर्धा-(नवप्रदेश)। एकेडेमिक वर्ल्ड स्कूल में अध्यनरत थान-खम्हरिया की कक्षा दसवीं की छात्रा ऐशवर्या सिंह ने इस वर्ष केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं में 95.2 अंक अर्जित किए। साथ ही उन्हों ने स्कूल में वरीयता सूची में तृतीय स्थान भी पाया। ऐशवर्या ने विभिन्न विषयों में उत्कर्ष प्रदर्शन किया जिसमें (अंग्रेजी-95, हिन्दी-99, गणित-89, विज्ञान-94, सामाजिक विज्ञान-99तथा अतिरिक्त विषय कंम्पयूटर में 99 अंक अर्जित किए। ऐशवर्या सिंह ने अपने क्षेत्र थान-खम्हरिया व जिले को गौरवान्वित किया है । संस्था प्रबंधन व शिक्षक वृंद ने उनकी शानदार सफलता पर बधाई प्रेषित की साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक मणीशंकर चन्द्रा राजनांदगॉव के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। 14 जुलाई को निरीक्षक शिवेन्द्र राजपूत थाना प्रभारी सोमनी के नेतृत्व में उप निरीक्षक हरिप्रसाद सउनि बेदराम खुंटे व हमराह स्टाफ के टाउन एवं देहात भ्रमण के दौरान मुखबीर की सूचना पर ट्रक क्रमांक एपी 16-टीजे 0762 के ड्रायवर सीट के पीछे रखे अंग्रेजी शराब को नाका बंदी कर सोमनी साहू डॉक्टर के घर के सामने रोड़ में रोक कर ट्रक क्रमांक एपी-16-टीजे 0762 के ड्रायवर सीट के पीछे सीट के नीचे छुपाकर रखे अंग्रेजी शराब को आरोपी ट्रक ड्रायवर मनोज यादव पिता छोटन यादव उम्र 25 वर्ष साकिन धुरगढ़गी उर्फ बिसनपुर थाना बरही जिला हजारीबाग (झारखड़) के कब्जे से अंग्रेजी शराब 24 बॉटल ब्लेक एण्ड व्हाईट दो काटूर्न में व अंग्रेजी शराब 12 बॉटल ब्लेक डाग शील बंद जुमला कीमती 71760 रूपये व ट्रक क्रमांक एपी 16-टीजे 0762 कीमती 18,00,000 रूपये को जप्त कर थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 136/20 धारा-34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांर्ड में भेजा गया हैं। थाना सोमनी के द्वारा आकस्मिक अभियान चलाने से शराब माफियाओं का हौसला पस्त हो गया हैं।

पुलिस-नक्सली मुठभेड़: जांच अधिकारी नियुक्त

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी टोपेश्वर वर्मा ने 12 अक्टूबर 2019 को थाना मानपुर के परधोनी जंगल पहाड़ में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ घटना के संबंध में जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी मोहला सीपी बघेल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 30 जून 2020 को थाना छुरिया के जोब बैगाटोला-कटेंगाटोला आको के मध्य जंगल के पास हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ घटना के संबंध में जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगांव वीरेन्द्र सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सतीश अग्रवाल को बधाई देने लगा ताँता

भाटापारा। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि और क्षेत्र के सीनियर कांग्रेस नेता सतीस अग्रवाल को छत्तीसगढ़ सरकार की संस्था बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन एंड वर्कर्स वेलफेयर सोसायटी का सदस्य बनाये जाने की खबर आते ही कांग्रेस जनो ने उनके निवास पहुँचकर उन्हें बधाई देते हुए अपनी शुभ कामना व्यक्त कर रहे है। क्षेत्र के वरिस्ठ और मिलनसार कांग्रेस नेता सतीश अग्रवाल ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश सरकार के मुखिया भूपेश बघेल सहित समस्त वरिस्ठ कांग्रेसजनों के प्रति अभार जताते हुए उन्हें विश्वास दिलाया है की जो जवाबदारी उन्हें सौपी गई है उसके प्रति सच्ची निष्ठा और ईमानदारी के साथ हमेशा कार्य करते रहेंगे। दूसरी और सतीश अग्रवाल की नियुक्ति की खबर मिलते ही उनके प्रंसन्सको सहित कांग्रेस कार्यकर्तागण,नगर के सामाजिक लोग के अलावा अन्य लोगो के बधाई सन्देश उन्हें मिल रहे है।सतीस अग्रयाल ने अपने सभी शुभ चिंतको के प्रति ह्रदय से धन्यवाद देते हुए कहा है की पार्टी की इस नई जवाबदारी से हम सब को और मजबूती मिलेगी और हमे इस नई ऊर्जा का उपयोग जनकल्याण हितार्थ पार्टी की सेवा,संगठन की मजबूती में लगाना है।

प्रिया ठाकुर ने 94 प्रतिशत अंक पाया

भाटापारा। अंबुजा विद्या पीठ की छात्रा कुमारी प्रिया ठाकुर ने कक्षा दसवीं सीबीएसई में 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का, अपने माता पिता एवं प्रिय जनों का नाम रोशन किया है। प्रिया ठाकुर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु जन ,अपने माता पिता व ईस्ट जनों को दिया है।प्रिया जिला पँचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर की बड़ी सुपुत्री है।अच्छे अंको से 10 वी की परीक्षा पास करने पर प्रिया ठाकुर को उनके गुरु जन मित्रगण एवं रिश्तेदार लोगों ने बधाई दिये और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गुरूकुल पब्लिक स्कूल का कवर्धा जिले में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन

कवर्धा-(नवप्रदेश) नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक परिषद, नई दिल्ली की कक्षा दसवी की परीक्षा-2020 में शत-प्रतिशत परिणाम लाकर शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा दसवी की परीक्षा कुल 94 छात्र-छात्राओं ने दी थी, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण होकर परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत देकर कवर्धा शहर में ही नही बल्कि पूरे जिले में शाला का नाम गौरवान्वित किया। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अंक अर्जित किये। जिसमें गणित में 98/100 , सामाजिक विज्ञान 96/100, विज्ञान 97/100, अॅग्रेजी 93/100 एवं हिन्दी में 96/100 अंको के साथ इन विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सी.बी.एस.ई, नई दिल्ली की परीक्षा पास की, जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। छात्र आलोक चोपड़ा (95.2 प्रतिशत) अंको के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला परिवार एवं नगर को गौरवान्वित किया है, द्वितीय स्थान अभिजीत महापात्रा (94.6 प्रतिशत) एवं तृतीय स्थान राघव अग्रवाल (93.6 प्रतिशत) प्राप्त किए।

महिला से छेड़छाड़, आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 7 जुलाई रात्रि लगभग 12.30 बजे घर में अपने पति एवं बच्चों के साथ सोई थी तभी आरोपी विकास उर्फ भुरू यादव घर का पर्दा कूद कर अंदर कमरे में घुस कर बेईज्जत करने के नियत से पैर को पकड़ा था, उसे देखकर चिल्लाने पर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 278/2020 धारा 457, 354 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के पुलिस कप्तान जितेन्द्र शुक्ला, अतिरक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जीएन बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती सुरेशा चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक एमएस चंद्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी लालबाग परि. उप पुलिस अधीक्षक मयंक रणसिंह के निर्देशन में सउनि मुजीब रहमान कुरैशी के साथ एक विशेष टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। मुखबीर से सूचना पर आरोपी विकास उर्फ भुरू यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम घोरदा थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

ढाई दर्जन मवेशी कत्ल खाना जाने से बचाये गये

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज विवेकानंद सिन्हा, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव जितेन्द शुक्ला, अति. पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ गोरखनाथ बघेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ चंद्रेश ठाकुर के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी थाना बागनदी निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े के द्वारा 15 जुलाई को जरिये मुखबीर से सूचना मिली की एक 10 चक्का वाहन में अवैध रूप से मवेशी चिचोला की ओर से नागपुर कत्लखाना परिवहन करने वाले है कि सूचना पर तत्काल बागनदी चौक पास चेकिंग पाईंट लगाकर वाहन चेकिंग कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन में चालक के साथ दो अन्य व्यक्ति मिले सभी का नाम पता पुछताछ किये तो चालक अपना नाम समीर हबीब खान पिता हबीब खान उम्र 55 साल साकिन हबीब नगर पीली नदी (खान एसटीडी) के पास नागपुर महाराष्ट्र आकाश चंद्रभान गायकवाड़ पिता चंद्रभान गायकवाड़ उम्र 33 वर्ष साकिन पवन नगर प्लाट नंबर 743 नागपुर, अबुसाद पिता मुजीब अंसारी उम्र 20 वर्ष साकिन हबीब नगर पीली नदी के पास नागपुर महाराष्ट्र को वाहन का त्रिपाल खुलवा कर चेकिंग कर त्रिपाल निकलवाया गया देखे तो वाहन में कुल 30 मवेशी (19 गाय, 11 बैल बछड़ा) जुमला कीमती करीबन 90,000 रूपये बिना दाना पानी हवा के त्रिपाल बंधा ठूंस-ठूंसकर बिना उचित साधन के क्रूरता पूर्वक कृषि योग्य मवेशियों को वाहन क्रमांक सीजी 04-जेबी 1573 (10 चक्का ट्रक) कीमती 8,00,000 रूपये में भरकर कत्लखाना परिवहन करते मिला आरोपियों के विरूद्ध पशु क्रुरता अधिनियम का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर ही आरोपियों को गिरफ्तारी का कारण बताकर विधिवत् गिरफ्तार किया गया है, जिसे ज्युडिसियल रिमांड हेतु मान. न्यायालय डोंगरगढ़ पेश किया गया एवं 30 मवेशियों को गौशाला पिंजरा पोल में सुरक्षार्थ रखवाया गया।

सुराजी गांव योजना से बदली गांव की फिजा

- **स्व सहायता समूह की महिलाओं ने नवाचार अपनाकर प्राकृतिक स्त्रोतों से बनाया नाडेप टैंक**
- **कृषि विभाग द्वारा महिला समूह के माध्यम से गौठान ग्रामों में हो रहा आर्थिक सुदृढ़ता का विकास**

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शासन की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी योजना से गांव की फिज़ा बदली है और गौठान बहुउद्देशीय आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे है। शासन की सुराजी गांव योजना से गांव की महिलाओं को प्रेरणा मिली और अब धीरे-धीरे उनकी जिन्दगी बदल रही है। वे कुछ नया सिख रही है और समझ रही है, वहीं नवाचार को भी अपना रही है।

कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा के दिशा-निर्देशन में उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों के गौठान ग्रामों में आत्मा योजनांतर्गत महिला एवं पुरूष कृषक अभिरूचि समूह एवं खाद सुरक्षा समूह तैयार किया जा रहा है। समूहों को आर्थिक एवं पोषण संबंधी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से गौठान ग्राम में पोषण वाटिका तैयार किया जा रहा है। पोषण वाटिका में जिमीकंद, मादा क्यारी विधि से लगाया जा रहा है साथ में मौसम सब्जी जैसे- करेला, बरबट्टी, बैगन एवं स्वीट कार्न की अंतरवर्तीय फसल एवं बार्डर फसल के रूप में लगाया जा रहा है। जिससे किसान समूहों को आने वाले दिनों में आर्थिक लाभ मिलेगा। साथ ही जैविक सब्जियों की उपलब्धता भी लोगों के बीच हो पाएगी।

विकासखंड छुईखदान के वनांचल क्षेत्र के गौठान ग्राम भोथली में महिला समूह द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत पोषण वाटिका तैयार किया गया है। जिसमें जिमीकंद, स्वीट कार्न, बैंगन, मिर्च, करेला, बरबट्टी आदि का उत्पादन जैविक खेती के आधार पर किया जा रहा है। महिला समूह द्वारा पौधे की शाख घेर कर नवाचार करते हुए नाडेप टैंक बनाया गया है। जिसमें कम लागत तकनीक को अपनाते हुए प्राकृतिक स्त्रोतों का उपयोग कर नाडेप खाद भी तैयार कर रहे है। जिसमें वेस्ट डिकम्पोजर का उपयोग किए है। विकासखंड राजनांदगांव के गौठान मोखला में भी महिला किसान समूह द्वारा पोषण वाटिका तैयार किया गया है। जहां जिमीकंद एवं मौसमी सब्जी, स्वीट कार्न, नीबू एवं मशरूम का उत्पादन भी किया जा रहा है। वनांचल क्षेत्र, चौकी, मोहला, मानपुर में भी आत्मा योजनांतर्गत गौठान ग्रामों में पोषण वाटिका तैयार किया गया है। मानपुर के गौठान ग्राम उरझे, मोहला के गौठान ग्राम हर्राटोला, चौकी के गौठान ग्राम पीपरखार एवं डोंगरगढ़ के गौठान ग्राम मेढ़ा में महिला समूहों के माध्यम से पोषण वाटिका तैयार कर खाद्य सुरक्षा करते हुए आर्थिक लाभ के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

कंटेंटमेंट जोन के लिए टीम गठित राशन पहुंचाने की तैयारी में जुटे पंचायत सहित अधिकारी

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। ब्लॉक में एक बार फिर नवप्रदेश मैं प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है ।मुख्यालय के 300 मीटर कंटेनमेंट जोन के दायरे में रहे निषादपारा के लोगों को चावल दाल सहित अन्य सामग्री की व्यवस्था करने के लिए एसडीएम अनुपम आशीष टोप्पो के निर्देश अनुसार टीम गठित किया गया है । बकायदा नोडल अधिकारी की देखरेख में कंटेनमेंट जोन के लोगों को पूरी सामग्री मुहैया कराया जाएगा हालांकि आज के स्थिति में गरीब परिवारों के लिए किसी प्रकार कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। लेकिन पंचायत सहित टीम द्वारा ऐसे परिवार का सर्वे भी शुरू कर दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते दिनों मुख्यालय के निषादपारा में कोरेना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद

प्रशासन ने निषाद पारा 300 मीटर की डायरी को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया जिसके बाद लोगों का गुजर-बसर करना मुश्किल हो रहा है। क्योंकि ना खाने के लिए राशन है और ना कमाने के लिए रास्ता ऐसे स्थिति में गरीब बीपीएल परिवार को घर चलाना महंगा पड़ रहा है जिसे लेकर बीते दिन नवप्रदेश द्वारा प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया रहा। और मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने पंचायत को कंटेनमेंट जोन में रहे लोगों की व्यवस्था करने के निर्देश जारी करते टीम गठित करवाया गया है हालांकि जानकारों का यह भी कहना है। कि धरातल की पूरी वस्तु स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह टीम पहले ही गठित किया जाता है। ताकि उक्त कंटेनमेंट जोन के लोगों को किसी प्रकार राशन सहित अन्य सुविधा के लिए परेशानी नहीं उठाना पड़े मगर ऐसा नहीं होने का नतीजा कंटेनमेंट जोन में रहे। लोगों को झेलना पड़ता है यही वजह है कि निषाद पारा के अधिकांश लोगों को राशन के लिए तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सरकार द्वारा निशुल्क दिए गए राशन तो पहले ही खत्म हो चुका है ।और इस माह का राशन अब तक नहीं मिला है ऐसे में इधर उधर से चावल जुगाड़ कर चटनी के साथ खाने को मजबूर है हालांकि पंचायत सहित गठित टीम जल्द से जल्द राशन सहित जरूरी सुविधा मुहैया कराने में सक्रिय दिखाई पड़ रहा है।

> हमने पंचायत को निर्देशित किया है कि कंटेनमेंट जोन मैं रहे लोगों को राशन सहित अन्य की व्यवस्था करने के लिए और इसके लिए टीम भी गठित किया है
>
> **एम एल मंडावी,** सीईओ

न्यूज गैलरी

आरंग के एक छात्र ने केंद्रीय विद्यायल महासमुंद में 92.6% अंक प्राप्त कर बढ़ाया नगर का मान

आरंग। स्थानीय गाँधी चौक आरंग निवासी परमानन्द साहू एवं केशरी साहू के पुत्र अंकित साहू ने कक्षा 12 वीं (CBSE) वाणिज्य संकाय अंग्रेजी माध्यम में 92.6% अंक अर्जित कर नगर को गौरवान्वित किया है। साथ ही अपने केंद्रीय स्कूल महासमुंद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम बढ़ाया है। अंकित साहू अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ अपने शिक्षकों को दिया है। नगर वासी एवं समाज के लोगो ने उनकी इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है ।

डी ए वी स्कुल मैनपुर का सीबीएसई 10 वी व 12 वी बोर्ड परिक्षाफल रहा उत्कृष्ट

मैनपुर। बेटिया पढ़ेगी तभी इतिहास गढ़ेगी] जैसी स्लोक को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा बेटियों को शिक्षित होने प्रेरित कर सशक्त] आत्मनिर्भर एवं स्वालम्बी बनाने की दिशा में किया जा रहे प्रयास सफल होता दिख रहा है।

जहां बेटों के मुकाबले आज बेटियां भी पढ़ाई लिखाई में आगे रहकर स्कुल के साथ परिवार का नाम रोशन कर रही है। इसी तर्ज पर कक्षा दसवीं में राधिका नागेश 86 प्रतिशत से प्रथम स्थान पर द्वितीय स्थान पर भुनेश्वरी उर्मिता चक्रधारी वही निहार शांडिल्य 75-8 प्रतिशत द्वितीय तथा बसंत कुमार 74-8 प्रतिशत तृतीय। कक्षा बारहवीं से अमन कुमार तृतीय वेदप्रकाश प्रथम 72 प्रतिशत तनीश दास 60-2 प्रतिशत तुषार बारिक 67-2 प्रतिशत करूणा नागेश 63-4 प्रतिशत तथा बिते वर्षो में अपनी मेहनत व लगन से काफी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपने उज्जवल भविष्य के पायदान पर निरंतर अग्रसर है। बच्चों के सफलतम उत्तीर्ण होने को लेकर डी ए वी स्कुल के प्राचार्य श्री रनजीत सिंह व स्कुल परिवार द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुये होनहार छात्र छात्राऐ को उज्जवल भविष्य की कामना के साथा बधाई दी।

मकड़ियों की जाल की तरह फैला है कबाड़ियों का अवैध व्यापार

■ उठ रहे सवाल- क्या कारण है पुलिस कार्यवाही नही करती, क्या पुलिस खुद करवाती है किसी के माध्यम से अवैध कबाड़ का व्यापार, आखिर सँविधान के ऊपर कैसे हुआ कबाड़ माफिया

गंडई पंडरिया। जिला मुख्यख्यालय जाने वाले स्टेड हाइवे पर नगर पंचायत कार्यालय के सामने धड़ल्ले से कबाड़ी का व्यापार फल फूल रहा है। एक तरफ जिलेभर में कबाड़ी सामन के खरीद-फरोख्त पर जिला प्रशासन द्वारा पाबंद लगाई गई है। किंतु यह पाबंद प्रशासन द्वारा सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। असल में इस अवैध कारोबार के खुलेआम होने का स्पष्ट उदाहरण नगर पंचायत क्षेत्र गंडई में देखा जा सकता है। खुलेआम इन दिनों नगर के चुनिंदा-खुफिया जगहों पर आज भी प्रशासन के नीति-नियम और आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं प्रशासन जान-बूझकर अनजान बनते हुए खामोश बने बैठा हुआ है। जबकि प्रशासन को चाहिए कि तत्काल इस पर संज्ञान लेकर अपनी जिम्मेदारी का परिचय नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को अवगत कराएं। क्योंकि जिले में कुछ वर्ष पूर्व लगातर हो रही चोरी व अन्य आपराधिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर ही यह प्रतिबंध जिला प्रशासन की ओर से जारी किया गया था। लेकिन आज जिस तरह गंडई में धड़ल्ले से कबाड़ी का व्यापार-कारोबार व व्यावसाय फल फूल रहा है। जिसे लेकर शुभचिंतक व जिम्मेदार वर्ग के नागरिक काफी चिंतित होने लगे है। इसके अलावा नगर सहित ब्लॉक में अन्य कई प्रतिबंधित, गैरकानूनी कारोबार चल रहे है। जिस पर स्थानीय सहित अन्य प्रशासन व विभागीय अफसरों की भूमिका संदेह के दायरे में है।

सूत्र बताते है कि नगर के बस स्टैंड के सामने से फेमस कबाड़ माफिया द्वारा खुले आम कटर से चोरी के सामानो की कटिंग खुले आम की जाती हैं तो वहीं शासकीय कार्यो में उपयोग होने वाले चोरी के केबल को खुले आम आग के हवाले केबल के अंदर से तांबे के वायर निकाले जाते हैं और नगर को प्रदूषित लगातार कर रहे हैं। यहां के आस- पास के लोगो का रहना मुहाल हो गया हैं। इस सम्बंध में आस- पास के लोगों ने कई दफा थाने में शिकायत दर्ज कराई है किन्तु कबाड़ माफिया के हाथ इतने लंबे है कि इन को पुलिस भी कुछ नही कर सकती हैं।

गैरतलब है की इस गोरख व्यापार के पीछे छोटे से लेकर बड़े अधिकारी व कर्मचारी की मिली भगत का आश लगता है। जानकारों की मानें तो तीन -चार कबाड़ी वाले ज्यादा सक्रिय हैं, जिन्हें प्रशासन का कोई खौफ ज्यादा नहीं है। यही कारण है कि यह कबाड़ी चैबीसों घंटे शासन-प्रशासन और जनता को चूना लगा रहे है। इस बात से जनता काफी परेशान है क्योंकि सार्वजनिक जगहों से जरूरत की चीजों को क्षति तो पहुंचाया ही जाता है साथ ही लोगों की निजी सम्पत्तियों की भी चोरी हो जाती है जो चोरों द्वारा कबाड़ियों को ही बेंचा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर में कबाड़ व्यवसाय पर अंकुश नही लग पा रही है, जिससे लोगों के नवनिर्मित भवनों, सार्वजनिक स्थलों में लोग अपनी जरूरत की चीजों पर हाथ साफकरने में इन दिनों चोर और कबाड़ी दोनों सक्रिय हैं जिसके कारण चोर लोहे, तांबे और प्लस्टिक के सामानों को चुरा कर कबाड़ियों को आसानी से बेच देते हैं। नगर में सार्वजनिक जगहों में लगे लोहे की चीजों को काटकर क्षति पहुंचाया जा रहा है। इस समय कबाड़ी अपने अवैध कारोबार को खूब फैला रखें हैं, उनके इस कार्य में अंकुश न लगने पर ऐसा प्रतित होता है कि शायद पुलिस प्रशासन की अंदरूनी सहमति मिली हुई है, यही कारण है कि पुलिस के नाक के नीचे कबाड़ी धड़ल्ले से काम को अंजाम देते हैं। एक अनुमान के मुताबिक तॉबे के तार की कीमत लगभग 800 रूपए किलो होती है, चोर और शराबी प्रवृति के लोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोई क्षेत्रों से तांबे के तारों को उखाड़कर लाते हैं और आधी कीमत पर कबाड़ियों को बेंच देते हैं। वहीं पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की जा रही जिससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि इन्हे मूल सहमति मिली हुई है। इस कार्य से राजस्व को हर महीने लाखों का चूना लग रहा है साथ ही जिन उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक जगहों पर निमार्ण कार्य कराया जाता है वह पूरा नहीं हो पाता और उसका रूप विकृत होने के साथ ही वह उपयोगहीन साबित हो जाता है।

इस धंधे से पुलिस व अधिकारी अनजान :-

वर्षो से संचालित हो रहा कबाड़ का अवैध व्यापार, ना जाने कितने पुलिस के अधिकारी आये और गए जस के तस कबाड़ का धंधा चल रहा है। नगर में कई पुलिस के उच्च अधिकारी आये और गए जिसके बाद भी जिले के फेमस कबाड़ माफियाओं पर अंकुश लगाने में असमर्थ साबित हुए या साठ गाठ कर लिए। मामला राजनंदगांव जिले के गंडई क्षेत्र का है।

इन जगहो पर होता है कबाड़ियों का गोरख धंधा :-

जिला मुख्यालय रोड पर नगर पंचायत के सामने, टिकरीपारा मे भुरभूसी रोड, गंडई के मुख्य बाजार ब मार्केट मे एसे और कई स्थानो पर खुले आम अवैध कबाड़ का गोरख धंधा कई बड़े नाम से फेमस कबाड़ माफियां द्वारा बड़े पैमाने पर वर्षो से संचालित हो रहा हैं और वहीं लाखो के कबाड़ी सामान कबाड़ी के नाम से फेसम कबाड़ माफियां द्वारा जिले के आस - पास में चोरी के कल पुर्जो को इन कबाड़ माफियाओं द्वारा बाहर सप्लाई किया जा रहा हैं और नगर के पुलिस कबाड़ माफियाओं के साथ बने हुए हैं।

> अभी मुझे कबाड़ी के बारे मे कुछ जानकारी नहीं है जानकारी लेकर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।
>
> **सुषमा वर्मा,** थाना प्रभारी गंडई

> पुराने कबाड़ी के बड़े व्यापारी व्यापार बंद कर काही और चले गए है। बचे कबाड़ी व्यापारी गलत कराते पाये गए तो उस पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **राजेश जोशी,** एसडीओपी गंडई

मूर्ति बनाने वालों पर कोविड की मार

गरियाबंद। गणेश प्रतिमा की स्थापना के लिए अब एक माह का समय शेष बचा है ,लेकिन कुंभकार कलाकारों द्वारा बनाए गए एक भी प्रतिमा का ऑर्डर तक नही हुआ है ,जिसे लेकर हर मूर्तिकारों के चेहरों के चिंता की लकीर दिखने लगी है ।

अगस्त माह में स्थापित होने वाले गणेश की सार्वजनिक स्थानों पर पंडालो को अनुमति मिलेगी की नही ,इस बात का भय वर्तमान से सभी गणेश समितियो को तो सता ही रहा है साथ ही पहले से मूर्ति निर्माण कर चुके कलाकारों को मेहनताना भी निकल पाने की उम्मीद नही है । तात्कालिक हालत के मद्देनजर समितियो के द्वारा गणेश मूर्ति बनाने का आर्डर तक नही दिया गया है । वही दूसरी तरफ मूर्तिकार अपने स्वयं का पैसा लगाकर मूर्ति बनाने में जुटे हुए तो है लेकिन वे भी असमंजस की स्थिति में है कि गणेश स्थापना की अनुमति मिल पायेगी की नही ।वही मूर्तिकारो से बात करने पर उन्होंने बताया कि हर वर्ष गणेश प्रतिमा स्थापना के एक से डेढ़ माह पहले हर मूर्ति का बयाना हो जाता था ।लेकिन इन वर्ष एक मूर्ति तक का बयाना नही हुआ है ।जबकि हम अपने पास रखे थोड़ा बहुत पूंजी को भी इस मूर्ति बनाने में लगा चुके है ,क्योंकि ये मूर्ति बनाना और उनसे जो पैसा मिलता है वो हमारी वर्ष भर की कमाई होती है ।लेकिन इन कोरोना काल मे भी तैयारी कर लिए है और लगभग दो सौ मूर्ति बना भी डाले है ।

कुल्हाड़ी घाट मामले गृहमंत्री उच्चस्तरीय जांच की बात कही

गरियाबंद। गरियाबंद प्रवास के दौरान पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने दो करोड़ 6 लाख के भ्रष्टाचार के मामले में पत्रकारों दुवारा सावल किये जाने पर कहा इसकी जानकारी नही है अगर ऐसा हुआ तो इसकी जांच स्थानीय जांच समिति बनाकर या उच्चस्तरीय टीम के दुवारा जांच कराई जाएगी किसी भी स्तिथि में भ्रष्टाचार के मामले को बर्दाश्त नही किया जाएगा

वही राजीव गांधी गोद ग्राम कुल्हाड़ी घाट के ग्रमीणों दुवारा 20 बिंदुओं पर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक व जिला पंचयात सीईओ से शिकायत की गई है

ज्ञात हो कि सरकार गांव का विकास एवं निर्माण करने के लिये लाखों की धनराशि भेज रही है, किन्तु सरपंच, सचिव एवं अधिकारी निर्माण कार्य को कागज में बता दिये हैं, इस तरह के कारनामे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी जी के गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत में अनेकों मद से दो करोड़ 6 लाख से अधिक का भ्रष्टाचार होने की शिकायत ग्रामीणों ने 9 जून 2020 को कलेक्टर गरियाबन्द एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबन्द को समस्त दस्तावेजों के साथ लिखित शिकायत किया गया। शिकायतकर्ताओं ने अपने लिखित शिकायत में बताया है कि ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट में पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी एवं सचिव प्रेमलाल ध्रुव ने मिलकर विकास एवं निर्माण कार्य के लिये 2

करोड़ 6 लाख की धनराशि को फर्जी निर्माण कार्य बताकर राशि को गबन कर लिया है, जबकि निर्माण एवं विकास कार्य शून्य है और कागज में है । शिकायतकर्ताओं के अनुसार कुँआ निर्माण कार्य, नाला बंधान कार्य, संकुल भवन निर्माण कार्य, तालाब निर्माण कार्य, भूमि सुधार कार्य, पुलिया निर्माण कार्य, स्टॉपडेम निर्माण कार्य, नाली निर्माण कार्य, डबरी निर्माण कार्य, नाली साफ-सफाई कार्य, हैण्डपम्प सोखता गढ्ढा सफाई कार्य, पंचायत भवन में आहाता निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, स्वसहायता गोदाम निर्माण सहित सात हितग्राहियों का इन्दिरा आवास निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि फर्जी आहरण कर लिया गया है, जबकि सातों हितग्राहियों का आवास का एक ढेला भी नहीं हुआ है ।

बीईओ आरंग की नियुक्ति से हर्ष

आरंग। विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरंग डीएस चौहान को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर में जिला सहायक आयुक्त स्काउट्स के पदेन पद पर आगामी कार्यकाल तक नियुक्त किया गया है,। मुख्य आयुक्त जिला स्काउट संघ रायपुर सुरेश शुक्ला ने बताया कि बीईओ चौहान को स्काउट्स के क्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी देने पर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता है क्योंकि यह निर्णय उनके शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन सजगता एवं सेवाभावी होने के कारण उनके उल्लेखनीय कार्यो को देखते हुए लिया गया है वही चौहान जी ने चर्चा के दौरान बताया कि वह अपना कार्य सकारात्मक होकर समर्पण के साथ करते हैं तथा स्काउट्स के क्षेत्र में भी बच्चों के हित में कार्य करते रहेंगे।

लोन लेने के लिए ITR बनवाएं मात्र 500/- में
ITR GST
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
इंकम TAX फाईल
TDS रिफंड
IT नोटिस
Food Licence
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
डिजिटल सिगनेचर
शेखर गुप्ता 9300755544 8878655544
ONLY TDS.COM

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग

निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-2/2020/1338/117 — भिलाई, दिनांक 10/07/2020

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र.- 11 अम्बेडकर नगर में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य।	19.99	04.08.2020
2	वार्ड क्र.- 16 परउ निवास से रूद्र महाराज निवास तक सीमेंटीकरण कार्य।	5.00	04.08.2020
3	वार्ड क्र.- 16 लक्ष्मण सेंगर निवासी से खान बोरिंग तक सीमेंटीकरण कार्य।	10.00	04.08.2020
4	वार्ड क्र.- 16 शासकीय स्कूल के पीछे थापा निवास के पास सीमेंटीकरण कार्य।	15.00	04.08.2020
5	वार्ड क्र.- 19 शास्त्रीनगर में सीवर लाईन निर्माण कार्य।	4.53	04.08.2020
6	वार्ड क्र.- 19 नेहरू चौक से बजरंग मैदान तक सीमेंटीकरण कार्य।	4.96	04.08.2020
7	वार्ड क्र.- 19 मानिक होटल से नेहरू चौक एवं शिव पारा तक नाली निर्माण कार्य।	19.98	04.08.2020
8	वार्ड क्र.- 19 तीन दर्शन मंदिर के आस-पास नाली निर्माण कार्य।	12.70	04.08.2020
9	वार्ड क्र.- 27 हाउसिंग बोर्ड चौक से गणेश मंदिर तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य।	18.00	04.08.2020

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है।
संपत्तिकर भू-भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें।
जल ही जीवन है, जल का सदउपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाए।
2. घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।
अपील: समस्त शहरवासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी/कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में भेजे।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, भिलाई

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर

क्रमांक-3689/NIT-6/2020-2021/व.ले.लि. — दिनांक 13/07/2020

तृतीय आमंत्रण

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 23/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि :- 25/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त कराने की अंतिम तिथि :- 28/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29/07/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) साल्वेंसी राशि (रु.में)
1	2	3
6 T0039	हीरापुर उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
6 T0040	कबीर नगर उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	2.00 2000.00 30000.00
6 T0041	आयुर्वेदिक कालेज उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
6 T0042	साईंस कालेज सेक्शन अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
6 T0043	तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00
6 T0044	तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत गिट्टी/मुरूम/ रेती सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00
6 T0045	विधानसभा उपसंभाग के अंतर्गत बाजार सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00
6 T0046	विधानसभा उपसंभाग के अंतर्गत विजेता काम्पलेक्स सेक्शन में पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
6 T0047	साईंस कालेज सेक्शन एवं आडियोटोरियम गार्डन का रख-रखाव का कार्य। प्रथम आमंत्रण (12 माह हेतु)	7.43 5573.00 111450.00
6 T0048	विधानसभा उपसंभाग के अंतर्गत कांशीराम नगर सेक्शन बाजार सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00

// नियम व शर्तें //
निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

जी-82347/3

कार्यपालन अभियंता,
लो.नि.वि., विधानसभा संभाग
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय जिला आबकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Email Id-excise-bakoda-cg@gov.in Phone No. 07727-222777

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा शराब बिक्री हेतु दुकानों को भाड़े पर लिए जाने बाबत् लघु निविदा सूचना

क्रमांक/आब./ठेका/2020 — बलौदाबाजार, दिनांक 14/07/2020

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में वर्तमान में संचालित **देशी मदिरा दुकान भाटापारा क्र. 01, विदेशी मदिरा दुकान भाटापारा क्र. 01, देशी मदिरा दुकान सिमगा, विदेशी मदिरा दुकान सिमगा, देशी मदिरा दुकान अर्जुनी, विदेशी मदिरा दुकान अर्जुनी, देशी मदिरा दुकान कटगी, विदेशी मदिरा दुकान कटगी, कुल 08 दुकानों** के लिए शराब बिक्री हेतु दुकानों/परिसरों को **आबकारी विभाग द्वारा अधिपत्य में लेने की तिथि से दिनांक 31.03.2021 तक** के लिए भाड़े पर लेने हेतु कानूनी मालिकों से मुहरबंद निविदाएं निविदा के तकनीकी शर्तों से संबंधित दस्तावेज तथा रेट आफर पृथक-पृथक बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक दुकान/परिसरों के कानूनी मालिक अपना निविदा दिनांक **27.07.2020 को समय 2.00 बजे संध्या तक** कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कलेक्टोरेट के कक्ष क्रं. 88 में जमा कर सकेंगे। तत्पश्चात तकनीकी निविदा दिनांक **27.07.2020 को अपरान्ह 4.00 बजे** खोली जावेगी। तकनीकी निविदा शर्तों के अधीन उपयुक्त पाए जाने पर निविदा शर्तों के तहत समिति द्वारा दुकान स्थल निरीक्षण पश्चात ही समिति द्वारा चयनित स्थल को उपयुक्त पाए जाने पर वित्तीय बोली संबंधित बिड (प्राईस बिड) को निरीक्षण की आगामी तिथि में निविदादाताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जाएगी। निविदा की नियम/शर्तें तथा निविदा प्रारूप एवं दुकानों के नाम तथा क्षेत्र की जानकारी निर्धारित तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कलेक्टोरेट के **कक्ष क्रं. 88** से प्राप्त की जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित

जिला आबकारी अधिकारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

जी-82355/3

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

e-Procurement Portal :https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 66201/निविदा सूचना क्र. 06/वलेलि/2020-21 दुर्ग, दिनांक 15.07.2020

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.08.2020 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की गुजरा व्यपवर्तन योजना का शीर्ष कार्य मरम्मत एवं नहर की लाईनिंग कार्य आर.डी. 0 मी. से 6300 मी. साथ ही 08 नग व्ही.आर.बी., 02 नग इनलेट, 05 नग व्ही.आर.बी. मरम्मत कार्य एवं मुख्य नहर पर 10 नग आऊटलेट निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रु. 280.59 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **22.07.2020** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन संभाग, रायपुर छ.ग.

जी-82382/5

कोटा रोड नेवरा स्थित तालाब जलकुंभी के चंगुल में

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। मानसून के दौरान भारी बारिश ने इस तालाब में जल की कमी को पूरा तो किया साथ ही इन जलकुंभीयों को बहा कर अपने साथ ले आया।

गौरतलब है कि कोहका रोड से होते हुए नेवरा मुक्तिधाम तक निर्मित नाला जो कि अंततः इस तालाब में आकर मिलती है इसी नाले में स्थित जलकुंभीयां मूसलाधार बारिश में तीव्र बहाव होने के कारण पूरे तालाब में आकर एकत्रित हो गई.....चूंकि यह तालाब नेवरा बस्ती के समीप है अतः आम जन अपने निस्तारण के लिए इस तालाब का उपयोग करती है।

जलकुंभीयों का इस प्रकार से पूरे तालाब पर फैल जाने से निस्तारण में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आ रही है और इस तालाब के सफाई और सौंदर्यीकरण

के संबंध में स्थानीय प्रशासन तथा वार्ड पार्षद इस ओर अपना ध्यान नहीं दे पा रहा है जोकि बहुत ही दुख का विषय है... इस संबंध में स्थानीय प्रशासन एवं वार्ड पार्षद का ध्यान आकर्षित करते हुए द्य

÷उक्त विषय मैं संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान ने जानकारी प्रदान कर स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करने का प्रयास किया।

हुतेंद्र सिंह ने किया नगर का नाम रोशन

बेमेतरा/साजा। नगर पंचायत साजा निवासी हुतेंद्र सिंह राजपूत पिता गजेन्द्र सिंह राजपूत (पूर्व सैनिक) केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में पढ़ाई कर रहा था। जहां उन्होंने सीबीएससी बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय में 92.6त्न अंक हासिल कर विद्यालय के साथ अपने परिवार और नगर का नाम रोशन किया है। हुतेंद्र के पिता रिटायर सैनिक हैं वे शुरू से ही बच्चों के पढ़ाई को लेकर सजग रहते हैं जिसका परिणाम आज उन्हें मिल रहा है। हूतेंद्र का शुरू से ही पढ़ाई के साथ खेल में रुचि रहा है। उसने इस सफ्लता का श्रेय अपने शिक्षक व परिवार को देते है।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने किया करोड़ो रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का लोकापर्ण एवं भूमिपूजन

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मार्गो से ग्रामो तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। ज्ञात हो कि ग्रामवासियों ने मुख्य मार्ग से ग्राम पहुंचने में होने वाली आगमन की समस्या की निदान विधायक आशीष छाबड़ा से कही थी जिसका स्थाई हल निकाला है अपने स्तर पर प्रयास कर विधायक आशीष छाबड़ा ने लोक निर्माण विभाग से इन मार्गो की मजूरी दिलवाई है। विधायक आशीष छाबड़ा ने विधानसभा क्षेत्र में जनता को होने वाली छोटी से छोटी समस्याओं के प्रति सजग प्रहरी के तौर पर हमेशा कर्तव्यशील रहते हैं, जिससे आम जनता को असुविधा अथवा परेशानी का सामना ना करना पड़े। सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम सरदा पहुँच हाई स्कूल परिसर में विधायक निधि 1.50 लाख रुपये से निर्मित सांस्कृतिक मंच फीता काट लोकापर्ण किये साथ ही भटगांव चौक(सरदा) में नाली निर्माण कार्य 19 लाख 98 हजार, ग्राम भटगांव(सरदा) में बस्ती पहुँच मार्ग डामरीकरण कार्य 19 लाख 91 हजार, ग्राम सरदा स्कूल बस्ती तक सी.सी.पहुँच मार्ग कार्य 19 लाख 96 हजार के निर्माण कार्य का ग्राम सिरवाबांधा में सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य 19 लाख 96 हजार का भूमि पूजन किये। ततपश्चात विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम सोरला पहुँच ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राम सोरला की बहुत पुरानि मांग नवीन पँचायत का था, आज आप सभी को एक स्वतंत्र नया पँचायत का सौगात मिला है साथ ही नया पँचायत भवन निर्माण कार्य 14.42 लाख रुपये की भी स्वीकृती हो गई हैं, जिसका हम सभी ने मिलकर भूमि पूजन किया, सोरला नया पँचायत बना है, यहां विकास की बहुत संभावना है, विकास कार्य मे कोई कमी नही की जायेगी साथ ही सोरला में ग्राम सोरला बस्ती में सी.सी.पहुँच मार्ग कार्य 19 लाख 96 हजार, ग्राम ढाबा में श्री शिवमंदिर के सामने मेला स्थल में सी.सी.पहुँच मार्ग 11 लाख 58 हजार, भूमि पूजन किये सोरला के पश्चात विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम रामपुर(भांड)पहुँच माँ परमेश्वरी की दर्शन कर आशीर्वाद लिए।

कोरोना के सबक ने बदल दी हमारी जीवनशैली - रामबालकदास महात्यागी

बेमेतरा/साजा। पाटेश्वरधाम के संत रामबालकदास ने अनेक समसामयिक विषयों पर चर्चा की तथा आनलाईन सत्संग, कोरोना के प्रकृति पर प्रभाव, स्वदेशी अपनाओ, गौ अभ्यारण्य, सरकार की योजनाओं में कितनी ईमानदारी आदि प्रश्नों पर अपने बेबाक विचार व्यक्त किये।

पिछले तीन महिने से लगातार चल रहे आनलाईन सत्संग की परिकल्पना कैसे हुयी के प्रश्न पर बाबा जी ने कहा कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। कोरोना संक्रमण से मंदिर, देवालय, कथा, प्रवचन बंद हो गये तो मेरे मन में विचार आया कि क्यों न भक्तों से सोशल माध्यम से जुड़ा जाये। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि हे अर्जुन ! स्थिति और काल को देखते हुये जो त्वरित दीर्घसूत्री निर्णय ले वही योगी है। जब परिस्थियॉ प्रतिकूल होती हैं तो मन में नकारात्मक भावों का वेग तीव्र होता है लेकिन संतों के सत्संग से सकारात्मकता का पलड़ा भारी हो जाता है। व्हाट्सअप में चर्चाओं का सिलसिला जारी रहा जिज्ञासुओं को समाधान मिलता रहा। देश के अनेक संत आनलाईन रहकर सत्संग करते रहे और इस योजना ने आध्यात्मिक उन्नति का सुंदर स्वरूप ले लिया।

कोरोना काल में प्रकृति में कैसा बदलाव आया के प्रश्न पर बाबा जी ने कहा कि गंगा, यमुना, कावेरी आदि नदियों का जल पवित्र हो गया। करोड़ों रू खर्च कर जितनी सफायी नदियों की नहीं कर सके वह बिना खर्च इस अवधि में हो गया। जंगलों में आग नहीं लगी चारों तरफ हरियाली है वातावरण स्वच्छ हो गया। बारिश लगातार हो रही है। पशु पक्षियों में खूब प्रजनन हुआ जो सृष्टि का संपूर्ण विकास है। आकाश में ओजोन परत बन गये। हिमालय की चोटी पंजाब से तथा कैलाश का शिखर दूर से दिखायी देने लगा है। सड़क दुर्घटनायें, मृत्यु दर तथा बीमारियॉ कम हो गयी।

पीएम आवास आबंटन सूची के अनुसार, जरुरतमंद हितग्राहियों को आवास नहीं

आवास के नाम पर गरीबों के साथ कैसा मजाक है

सर्वे सूची से वंचित परिवारों के नाम आवास सूची मे जोड़ने की मॉग

खरोरा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् मिलने वाले आवास सन 2011 के सर्वे सूची के अनुसार आबंटन हो रहा है ,सूची के अनुसार देखा जाए तो वास्तविक आवास पात्र हितग्राही अब भी मुंह ताक रहे है।

तथा जिसके घर पहले से मजबूत है आर्थिक स्थिति के साथ साथ तथा पहले से ही उसके पास एकड़ के बराबर कृषि भूमि भी है फ्रि भी उस हितग्राहीयों का नाम आवास की सूची मे होने के अलावा आवास का निर्माण हो रहा है ,वहीं जिसके पास न रहने लायक घर है,न तिल के बराबर कृषि भूमि नही है व पहले से ही आर्थिक स्थिति खराब है जिसको सबसे पहले आवास की आवश्यकता है उस भूमिहीन गरीब परिवार आवास के लिए तरस रहा है ,या तो फ्रि उस भूमिहीन गरीब परिवार का नाम सर्वे सूची मे नही है या फ्रि अंतिम पंक्ति मे नाम दर्ज है पता नही उस गरीब को कब आवास मिलेगा।

आवास के नाम पर गरीबों,भूमिहीन परिवारों के साथ ये कैसा मजाक है। यह योजना वास्तविकता मे भूमिहीन व अत्यंत. गरीब व कमजोर परिवार को सबसे पहले मिलना था परंतु ऐसा नही है।

आज भी आवास सर्वे सूची से वंचित भूमिहीन,गरीब परिवारों के नाम आवास की सूची मे दिखाई नही दे रहा। वास्तविक कमजोर व गरीब परिवारों को आवास का सर्वे सूची का अवलोकन कर वाजिब व वास्तविक परिवारों को आवास का आबंटन ग्राम पंचायत के द्वारा चिन्हॉकित कर दिया जाता है परंतु ग्राम पंचायत मे एसा नही हो रहा तभी तो आवास मजबूत परिवारों को मिल रहा है ,अगर ग्राम पंचायत द्वारा सर्वे सूची का अवलोकन कर वास्तविक पात्र हितग्राहियों को आवास प्रदाय किया जाता है तो आवास पात्र परिवारों को ही मिलेगा। आवास प्रदाय मे शासन व ग्राम पंचायत को आवास आबंटन का केंद्र बिंदु है।

जरुरी नही है कि सर्वे सूची मे नाम है तो वह गरीब है या आवास की आवश्यकता है।

कृषि विभाग टीम की दबिश, 463 बोरी अवैध रूप से भंण्डारित उर्वरक जब्त

मैनपुर। कृषि विभाग के उपसंचालक एफआर.कश्यप एंव जिला स्तर के टीम ने मैनपुर धवलपुर क्षेत्र के कृषि केन्द्रो में अचानक दबिश दिया और निरीक्षण किया, कुलेश्वर कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमें विक्रय संस्थान में कीटनाशी अधिनियम 1968 के तहत संस्थान का संचालन नही पाए जाने के कारण विक्रय पर प्रतिबंध करते हुए सभी कीटनाशक सामग्रियों को जब्त किया गया वही ध्रुरवागुडी मुकेश जैन के गोदाम में अवैध रूप से विक्रय कर रहे उर्वरक को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया ग्राम ध्रुरवागुडी में मुकेश जैन के गोदाम में युरिया 448,पोटास 08, अमोनियम सल्फेट 7 बोरी पाया गया कुल 463 बोरी अवैध रूप से भंडारित था किसी भी संस्थान को उर्वरक विक्रय करने हेतु उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत जिला के उप संचालक को निर्धारित पारूप में आवेदन प्रस्तुत करना होता है उसके पश्चात अनुज्ञप्ति जारी होने के पश्चात ही उर्वरक का भंडारन व विक्रय करने हेतु अधिकृत होता है परन्तु उक्त जब्त किए उर्वरक विक्रयेता के द्वारा न ही लाईसेंस है और न ही लाईसेंस हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया जो एफसी.ओं 1985 की प्रावधान को घोर उल्लघन है उक्त कार्यवाही में प्रमुख रूप से उपंसचाल के साथ सहायक संचालक कृषि नरसिंह ध्रुव, उर्वरक निरीक्षण आर.एस.गांगे, वरिष्ठ कृषि अधिकारी बी.के शाडिल्य, ग्रामीण कृषि अधिकारी हितेश कुमार, सुनील उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

प्रसंगवश : चान्दी का चम्मच लिए...

पिछले एक दशक में भाजपा के प्रचार तंत्र ने कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को परिवारवाद के आवरण में लपेट कर नेस्तानाबूद करने की कोशिश की। हालांकि कांग्रेस के पुरानी पीढ़ी के नेता इस बात को समझ रहे हैं, लेकिन नई पौध इस प्रोपेगंडा पॉलिटिक्स को समझ नहीं पा रही है। और देश के जिन युवाओं की आवाज बनने का दंभ भर रहे हैं वो युवा आज दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं।

समर्पितों की ताजपोशी...

भूलाए जा चुके पार्टी नेताओं को भी सौगात मिली है।

मंत्री सिंहदेव की पसंद का रखा ख्याल : हालांकि सरगुजा संभाग से लगभग नामों को मंत्री सिंहदेव की पसंद से ही तय किया गया है। जबकि बस्तर संभाग में बस्तर टाईगर के पुत्र के संतुष्ट नहीं होने का हल्ला भी मचता रहा। लब्बोलुआब यह कि मुख्यमंत्री, पीसीसी चीफ और वरिष्ठ नेताओं की रायशुमारी से तैयार बहुप्रतिक्षित निगम-मंडलों की सूची तथा प्राधिकरणों में नियुक्तियों से ज्यादातरों को संतुष्ट करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

2785 गौठानों में गोबर खरीदी...

जाएगा। इस गोबर की गुणवत्ता अर्धठोस प्रकृति की होगी। वहीं इससे बनने वाला वर्मी कंपोस्ट 8 रुपए प्रतिकिलो की दर से बेचा जाएगा। इन सभी दिशानिर्देशों को सभी संभागायुक्तों, जिला कलेक्टरों, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगर निगम के कमिश्नरों, नगर पालिका और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी कर दिया गया।

ये दिशा-निर्देश हुए...

नवीन गौठानों की स्थापना के साथ-साथ योजना का विस्तार होगा। -गोबर का क्रय एवं भुगतान की प्रक्रिया के अनुसार गौठान समितियों द्वारा उसी पंचायत का गोबर क्रय किया जा सकेगा। -गौठान समिति गोबर खरीदी के लिए समय का निर्धारण करेगी। -विक्रय के लिए वर्मी कम्पोस्ट के दो, पांच और तीस किलो के बैग बनेंगे -वर्मी कम्पोस्ट तैयार होने पर पैकिंग के पूर्व प्रत्येक चक्र में कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षण द्वारा प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु नमूना लिया जाएगा। - वर्मी कम्पोस्ट की आकर्षक पैकेजिंग का कार्य स्व सहायता समूह द्वारा कलेक्टर द्वारा नामित नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में किया जाएगा।- वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय शासन द्वारा निर्धारित दर से किया जाएगा। वर्तमान में यह दर 8 रूपए प्रति किग्रा. निर्धारित किया गया है। - विक्रय हेतु कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संक्रमण क्षेत्रों को...

में बुधवार से इसका उपयोग भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि देश के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा बनाए गए उपकरण की तर्ज पर इसे बनाया गया है। यह मशीन 15 गुणा 15 के कमरे को 30 मिनट में विषाणु मुक्त करने की क्षमता रखता है। इसमें 36 वॉट की चार अल्ट्रावायलेट ट्यूब लाइट का इस्तेमाल किया गया है जिसे एक विशेष प्रकार के स्टैंड पर फ्टि गया है ताकि इसे आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया सके। इस उपकरण का प्रयोग अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर, लैबोरेटरी, आई.सी.यू, आइसोलेशन वार्ड जैसी जगहों को कीटाणुमुक्त करने में किया जा सकता है जिन्हें रासायनिक विधियों से पूरी तरह कीटाणु मुक्त नहीं किया जा सकता है।

हाईकोर्ट पहुंचा राजस्थान...

साल्वे और मुकुल रोहतगी कोर्ट में दलील रखेंगे। राजस्थान विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी ने पुष्टि की है कि डिप्टी सीएम सचिन पायलट और उनके समर्थन वाले विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने का नोटिस भेजे गए हैं। वहीं सचिन पायलट ने इस आधार पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है कि गहलोत सरकार की ओर से जारी किए गए नोटिस का कोई कानूनी आधार नहीं है।

विमान सेवा को...

दूरी नहीं रखने की चिंता 62 प्रतिशत, राज्यों द्वारा क्वारंटीन के नियमों की चिंता 55 प्रतिशत और कई यात्रियों के बीच बैठने की चिंता 55 प्रतिशत यात्रियों के दिमाग में है।62 प्रतिशत ने कहा है कि वे निकट भविष्य में फिर हवाई यात्रा करेंगे। वहीं, 38 प्रतिशत यात्री अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने का भी इंतजार कर रहे हैं।

46 फीसदी बोले- संक्रमण का भय...

आठ प्रतिशत ने रेल सफ्र को और 24 प्रतिशत ने सड़क मार्ग से अपने वाहन में यात्रा को सबसे सुरक्षित बताया।

दलित किसान दंपति से...

कटने के बाद खेत को खाली कर देंगे। लेकिन पुलिस और अफसरों का दिल नहीं पसीजा। उन्होंने ताबड़तोड़ लाठियां बरसना शुरू कर दिया। बच्चे रो रहे थे, किसान की पत्नी उसे बचा रही थी लेकिन एमपी पुलिस उतने ही बेरहमी से पिटाई कर रही थी। कुछ देर बाद पुलिस रुक गई और किसान बेसुध होकर खेत में ही पड़ा रहा। जैसे उसे होश आया उसने कीटनाशक पी लिया और फिर जमीन पर गिर गया। पिता को बेसुध पड़े देख, 7 मासूम बच्चे पास में खड़े होकर रो रहे थे। एक बेटी पिता को झकझोर रही थी। पापा उठो ना.. बड़ी बहन की चीत्कार सुन पास में खड़े सभी भाई-बहन रो रहे थे। बच्चों की चीत्कार से आसमान गुंजायमान था।

सीएम चौहान खमोश, सिंधिया ने किया हस्क्षेपः

खास बात यह रही कि अधिकांश मुद्दों पर ट्वीट कर जवाब देने वाले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुना कांड पर ट्वीट नहीं किया। घटना के 24 घंटे से ज्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी चौहान का कोई ट्वीट या बयान इस मामले पर नहीं आया। ज्योतिरादित्य सिंधिया के हस्तक्षेप के बाद गुना के कलेक्टर और एसपी को हटाया गया है।

क्या है मामलाः दरअसल, गुना जिले स्थित कैंट थाने के जगनपुर में मंगलवार को राजस्व विभाग और पुलिस की टीम जमीन से अवैध कब्जा हटाने गई थी। इस जमीन को किसान राजकुमार ने बटाई पर ले रखा है। यह जमीन पूर्व से साइंस कॉलेज के लिए आवंटित है और पुलिस पहले भी इसे एक हिस्से से अवैध कब्जा खाली करा चुकी है। मंगलवार को कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस से किसान दंपति ने कहा कि फ्सल काटने तक रुक जाइए। पुलिस नहीं मानी और जेसीबी चलावा दिया।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित अटल विहार योजनांतर्गत कालोनी, आरंग, जिला-रायपुर में स्थित एलआईजी टाईप-I/भवन क्र.-36 (1) श्रीमती फूलबाई जांगड़े पिता श्री केजऊराम आडिल (2) श्री अजित कुमार जांगड़े पिता श्री मोहनलाल जांगड़े के संयुक्त नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 11.01.2017 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी क्र.-01 श्रीमती फूलबाई जांगड़े पति श्री केजऊराम आडिल निवासी- वार्ड क्र. 20, सतनामी पारा, मांढ़र, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को सहआबंटी क्र. 02, श्री अजित कुमार जांगड़े पिता श्री मोहनलाल जांगड़े, निवासी- वार्ड क्र.-20, सतनामी पारा, मांढ़र, जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में हकत्याग करना चाहती है। हकत्याग अनुमति हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, लीजडीड विलेख की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को सह आबंटी श्री अजित कुमार जांगड़े पिता श्री मोहनलाल जांगड़े के पक्ष में हकत्याग हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के हकत्याग करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-320, श्री देवकुमार सेन पिता श्री आजूराम सेन, के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 28.03.2008 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री देवकुमार सेन पिता श्री आजूराम सेन, पता-65/63क, राजकुमार कालेज दक्षिण गेट, महादेवघाट रोड अश्वनी नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती प्रतिभा गेण्डरे पति श्री जयप्रकाश गेण्डरे पता- एलआईजी-1388, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्रीमती प्रतिभा गेण्डरे पति श्री जयप्रकाश गेण्डरे, पता- एलआईजी-1388, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-416, श्री प्रफुल्ल श्रीवास्तव पिता स्व. श्री एम.एस. श्रीवास्तव के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 28.05.2010 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री प्रफुल्ल श्रीवास्तव पिता स्व. श्री एम.एस. श्रीवास्तव, पता- नवजीवन सोसायटी, पचपेढ़ी नाका, कामिक रेस्टारेंट के पीछे, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री राजेन्द्र सरकार पिता श्री रंजन सरकार पता- 7/23, माना कैम्प, हरि मंदिर के पास, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्री राजेन्द्र सरकार पिता श्री रंजन सरकार पता- 7/23, माना कैम्प, हरि मंदिर के पास, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-05, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-1270, श्री दीपक कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री महात्मा प्रसाद, के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 03.09.2013 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री दीपक कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री महात्मा प्रसाद, पता- दीपक पान भंडार, यूनियन क्लब के सामने, शास्त्री मार्केट, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती शशिकला पति श्री सुरेश कुमार साहू, पता- गौरवुड पारा, ग्राम तेंदुआ, पोस्ट-नरई, जिला-कोरिया (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्रीमती शशिकला पति श्री सुरेश कुमार साहू, पता- गौरवुड पारा, ग्राम-तेंदुआ, पोस्ट- नरई, जिला-कोरिया (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-05, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री मो. सरफराज हुसैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202007100400276

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मोहम्मद सरफराज हुसैन आ. स्व. हसन ईमाम निवासी ताज रोड फरीद नगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग	1759/3	0.010 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम हिना कुकरेजा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202007100400121

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका हिना कुकरेजा ध.प. श्री सी.जे. कुकरेजा निवासी गुरुनानक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	226/17	0.12 हें 12800 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400289

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अर्चना मिश्रा पति श्री राकेश कुमार मिश्रा निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 150/25 रकबा 0.020 हें/ 1916 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400268

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बसंत कुमार आ. स्व. श्री ऋषिराम वर्मा निवासी भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जामुल प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 358/74 रकबा 0.009 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400338

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री प्रशांत शुक्ला आ. श्री ओमप्रकाश शुक्ला निवासी सुभाष नगर केलाबाड़ी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 241/44 रकबा 0.006 हें/ 611 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400331

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अर्चना हरमुख पति श्री राकेश हरमुख निवासी जवाहर नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 462/4 रकबा 0.014 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400330

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती नागेश्वरी सुकतेल पति श्री अशोक कुमार सुकतेल निवासी जगतरा जिला बालोद द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 469/24 रकबा 0.014 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. गोविंद राम साकिन डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं अन्य शामिलात नाम से मौजा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 57 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 287, 355, 656, 670, 856, 857 कुल रकबा 0.800 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के सहखातेदार बहन दुलारी बाई पिता स्व. गोविंद राम की मृत्यु दिनांक 07.02.2019 को हो चुकी है। जिससे उनकी फौती वारिसान नीरज साहू पुत्र, नीलम पुत्री का नाम दर्ज किए जाने एवं शेषखातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर फौती दर्ज किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.07.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021 email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 0771-4035602,

हमदर्द के 'ब्रीदलेस' अभियान में दिखेंगी सिंगर सुनिधि

नई दिल्ली (वार्ता)। हमदर्द लैबोरेटरीज (मेडिसिन डिविजन) ने अपने प्रतिष्ठित टॉनिक ब्रांड सिंकारा के लिए एक नया मार्केटिंग अभियान शुरू किया है, जिसका नाम 'ब्रीदलेस' है। बॉलीवुड की मशहूर सिंगर सुनिधि चौहान इस नए ब्रांड कैंपेन का चेहरा हैं, जिन्होंने 'ब्रीदलेस' को अपनी आवाज दी है। गौरतलब है कि हमदर्द लैबोरेटरीज एक प्रगतिशील और शोध आधारित हेल्थ एवं वेलनेस संगठन है। बाजार में ब्रांड को नए तरीके से स्थापित करने के साथ, कंपनी ने सिंकारा को नई पैकेजिंग और बिल्कुलि नया लुक दिया है, ताकि अपने ग्राहकों की बीच इसकी लोकप्रियता और प्रतिष्ठा को बढ़ाया जा सके। इस कैंपेन का मकसद उन मांओं और गृहिणियों से जुड़ना है, जो परिवार की सेहत तथा खुशहाली के लिए लगातार लगी रहती हैं। सिंकारा एक मशहूर हेल्थ टॉनिक है। इसमें लोगों की पोषण-जरूरतों को पूरा करने के लिए कई सारे विटामिन होते हैं, जो भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यस्त हैं और हर दिन घर से लेकर बाहर तक, कई सारी जिम्मेदारियों को निभाते हैं। इस ब्रांड ने एक एकीकृत, समग्र दृष्टिकोण को अपनाया है। इसमें प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया मंचों का लाभ उठाकर अभियान का दायरा बढ़ाया जाएगा।

किरदार चयन करना बेहद मुश्किल :सुनील शेट्टी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन सुनील शेट्टी का कहना है कि अब उनके लिये फिल्मों में किरदार का चयन बेहद मुश्किल हो गया है।

सुनील शेट्टी करीब 60 वर्ष के हो गये हैं। सुनील शेट्टी शेट्टी ने अपनी आगामी परियोजना की चर्चा करते हुये कहा, ÷मैं अब जवान नहीं रहा और बूढ़ा दिखता नहीं ,इसलिये मुझे पिता के किरदार नहीं मिलते। मैं अब हीरो बन नहीं सकता। इस उम्र में आकर फिल्मों में सही किरदार का चयन करना वो भी अपनी उम्र के हिसाब से, ये काफी मुश्किल होता है। सुनील शेट्टी ने कहा, मैं अब कई सारे प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा हूं। दक्षिण भारतीय फिल्म ,हिंदी फिल्म के आलावा मैं कुछ वेब सीरीज भी कर रहा हूं। बस यही मेरा प्लान हैं, देखते हैं कि ये कितना सफल होता है।

जाह्नवी की 'गुंजन सक्सेनाः द करगिल गर्ल' 12 अगस्त को होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द करगिल गर्ल' 12 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। जाह्नवी फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द करगिल गर्ल' को लेकर काफी चर्चा में है। जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म से जुड़ा अपना एक लुक शेयर कर बताया है कि उनकी ये फिल्म 12 अगस्त को रिलीज होगी।

जाह्नवी कपूर ने फिल्म की रिलीज डेट के साथ लिखा, कारगिल युद्ध में भारत की पहली महिला वायु सेना अधिकारी की कहानी आपके सामने लाते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। उम्मीद है कि ये जर्नी मेरी तरह आपको भी काफी प्रभावित करेगी। 'गुंजन सक्सेनाः द करगिल गर्ल' 12 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म में जाह्नवी कपूर के अलावा अंगद बेदी, मानव विज और पंकज त्रिपाठी भी नजर आएंगे। पंकज त्रिपाठी इस फिल्म में जाह्नवी के पिता के किरदार में नजर आयेंगे।

लता ने ऋतिक की तारीफ की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की स्वर कोकिला लता मंगेश्कर ने माचो मैन ऋतिक रौशन की तारीफ की है। हाल ही में ऋतिक रौशन के दादा रोशन लाल नागरथ की जयंती थी। उस मौके पर लता मंगेशकर ने उनकी याद में उनका फेवरेट गाना 'रहे ना रहें' सोशल मीडिया पर शेयर किया था। उन्होंने रोशन लाल को एक महान संगीतकार बताया था और उनके साथ अपने काम को याद किया था। उस पोस्ट पर ऋतिक ने रिएक्ट करते हुए लिखा था, ÷पूरे परिवार की तरफ से इस पोस्ट के लिए आपका शुक्रिया।

'क्लास ऑफ83' में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभायेंगे बॉबी देओल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल वेबसीरीज फिल्म 'क्लास ऑफ 83' में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आयेंगे। फिल्म 'क्लास ऑफ83' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में बॉबी दमदार पुलिस अफसर के किरदार में नजर आयेंगे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म को शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान और गौरव वर्मा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के निर्देशक अतुल सभरवाल हैं। बॉबी देओल की 'क्लास ऑफ83' की कहानी एक पुलिस अफसर की है जिसकी पनिशमेंट पोस्टिंग की जाती है। पुलिस अफसर को पुलिस एकेडमी का डीन बना दिया जाता है। लेकिन वह फैसला करता है कि भ्रष्टाचारी अफसरशाही को वह सजा दिलाकर ही रहेगा।

राजकुमार राव की 'लूडो' नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'लूडो' नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जायेगी। राजकुमार राव ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'लूडो' का फर्स्ट लुक शेयर किया है, जिसमें उनके साथ फातिमा सना शेख नजर आ रही हैं। राजकुमार ने कैप्शन में लिखा, ÷देखिए चार खिलाड़ियों को एक ऐसे गेम में अपनी किस्मत को आजमाते हुए जहां कुछ भी संयोग नहीं है और सबकुछ प्लान किया हुआ है। लूडो जल्द नेटफ्लिक्स पर। फिल्म 'लूडो' की रिलीज डेट का अभी ऐलान नहीं किया गया है। फिल्म का निर्देशन अनुराग बासु ने किया है। 'लूडो' में राजकुमार राव और फातिमा सना शेख के अलावा अभिषेक बच्चन, सान्या मल्होत्रा, आदित्य रॉय कपूर और पंकज त्रिपाठी की मुख्य भूमिकायें है।

मार्क मार्केज़ एक बार फिर दावेदार लेकिन मिलेगी चुनौती

जेरेज (वार्ता)। मोटो जीपी एक बार फिर से शुरू हो रहा है और मार्क मार्केज़ (रेप्सोल होंडा टीम) एक बार फिर से ताज हासिल करने के लिए सबसे प्रबल दावेदार है।

मार्केज़ ने 2013 के बाद से 56 जीत और 95 पोडियम की बदौलत सात में से छह विश्व चैम्पियनशिप जीती है जबकि वह एक ही बार ख़िताब से दूर रहे है। 2019 में उन्होंने रेसिंग के प्रीमियर क्लास के इतिहास में सबसे अधिक अंक बनाए और केवल एक ही बार शीर्ष दो के बाहर रेस को ख़त्म किया। लेकिन 2020 एक गेम-चेंजर हो सकता है, विशेष रूप से कुछ विशेष परिस्थितियों को देखते हुए जिस समय इसे आयोजित किया जाएगा।

इस तरह के व्यस्त कैलेंडर में मार्केज़ की एक गलती उनके प्रतिद्वंन्द्वियों को खिताब को हासिल करने का मौका दे सकती है। प्रबल दावेदारों की गिनती में फैबियो क्वार्टरारो (पेट्रोनास यामाहा एसआरटी) हैं। रेसिंग की दुनिया में किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि क्वार्टरारो अपने पदार्पण वर्ष में मोटो जीपी पर ऐसा प्रभाव डालेंगे। शीर्ष स्वतंत्र राइडर और रूकी ऑफ द ईयर के खिताब से नवाज़े गए 21 वर्षीय फैबियो ने अपनी क्लास को छह पोल पोजीशन और सात पोडियम फिनिश के साथ प्रदर्शित किया। उन्होंने मार्क मार्केज़ को एक अच्छी चुनौती दी थी सबसे विशेष रूप से मिसानो और बुरिराम में।

मार्क मार्केज़ को इस साल एक और रेसर चुनौती देने के लिए तैयार है जिनका नाम मेवरिक विनालेस है। दो जीत और सात पोडियम जीतने के बाद यह सुनिश्चित हो गया है कि यामाहा ने विनालेस के रूप में आगे का सही विकल्प ढूंढ लिया है। इस साल मार्केज़ के प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों में एंड्रिया डोविज़ियोसो (डुकाटी टीम) होंगे। विनालेस की तरह डुकाटी ने 2019 में दो बार जीत हासिल की जिस वजह से वह शीर्ष तीन में नौ बार शामिल हुए थे। 34 वर्षीय डोविज़ियोसो पिछले तीन साल से लगातार मार्केज़ के बाद फिनिश कर रहे हैऔर दूसरे नंबर पर अपनी जगह बनाये हुए हैं। क्वालीफाइंग रेस 18 जुलाई शनिवार को होगी जबकि रविवार 19 जुलाई को मुख्य रेस होगी जिसका यूरोस्पोर्ट और यूरोस्पोर्ट एचडी पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

बड़े भाई स्नेहाशीष को कोरोना होने से सौरभ गांगुली क्वारंटीन में

कोलकाता (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष गांगुली के बड़े भाई और बंगाल क्रिकेसौरभ ट संघ (कैब) के संयुक्त सचिव स्नेहाशीष गांगुली कोरोना से संक्रमित हो जाने के बाद गांगुली खुद क्वारंटीन में चले गए हैं।

स्नेहाशीष के कोरोना से संक्रमित होने के बाद प्रोटोकॉल के मद्देनजर गांगुली और कैब के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने खुद को घर में क्वारंटीन कर लिया है। कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण गांगुली अपने निवास के पास स्थित कार्यालय से बीसीसीआई का कामकाज देख रहे थे।

स्नेहाशीष के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए डालमिया ने कैब के जरिए बयान जारी कर कहा, ÷यह कठिन समय है। स्नेहाशीष ने खुद को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्हें हल्का बुखार है लेकिन वह फिलहाल स्थिर हैं। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मैंने जरुरी प्रोटोकॉल के तहत खुद को कुछ दिनों के लिए घर में क्वारंटीन में रखने का फैसला किया है।÷

डालमिया ने कहा, ÷हां मैं भी कुछ दिनों तक होम क्वारंटीन में रहूंगा।

होल्डर और स्टोक्स करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

दुबई (वार्ता)। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर और इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए। साउथम्पटन में पहले टेस्ट के बाद रैंकिंग जारी हुई है। विंडीज ने यह टेस्ट सात विकेट से जीता था। होल्डर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में कुल सात विकेट झटके थे जिसके दम पर वह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 862 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। होल्डर ने 20 वर्षों में वेस्ट इंडीज के किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल किए हैं। होल्डर से पहले विंडीज के कर्टनी वाल्श को अगस्त 2000 में 866 अंक हासिल हुए थे। होल्डर 485 अंक के साथ टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं जबकि पहले टेस्ट के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में वह 35वें नंबर पर हैं। नंबर दो टेस्ट ऑलराउंडर स्टोक्स ने रेटिंग अंकों में उछाल हासिल किया है।

2022 फीफा विश्व कप की शुरुआत करेगा क़तर

दोहा (वार्ता)। वर्ष 2022 के फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का मेजबान क़तर 21 नवम्बर को 60 हजार दर्शकों की क्षमता वाले अल बायत स्टेडियम में उद्घाटन मुकाबला खेलकर टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा जबकि फाइनल 18 दिसम्बर को 80 हजार दर्शकों की क्षमता वाले लुसैल स्टेडियम में खेला जाएगा।

फीफा विश्व कप मैचों का कार्यक्रम बुधवार को जारी किया गया है जिसके अनुसार ग्रुप चरण में रोजाना चार मैच खेले जाएंगे। दोहा और उसके आसपास की दूरी कम होने के कारण प्रशंसकों के लिए एक दिन में कई मैच देखना संभव हो सकेगा। अल बायत एक सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा। 2022 विश्व कप के मैच समय भारतीय खेल प्रेमियों को भाएंगे। उद्घाटन मकाबला 21 नवम्बर को भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से होगा।

फिलिप ब्लैक आयरलैंड क्रिकेट के अध्यक्ष नियुक्त

डबलिन (वार्ता)। फिलिप ब्लैक को क्रिकेट आयरलैंड का अगला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। फिलिप को अध्यक्ष बनाने का फैसला बोर्ड की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुए पहली वार्षिक आम बैठक के दौरान लिया गया। फिलिप मौजूदा अध्यक्ष डेविड ओ कोनोर की जगह पद संभालेंगे और उनका कार्यकाल बोर्ड की 2022 में होने वाली अगली वार्षिक आम बैठक तक रहेगा।

रिजिजू ने खेल गतिविधियां शुरू करने का फैसला राज्यों पर छोड़ा

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने कोरोना संकट के बीच खेल गतिविधियों और प्रशिक्षण को शुरू करने का फैसला राज्य सरकारों पर छोड़ दिया है। कोरोना के कारण देश में तमाम खेल गतिविधियां बंद हैं।

रिजिजू ने सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के युवा मामलों और खेल विभागों के प्रभारी मंत्रियों और अधिकारियों के साथ दो दिवसीय वीडियो कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। कॉन्फ्रेंस बुधवार को समाप्त हुई जिसमें रिजिजू ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवा मामले एवं खेल विभाग के मंत्रियों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद किया। बैठक में कोविड-19 के पश्चात खेलों की बहाली पर चर्चा की गयी।

खेल मंत्री ने राज्यों में खेल गतिविधियों को फिर से शुरू किए जाने की संभावनाओं पर कहा, ÷राज्यों को स्वतंत्र रूप से यह फैसला लेना होगा कि वे खेल गतिविधियां और प्रशिक्षण कब शुरू कर सकते हैं। हालांकि मैं सभी राज्यों से 2-3 महीनों के बाद हालात को देखते हुए कुछ खेल गतिविधियां शुरू करने का अनुरोध करूंगा। उन्होंने कहा, हम सीमित रूप से और गैर अनुबंधित खेलों के लिए खेल कार्यक्रम शुरू कर सकते हैं। ऐसे कुछ राज्य हैं, जिन्होंने अपने खेल केन्द्रों को खोल दिया है और कुछ खेल प्रशिक्षण शुरू कर दिए हैं। हालात सुधरने के साथ हमें ऑन-फील्ड खेलों को फिर शुरू करने के प्रयास करने चाहिए।

दो दिन की कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाले राज्यों/ संघ शासित क्षेत्रों में से कई ने खेल गतिविधियां शुरू कर दी हैं, जबकि अन्य इसकी योजना बना रहे हैं। दिल्ली, सिक्किम, लक्षद्वीप, चंडीगढ़, गोवा पहले ही टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, तीरंदाजी, शॉटपुट, भाला फेंक आदि गैर अनुबंधित खेलों से जुड़ी गतिविधियां शुरू कर चुके हैं। नागालैंड फुटबाल और स्वदेशी खेलों में जिला स्तर की प्रतिस्पर्धाएं शुरू करने योजना बना रहा है। झारखंड की सितंबर से खेल शुरू करने की योजना है, वहीं अरुणाचल प्रदेश, बिहार और मिजोरम खेल शुरू करने के लिए एसओपी तैयार कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि 'एक राज्य एक खेल' नीति का पालन करने के लिए राज्यों का पूर्ण समर्थन मिला है क्योंकि मंत्रियों और अधिकारियों ने एक खेल वाली नीति को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई है जिसमें उनका राज्य पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रत्येक राज्य में एक 'खेलो इंडिया स्टेट सेंटर एक्सीलेंस' (केआईएससीई) की स्थापना और 'एक राज्य एक खेल' नीति का पालन करने के लिए राज्यों का पूर्ण समर्थन मिला है क्योंकि मंत्रियों और अधिकारियों ने एक खेल वाली नीति को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई, जिसमें उनका राज्य पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है। खेल मंत्री ने कहा, हमारा मंत्रालय एक या दो खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए राज्यों को सहायता प्रदान करेगा और उन्हें धन उपलब्ध कराएगा।

जैविक सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने के कारण आर्चर दूसरे टेस्ट से बाहर

मैनचेस्टर (वार्ता)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर टीम को सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है।

आर्चर अब पांच दिनों तक अलग-थलग रहेंगे जिसके दौरान उनका दो बार कोरोना वायरस का टेस्ट किया जाएगा। अगर दोनों बार उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो उन्हें अलग-थलग नहीं रहना होगा। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्होंने इस बात से वेस्टइंडीज टीम मैनेजमेंट को अवगत कराया है और वे बोर्ड द्वारा किए गए उपायों से संतुष्ट हैं। आर्चर ने कहा, ÷मैंने जो किया है उसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं। मैंने ना सिर्फ अपने आपको बल्कि पूरी टीम और मैनेजमेंट को खतरे में डाल दिया है। मैं इस दंड को स्वीकार करता हूं और सभी लोगों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा, ÷टेस्ट मैच से बाहर होना मेरे लिए वाकई दुखद है। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैंने दोनों टीमों को खतरे में डाला है और इसके लिए मैं एक बार फिर माफी चाहता हूं।

नव प्रदेश

न्यूज गैलरी

सर्पदंश से बच्चे की मौत

महासमुंद। घर में सो रहे तीन वर्षीय बच्चे को एक जहरीले सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। सरायपाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। बसना शहर निवासी अनुज सोनवानी ने बताया कि उनका पुत्र रोहित सोनवानी घर में अपनी मां के साथ सोया हुआ था। रात में उसे जहरीले सांप ने काट लिया। घायल अवस्था में उसे सरायपाली सरकारी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

शराब पिलाने की दी सुविधा, कार्रवाई

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के वार्ड 10 में युवक को अपनी दुकान में शराब पिलाने की सुविधा देते हुए पुलिस ने पकड़ा। राजकुमार बंजारा पिता जगदीश बंजारा (36) अपनी दुकान में लोगों को शराब पिला रहा था। शिकायत पर पुलिस ने आबकारी एक्ट 36 (सी) के तहत कार्रवाई की।

सड़क हादसे में बाइक चालक मृत

महासमुंद। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद मृतक के खिलाफ 304 ए के तहत जुर्म कर जांच में लिया है। बस्ती बागबाहरा निवासी मृतक चैनसिंह यादव पिता बुधुराम यादव (31) बाइक को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खंभे से टकरा गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

आनलाइन एंट्री न होने से लॉटरी स्थगित

महासमुंद। आरटीई के तहत निजी स्कूल में गरीब बच्चों के प्रवेश के लिए दिए गए आवेदनों की आनलाइन एंट्री नहीं होने की वजह से बुधवार को होने वाली लॉटरी स्थगित हो गई। लॉटरी के लिए पालकों और बच्चों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। महासमुंद जिले में प्रथम चरण में 2049 सीटों पर 2334 छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन जमा किया है। जानकारी के मुताबिक आरटीई के तहत आरक्षित सीटों के लिए 10 जुलाई तक आवेदनों की आनलाईन एंट्री करने के निर्देश मिले थे। पोर्टल में दिक्कत होने की वजह से कई पालकों से आफलाईन आवेदन लिए गए थे लेकिन उक्त आवेदनों की निर्धारित अवधि में आनलाईन एंट्री नहीं होने की वजह से लाटरी नहीं हो पाई। बता दें कि आरटीई के लिए आवेदन की प्रक्रिया मार्च में प्रारंभ हुई थी। पहले मई तक सीटें आबंटित कर प्रक्रिया पूर्ण करने की योजना थी। कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से प्रवेश प्रक्रिया बाधित हुई। इसके अलावा लॉटरी भी नहीं खुल पाई। जिले में 225 निजी स्कूल हैं। अभी भी कई स्कूल ऐसे हैं जिसमें एक भी आवेदन नहीं आए हैं। वहीं शहर के बड़े निजी स्कूलों में सीट से 10 गुना ज्यादा आवेदन आए हैं।

जिले में 1.28 लाख किसान पंजीकृत, जानकारी देने एप भी लांच

महासमुंद। जिले में 1.28 लाख छोटे-बड़े किसान पंजीकृत हैं, जो खेती किसानी करते हैं। स्वचालित मौसम केंद्र से इन किसानों तक सूचनाएं और जानकारी साझा करने के लिए अलग-अलग तरह के कदम उठाए जाएंगे। इसमें किसान पोर्टल, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, दूरदर्शन, रेडियो, इंटरनेट और मोबाइल फोन पर एसएमएस के जरिए मौसम संबंधी सूचनाएं साझा की जाएगी। मौसम विज्ञानी दीपांशु मुखर्जी ने बताया कि मौजूदा समय में देश के 4.2 करोड़ किसान एसएमएस के जरिए एग्रोमेट एडवायजरी प्राप्त कर रहे हैं। किसानों को अपने जिले में मौसम की जानकारी और संबंधित कृषि मौसम संबंधी सलाह ठीक तरह से मिल जाए, इसके लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने मेघदूत नामक एक मोबाइल एप भी लांच किया है। साथ ही इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर की ओर से क्रॉप डॉक्टर एप भी तैयार किया गया है। इस एप के जरिए किसान फसलों में होने वाले कीट और उसके उपाय के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

खाली प्लाट में कूड़ा, कचरा पाया गया तो जमीन मालिक पर होगी कार्रवाई

महासमुंद। नगर पालिका परिषद द्वारा 2021 में प्रस्तावित स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इस कड़ी में खुले में कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने पर रोक लगाई गई है। ऐसा करने वालों पर कानूनी कार्रवाई के अलावा जुर्माना भी लगाया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ए. के. हालदार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा रेटिंग प्रतियोगिता एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत खुले में कूड़ा कचरा फेंकने व गदंगी फैलाने वालों के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम की धारा के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी, और जुर्माना भी किया जा सकता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 लागू है, जिसकी अवहेलना या फिर अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मृतक के परिजनों को चार लाख की आर्थिक सहायता

महासमुंद। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक व्यक्ति के परिवारजनों के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम बोईरगांव निवासी तीजबाई विश्वकर्मा की मृत्यु 17 फरवरी 2019 को आग में जलने से होने पर उनकी पुत्री लक्ष्मी विश्वकर्मा एवं अग्नि उर्फ किरन विश्वकर्मा को संयुक्त रूप से चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

निधन

हरि सचदेव

महासमुंद। स्थानीय गंजपारा निवासी हरि सचदेव (45) का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. श्रीचन्द सचदेव के पुत्र, स्व. प्रकाश सचदेव, रमेश, हरीश के अनुज एवं बंटी के अग्रज थे एवं डॉ एन सचदेव व परसराम सचदेव के चचेरे भाई थे। सौरभ सचदेव के पिता व बादल सचदेव, सांसद प्रतिनिधि राकेश सचदेव, सत्यम, सुजल, अमित, पंकज के चाचा थे।

पैरी नदी का सीना चीरकर दिन-रात रेत का अवैध खनन और ट्रांसपोर्ट निरंतर जारी

नवप्रदेश फॉलोअप

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला खनिज विभाग के अफ़सर ने तो बकायदा कृषि ज़मीन पर ही भंडारण करने की एनओसी जारी कर दी है। जबकि गौण खनिज भंडारण अधिनियम के तहत प्रवर्तित (डायवर्सन)भूमि पर ही रेत भंडारण के लिए पात्रता होगी। किन्तु यहाँ पदस्थ अफ़सर अपनी मनमर्जी से नियम तय कर रहे हैं।

पूरा माज़रा यह है कि बारिश काल में 15 जून से 15 अक्टूबर तक प्रदेश के समस्त रेत खदानों में शासन के निर्देशानुसार रेत खनन व परिवहन पर बैन लगा हुआ है।

शासन के नियमों को चैलेंज करतर हुए रेत माफिआओं के इशारों पर खनिज अफ़सर व जिला प्रशासन के मुखिया खुद का कानून फॉलो कर रहे है।

ऐसा है रेत का खेल

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक़ जिले के रेत खदानों से प्रतिदिन 400 हाईवा से रेत परिवहन हो रही है। गरियाबंद जिला में 1 हाईवा की अनुमानित लोडिंग खर्च 6000 रुपये है। इस तरह से महज़ एक दिन में 24 लाख रुपये और एक सप्ताह में लगभग 17 करोड़ रुपये का हिसाब-किताब बैठता है।

अब हो ये रहा है कि शासन को रेत लोडिंग व ट्रांसपोर्ट करने के एवज़ में किसी भी तरह के रायल्टी नहीं देने पड़ रहे हैं। बारिश कॉल में रेत की कीमत भी दोगुना है,दोगुने कीमत पर ही गरियाबंद रेत घाटों से रेत बिक्री हो रही है। रेत से होने वाले इनकम सीधा-सीधा संलिप्त पार्टनर के बीच बराबर हिस्सेदारी में बंटवारा हो रही है।

गरियाबंद की रेत रायपुर दुर्ग भिलाई व राजनांदगांव जैसे महानगरों में पहुँच कर 25000 से 30000 हज़ार प्रति हाईवा की दर पर अनलोडिंग हो रहा है।

> जिले के रेत खदानों से प्रतिदिन 400 हाईवा से रेत परिवहन हो रही है। गरियाबंद जिला में 1 हाईवा की अनुमानित लोडिंग खर्च 6000 रुपये है। इस तरह से महज़ एक दिन में 24 लाख रुपये और एक सप्ताह में लगभग 17 करोड़ रुपये का हिसाब-किताब बैठता है। गरियाबंद की रेत रायपुर दुर्ग भिलाई व राजनांदगांव जैसे महानगरों में पहुँच कर 25000 से 30000 हज़ार प्रति हाईवा की दर पर अनलोडिंग हो रहा है। इस बीच शासन के नियमानुसार एक चवन्नी का रायल्टी-शुल्क शासन को नहीं जाता,पूरा पैसा हिस्सेदारी में बंटवारा हो रहा है।
>
> **प्रीतम सिन्हा , भाजपा नेता गरियाबंद**

इस बीच शासन के नियमानुसार एक चवन्नी का रायल्टी-शुल्क शासन को नहीं जाता,पूरा पैसा हिस्सेदारी में बंटवारा हो रहा है। इधर जनता और नेता रेत चोरी होने पर शिकायत पर शिकायत करते जा रहे और हमारे साहब लोग शासन के महत्वपूर्ण योजना रोका-छेका में व्यस्त है। टीएल की बैठक भी रोका छेका पर शुरू होता है और खत्म भी उसी पर।

राजिम क्षेत्र के कुरुसकेरा रेत घाट में स्थानीय ग्रामीण थक गए है शिकायत करते करते,इधर रेत माफ़िया के गुर्गे शिकायत करने वालों के घर घूंस जा रहे धमकाने। प्रशासन इस क़दर गूंगे बहरे बन गए है कि इन्हें सिर्फ उनके आकाओं की ही आवाज सुनाई पड़ती है।

सबसे मजेदार बात तो यह है कि जिले के बड़े अफसर की कुर्सी महज अक्टूबर माह तक के लिए लगा है, अब जनता अंधेर गर्दी के पीछे की राज़ भी समझ गए हैं।

टू-नॉट परीक्षण में परखे गए 395 मरीज, नहीं मिला एक भी धनात्मक प्रकरण

महासमुंद। हाल ही में जिले में आरंभ हुई कोरोना जांच की सुविधा के साथ ही अब हर घंटे तेज गति से परिणाम प्राप्त होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार आज तक जिले के अलग-अलग विकासखण्डों से कोरोना संक्रमण के संदिग्ध मरीजों के कुल 395 नमूने लेकर जिला स्तरीय कोविड लैब में ही जांचे और परखे गए। पायथोलॉजिस्ट डा. विपिन बिहारी अग्रवाल ने बताया कि विकासखण्डवार आंकलन अनुसार महासमुंद से 137, बागबाहरा से 95, पिथौरा से 24, बसना से 69 और सरायपाली से 70 नमूनों का परीक्षण हो चुका है। जिनमें से सभी के परिणाम ऋणात्मक मिले हैं। दूसरी ओर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में बनी इस जिला स्तरीय कोरोना लैब में हो रही सफलतापूर्वक जांच को देखते हुए राज्य का अमला इसकी परीक्षण क्षमता को और अधिक बढ़ाने की तैयारी में है।

धान सड़ने और जीरो शॉर्टेज की कवायद प्रदेश सरकार और आला अफसरों की मिली-जुली मनमानी का नमूना - संदीप शर्मा

गरियाबंद। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा ने उपार्जन केंद्रों में लाखों क्विंटल धान के सड़ जाने और रिकॉर्ड में जीरो शॉर्टेज करने की चल रही कवायद को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री शर्मा ने कहा कि यह प्रदेश सरकार और आला अफसरों की मिली-जुली मनमानी का जीता-जागता नमूना है।

उन्होने कहा कि धान खरीदी के दौरान बार-बार हुई बारिश के चलते करोड़ों रुपए का धान पानी में भीगकर सड़ गया। प्रदेश सरकार तथा आला अफसर अब जीरो शॉर्टेज धान खरीदी का रिकॉर्ड बनाने की कवायद में जुटकर लीपापोती करने में लगे हैं। इसी के चलते धान खरीदी के 06 माह बीत जाने के बाद भी अब तक धान का हिसाब-किताब पूरा नहीं किया जा सका। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी लापरवाही व विफलताओं पर पर्दा डालने और अपनी नाक बचाने के फेर में बड़े नौकरशाहों के जरिए सहकारी खरीद समितियों पर जीरो शॉर्टेज धान खरीदी का रिकॉर्ड तैयार करने का दबाव बनाकर एक बार फिर प्रदेश की जनता आँखों में धूल झोंकने का कृत्य कर रही है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि सरकार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करके अब खरीद समितियों को बहुत बड़े नुकसान की ओर धकेल रही है। प्रदेश सरकार ने बफर स्टाक से ऊपर का धान 72 घंटे में उठाने के अनुबंध का पालन नहीं किया और समितियों को वे जरूरी संसाधन मुहैया नहीं कराए जिससे धान को सुरक्षित रखा जा सकता। संसाधनों की कमी के चलते समितियाँ भी विवश थीं। अब सरकार अपनी गल्ती को सहकारी खरीद समितियों पर डालकर उन्हें बर्बाद करने पर तुली हुई है। धान के सड़ने के लिए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़कर प्रदेश सरकार सहकारी समितियों को आर्थिक चोट पहुँचा रही है।

उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समिति के लोगों को बर्खास्त करने की कार्रवाई को बेहद निंदनीय है। सहकारी समिति प्रभारियों द्वारा करोड़ों रुपए मूल्य का धान भीग जाने की बात लिखकर देने के बावजूद प्रदेश सरकार हर सूरत में हिसाब में जीरो शॉर्टेज दिखाने के लिए सहकारी समितियों पर अनुचित दबाव बनाने पर आमादा है। यदि धान खरीदी के समय सुरक्षा के मामले में सरकार मुस्तैद रहती तो यह नौबत ही नहीं आती। प्रदेश सरकार द्वारा सत्तावादी अहंकार और मनमानी कर लोगों की आँखों में धूल झोंकने की एक नई कवायद का भाजपा किसान मोर्चा कटु निंदा करता है।

गरियाबंद के बीरेंद्र सेन बने सेन समाज के प्रदेश संगठन सचिव

गरियाबंद। 14 जुलाई को दुर्ग के शंकर नगर स्थित कुर्मी छात्रावास भवन में सेन समाज की प्रांतीय स्तर समाज शपथ ग्रहण समारोह आयोजित की गई उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छ.ग. के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिताजी श्री नन्द कुमार बघेल थे ।

कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन तथा छत्तीसगढ़ की अभिनेत्री व छत्तीसगढ़ी गायिका मोना सेन तथा प्रांत के समस्त पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में गरियाबंद सेलून संघ के जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र सेन पिता बाजीराम सेन को प्रांतीय सेन समाज द्वारा प्रांतीय सेन समाज संगठन सचिव में अहम जिम्मेदारी सौंपी और नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए सेन समाज कल्याण में निरंतर कार्य करने सभी समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा शुभकामनाएं व बधाई दी गई । बीरेंद्र सेन को सेन समाज के प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किए जाने पर सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन,बस्तर संभाग के सेन समाज अध्यक्ष किशन सेन, सेलून संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव सेन, गरियाबंद सेलून संघ के जिला अध्यक्ष अशोक सेन, राजिम सेलून संघ के अध्यक्ष हेमंत सेन, छुरा सेलून संघ के अध्यक्ष मदन सेन के साथ ही स्थानीय गरियाबंद सेलून संघ के शिवा सेन,मिथलेश सेन,युगांत कौशिक,खिलावन सेन,पुष्पेन्द् सेन,चमन सेन आदि ने बधाई दी है ।

विभिन्न मांगों को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। बस स्टैंड के व्यापारियों ने दुकानों की छत मरम्मत, लाइट और पेयजल व्यवस्था की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है.

गुरुघासीदास बस स्टैंड के व्यवसायियों ने गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर से मिलकर दुकानों की छतों पर वर्षो से सफाई नहीं होने के कारण बारिश से दुकानों में सीपेज होने की जानकारी दी. वहीं रायपुर की ओर जाने वाली बसे खड़ी रहती है लेकिन लाइट की व्यवस्था नहीं होना, और यात्रियों सहित दुकानदारों के लिए पेयजल की परेशानियों से अवगत कराया गया. जिस पर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने लोक निर्माण, जल और विद्युत विभाग के प्रभारियों को तत्काल निर्देश देते हुए समस्या का निराकरण करने को कहा है.।

शाला परिसर में पौधारोपण किए और घर-घर जाकर दी ऑनलाइन पढ़ाई की जानकारी

लवन। समीपस्थ ग्राम खैन्दा (लवन) के शासकीय प्राथमिक शाला खैन्दा (लवन) मे 14 जुलाई 2020 को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें संस्था प्रमुख भागवत प्रसाद चंद्राकर के दिशा निर्देशन एवं सभी शिक्षकों के विशेष सहयोग से शाला प्रांगण में मुनगा, अमरूद, सीताफल, नीम के विभिन्न पौधों की रोपाई की गई। इस अवसर पर शिक्षक महेन्द्र कुमार घृतलहरे, सत्यवती तिर्की, मनीषा दीवान ,साहेब लाल पटेल, रामप्रकाश डडसेना, हेमंत कुमार पैकरा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खैन्दा के प्रभारी प्राचार्य रामुलाल लहरे, राज किरण साहू, छाया नेताम ,राकेश साहू सभी शिक्षकों द्वारा पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा का दायित्व भी लिया । इस दौरान शिक्षक महेन्द्र कुमार घृतलहरे ने पेड़ पौधों के लाभ व

जीवन में उसकी आवश्यकता और महत्व के बारे में बताया । साथ ही संस्था प्रमुख भागवत प्रसाद चंद्राकर ने बताया कि कोरोना काल के कारण हमारे कार्ययोजना में रुकावट आ गया है । हमारे संस्था के लिए किचन -गार्डन सह बालउद्यान तैयार करने के उद्देश्य से तार, जाली, पोल, गेट आदि की व्यवस्था कर ली गई है । समय मिलते ही किचन गार्डन सह बाल उद्यान का निर्माण किया जाएगा ।

पौधारोपण पश्चात सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ग्राम खैन्दा के शासकीय प्राथमिक शाला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के प्रत्येक घर में जाकर ऑनलाइन पढ़ाई के कार्यक्रम से अवगत कराया। इसके 2 सप्ताह पूर्व भागवत प्रसाद चंद्राकर एवं शिक्षक महेन्द्र कुमार घृतलहरे ने घर-घर जाकर स्मार्टफोन चलाने वाले पलकों के मोबाइल में सिस्को वेबैक्स एप डाउनलोड करा चुके हैं ।

अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में शुरू हुई ऑनलाईन पढ़ाई

बलौदाबाजार। जिले की एकमात्र अंग्रेजी माध्यम की सरकारी शाला एसडीएम हायर सेकेण्डरी स्कूल में ऑनलाईन पद्धति से वर्चुअल क्लास शुरू हो गई। बच्चे अपने घर में बैठकर मोबाईल से पढ़ाई कर रहे हैं। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने आज यहां जिला ग्रंथालय में ऑनलाईन कक्षाओं का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने वर्चुअल कक्षाओं में हिस्सा ले रहे कुछ बच्चों से चर्चा कर उनका अनुभव सुना और उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ डॉ. फरिहा आलम, एडीएम जोगेन्द्र नायक, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर श्री राकेश गोलछा,जिला समन्वयक श्री सोमेश्वर राव, इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य श्री के.एस.तिवारी आदि उपस्थित थे। अंग्रेजी के लेक्चरर श्री रमेश कुमार नेगी और फिजिक्स के लेक्चरर श्री कौशिक मुनि त्रिपाठी के व्याख्यान से कक्षायें शुरू हुई। श्री नेगी ने पहले दिन आज कक्षा नवमीं में अंग्रेजी विषय के ग्रामर और श्री त्रिपाठी ने फिजिक्स के फिजिकल क्वांटिटी टॉपिक पर सरल तरीके से बच्चों को पढ़ाये। कक्षा नवमीं में 27 और ग्यारहवीं में 14 बच्चों ने पहले दिन लाईव्ह क्लास में भाग लिये। जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.के.वर्मा ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग की पढ़ाई तुंहर दुआर योजना के अंतर्गत ऑनलाईन क्लास शुरू की गई है। बहुत जल्द अन्य कक्षायें भी शुरू होंगी। इंग्लिश स्कूल के लिये शिक्षकों की भर्तियां शुरू हो गई है। इनकी छंटनी का काम चल रहा है।

पालिका के अधीन स्कूलों में पदस्थापना की मांग

महासमुंद। नयापारा के अम्बेडकर प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर को एक ज्ञापन सौंपा है। शिक्षकों ने उक्त प्राथमिक शाला में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की स्थिति में उन्हें पालिका के अधीन स्कूलों में पदस्थ करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में बुधवार को एक दल ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से मुलाकात की। सहायक शिक्षकों ने बताया कि नयापारा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर में नए सत्र 2020-21 से अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू होने जा रहा है। ऐसे में उक्त स्कूल में पदस्थ 7 सहायक शिक्षक जो हिन्दी माध्यम के शिक्षक हैं, ऐसे में सभी शिक्षकों को शाला से विहीन होना पड़ रहा है। ि

राहत

बलार जलाशय में 47 प्रतिशत पानी, 17 जलाशय हुये लबालब

जिले की जलाशयों में औसतन 50 प्रतिशत जल भराव

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कुल 58 लघु जलाशयों में आज तक औसतन 50 प्रतिशत जल भराव हुआ है। बड़े अरसे बाद अनुकूल बारिश होने से इतनी कम अवधि में जलाशयों में आशाजनक जलभराव दर्ज किया गया है।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता टी.सी.वर्मा ने बताया कि कसडोल विकासखण्ड की जीवनदायिनी माने जाने वाली मध्यम सिंचाई परियोजना बलार जलाशय में 47 प्रतिशत जल भराव हुआ है। तथापि इस उपलब्ध जल की मात्रा से कसडोल विकासखण्ड के 30 ग्रामों के लगभग 16हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में खरीफ सिंचाई एवं शेष जल से रबी सिंचाई तथा ग्रीष्मकाल में 26 ग्रामों के 41 निस्तारी तालाबों को भरा जा सकेगा

। वर्तमान में जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र में वर्षा होने से पानी का आवक निरंतर बना हुआ है। कसडोल विकासखण्ड में 10 लघु जलाशयों में से 4 जलाशय- साबर, चरौदा, कसडोल तथा बैजनाथ जलाशय लबालब हो चुके हैं। जबकि शेष 6 जलाशयों मे औसत 30 से 34 प्रतिशत जल भराव हुआ है।

बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 22 लघु जलाशयों में 12 जलाशय शत-प्रतिशत भर चुके हैं जो कि इस प्रकार है- परसाडीह, देवरबोड़, लोवर सोनिया, झुमका, रायकोना, चारभाठा, बम्हनपुरी, भटगांव, चकरदा, सूखा, पिरदा, एवं चुहरा जलाशय तथा शेष 10 तालाबों में औसत 54.37 जल भराव हुआ है। जिले के शेष 4 विकासखण्ड के अधिकांष क्षेत्र मुख्यतः महानदी परियोजना (गंगरेल), समोदा तथा भाटापारा शाखा नहर से सिंचित होते हैं। तथापि लघु योजनाओ में बलौदाबाजार के 6 लघु जलाशयों मे औसत 25 प्रतिशत, पलारी विकासखण्ड के 7 तालाबों मे 10 प्रतिशत , भाटापारा के 3 जलाषयों मे 3 प्रतिशत तथा सिमगा के 9 जलाशयों मे 28.5 प्रतिशत भरा जा चुका है। वहीं देवरीडीह जलाशय मे शत-प्रतिशत पानी उपलब्ध है। वर्तमान में लगभग 35 प्रतिशत ही औसत वर्षा हुई है तथा अभी वर्षाकाल का लगभग दो माह से भी अधिक समय शेष है। जिसमें अच्छी वर्षा होने की स्थिति में जलाशयों मे और अधिक जलभराव की संभावना बनी हुई है। साथ ही कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के वृहद जोंक व्यपवर्तन योजना से इस वर्ष सम्पूर्ण 69 ग्रामों के 25 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में खरीफसिंचाई किया जाना प्रस्तावित है।

कोका कोला इंडिया ने गुरुग्राम में पीपीई, स्वच्छता किट बांटे

कोका-कोला इंडिया के साथ भागीदार यूनाइटेड वे मुंबई ने बुधवार को हरियाणा में कोरोना योद्धाओं के लिए कोरोना वायरस (कोविड-19) राहत प्रयासों की शुरुआत करते हुए गुरुग्राम में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) और स्वच्छता किट वितरित किये।

नई दिल्ली (वार्ता)। कोका-कोला इंडिया और यूनाइटेड वे मुंबई ने सहयोगी गैर सरकार संगठन (एनजीओ) यूनाइटेड वे दिल्ली के समर्थन के साथ हरियाणा राहत पहल के रूप में सिविल अस्पताल गुरुग्राम में पीपीई और स्वच्छता सहायता किट वितरण अभियान शुरू किया है। इस पहल के माध्यम से पांच राज्यों के अस्पतालों के कुल एक हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मी और 9700 सेनिटाइजेशन कर्मियों को इससे लाभ मिलने की उम्मीद है। पीपीई एवं स्वच्छता किट से कोरोना योद्धाओं की रक्षा की जा सकेगी और कोरोना के प्रसार में अंकुश लगाया जा सकेगा। इस संकट से निपटने और महामारी के प्रसार को रोकने में स्वास्थ्य प्रणाली और

समुदायों की मदद करने के लिए कोका-कोला की 100 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता के रूप में इस पहल की शुरुआत की है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में कहा, ÷मैं इस संकट के दौर में सहयोग करने के लिए कोका कोला और उसके भागीदारों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। कोविड के खिलाफ जंग के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, आईसीयू, बिस्तर, दस्ताने और अन्य उपयोगी वस्तुएं हमारे मिशन के लिए उपयोगी हैं। यूनाइटेड वे दिल्ली और उसके भागीदार इस दिशा में बहुत नेक काम कर रहे हैं। श्री कुंडू, आईएएस, सीईओ, जीएमडीए ने कोविड-19 से निपटने के लिए सहयोगी प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, इस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए एक साथ खड़ा होना आवश्यक है। हम अपने भागीदार यूनाइटेड वे दिल्ली के साथ खुश है और हरियाणा में अस्पतालों और स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पित भावना के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। श्री कुंडू ने कहा कि कोविड -19 महामारी के दौरान राहत प्रयासों को जारी रखना जरुरी है, देश में कोका-कोला ने अपने भागीदार यूनाईटेड वे मुंबई के साथ देश के आठ राज्यों में 48 सार्वजनिक अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने की पहल की है। इसके अलावा 65 हजार से अधिक सार्वजनिक सेवा में लगे कर्मियों जैसे डॉक्टर, पुलिस और सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारियों की सेवा करने के लिए भी हम प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, श्री वीएस कुंडू आईएएस, सीईओ, जीएमडीए, श्री अशोक सांगवान आईएएस कमिश्नर डिवीजन गुरुग्राम, श्री अमित खत्री, आईएएस, डीसी गुरुग्राम और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यादव के साथ श्री कपिल कुमरिया यूनाइटेड वे दिल्ली बोर्ड के अध्यक्ष और यूनाइटेड वे दिल्ली के सीईओ सचिन गोलवाकर उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

यूनियन बैंक को मिला गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग पुरस्कार

नई दिल्ली (वार्ता)। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफइंडिया को गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी) द्वारा आयोजित वर्चुअल पुरस्कार समारोह में प्रदान किया गया है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि वह नेशनल ट्रेनिंग पुरस्कार श्रेणी के अंतर्गत 9वीं बार इस पुरस्कार का विजेता बना है। नवीनतम शिक्षण तकनीकों के जरिए सफल बैंकर तैयार करने में सक्रिय है तथा कर्मचारियों को संस्था की संस्कृति एवं बैंक विजन के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

रुपया तीन पैसे टूटा

मुंबई (वार्ता)। शेयर बाजार में तेजी के बीच दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही मजबूती के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरूवार को रुपया तीन पैसे टूटकर 75.18 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले दिवस रुपया 75.15 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज आठ पैसे टूटकर 75.23 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और अमेरिकी मुद्रा की लिवाली के दबाव में यह 75.29 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक फिसला। सत्र के दौरान यह 75.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में तीन पैसे टूटकर 75.18 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

नारियल रेशा और उत्पादों का रिकार्ड निर्यात

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त वर्ष 2019-20 में नारियल रेशा और संबंधित उत्पादों का रिकार्ड 2757.90 करोड रूपए निर्यात किया गया है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 30 करोड रूपये अधिक हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि वित्त वर्ष 2018-19 में 2728.04 करोड रूपये मूल्य के नारियल रेशा और उत्पाद विदेश भेजे ग्ये थे। आंकडों के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 में नौ लाख 88 हजार 996 टन नारियल रेशा और उत्पाद का निर्यात किया गया है. इससे पिछले वित्त वर्ष में यह मात्रा नौ लाख 64 हजार 46 टन थी।

जियो का सस्ता स्मार्टफोन फोन चीनी कंपनियों के लिये चुनौती

चीनी कंपनियों के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है यह कदम

नई दिल्ली (वार्ता)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल)के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने भारतीय बाजार में सस्ते स्मार्टफोन फोन लाने की पहले से तैयारियां कर और इसमें मदद के लिए दिग्गज कंपनियों को जियो प्लेटफॉर्म्स के मंच पर एक साथ लाकर यह ऐलान किया है जो भारतीय स्मार्टफोन बाजार में धाक जमाये बैठी चीनी कंपनियों के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है।

वर्तमान माहौल में जब गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच आए संबंधों के अत्यंत तनावपूर्ण होने से जियो का सस्ता स्मार्टफोन चीनी कंपनियों के लिए जबर्दस्त चुनौती साबित हो सकता है जो भारतीय स्मार्टफोन बाजार पर लगभग धाक जमाये बैठी हैं।

गलवान घटना के बाद देश में चीन को लेकर बहुत गुस्सा है और चीनी सामान के बहिष्कार की मुहिम लोगों ने स्वतः स्फूर्त जगह-जगह चलाई हुई है। श्री अंबानी ने बुधवार को रिलायंस की.43 वीं एजीएम में सोशल मीडिया की दिग्गज गूगल के जियो प्लेटफॉर्म्स में 33737 करोड़ रुपये में 7.73 प्रतिशत इक्विटी देने के साथ ही भारतीय दूरसंचार क्षेत्र को 2जी मुक्त कराने और 4जी और 5जी सस्ते स्मार्टफोन फोन उतारने की भी घोषणा की । श्री अंबानी ने अगले तीन वर्ष में रिलायंस जियो के उपभोक्ताओं को पचास करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य रखा है करीब चार साल पहले पांच सितंबर 2016 को भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में कदम रखने वाली जियो के इस वर्ष मार्च में 38 करोड 75 लाख 16 हजार 803 ग्राहक थे और वह 33.47 प्रतिशत बाजार हिस्से के साथ पहले स्थान पर काबिज थी।

इससे पहले भी जियो के सस्ते फोन ने तहलका मचाया और इसके आने से फीचर्स फोनों का बाजार लगभग सिमट गया। अब सस्ता स्मार्टफोन लाकर श्री अंबानी की नजर 35 करोड 2जी उपभोक्ताओं में से ज्यादा से ज्यादा को जियो के पाले में लाने पर होगी। उनकी इस घोषणा के पीछे काफी समय से बन रही रणनीति और इसी के तहत जियो प्लेटफॉर्म्स में अपने अपने क्षेत्र की दिग्गजों को साझीदार के तौर पर लाया गया है। मसलन क्वालकॉम और इंटेल सेमीकंडक्टर या चिप बनाने के महारथी हैं तो गूगल के साथ मिलकर ऑपरेटिंग सिस्टम यानी (ओएस) विकसित किया जा जायेगा।

जियो स्वयं एप्स के मामले में आत्मनिर्भर है और फेसबुक के साथ आने से व्हाट्सएप और फेसबुक सरीखे एप भी उसकी पकड़ में आ गए हैं । जियो फोन बनाने की निपुणता पहले से ही रिलायंस के पास है। इन सबके एक साथ आ जाने से जियो बहुत आसानी से एक सस्ता 4जी 5जी स्मार्टफोन बाजार में ला सकेगा,इसमें कोई शंका नहीं रह जाती क्योंकि सभी एक साथ है तो मुनाफा अलग अलग न बंटकर एक जगह आएगा जिससे लागत कम रहेगी और आसानी से भी किसी को टक्कर दी जा सकेगी।

रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च के बीच भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में चीनी कंपनियों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से भी ज्यादा है यानी 100 में 70 लोगों के पास चीन के स्मार्टफोन हैं। देश के टॉप-5 स्मार्टफोन ब्रांड में से चार चीन के हैं। सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत मार्केट शेयर शाओमी का है, दूसरे नंबर पर 17 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ वीवो है। पहली पांच कंपनियों में सिर्फ सैमसंग है, जो कि दक्षिण कोरियाई कंपनी है। सैमसंग की बाजार हिस्सेदारी भारत में 16 प्रतिशत है।भारत का स्मार्टफोन मार्केट करीब दो लाख करोड़ रुपए का है।

निसान इंडिया ने स्टाइलिश नई बी-एसयूवी को नाम रखा निसान मैग्नाइट

निसान मैग्नाइट को मेक इन इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड' की सोच के साथ बनाया गया है

नई दिल्ली। निसान इंडिया ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित बी-एसयूवी के कॉन्सेप्ट संस्करण का खुलासा किया। इसे निसान मैग्नाइट का नाम दिया गया है। तकनीक से भरपूर और स्टाइलिश बी- एसयूवी को भारत में वित्त वर्ष 2020 में लॉन्च किया जाएगा। मैग्नाइट शब्द को मैग्नेटिक और इग्नाइट, इन दो शब्दों के मेल से बनाया गया है। जहां मैग्नेटिक शब्द डिज़ाइन और उत्पाद की उन विशेषताओं को प्रकट करता है जो उपभोक्ताओं को आकर्षित करेंगी, वहीं इग्नाइट उस नए युग की शुरुआत पर जोर देता है जो निसान भारत में लाना चाहती है। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, राकेश श्रीवास्तव ने कहा, निसान मैग्नाइट से निसान के वैश्विक एसयूवी डीएनए ने नई ऊंचाई हासिल की है। अत्याधुनिक तकनीक के साथ यह अपनी श्रेणी में एक गेम-चेंजर साबित होगी। चार-मीटर से कम की श्रेणी में इस तरह की विशेषताओं को पेश करने के बाद हमें पूरा विश्वास है कि निसान मैगनाइट उद्योग की बी-एसयूवी श्रेणी को फिर से परिभाषित करेगी।

निसान मैग्नाइट को मेक इन इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड' की सोच के साथ बनाया गया है और इसे भारतीय ग्राहकों की आवश्यकताओं व आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जापान में डिज़ाइन किया गया है। अनेक प्रीमियम सुविधाओं के साथ आने वाली स्टाइलिश निसान मैग्नाइट सड़क पर उपस्थिति के मामले में मज़बूत और डायनैमिक पेशकश साबित होगी।

युवाओं को सक्षम बनाने अमेजन इंडिया की कौशल विकास योजना

गुड़गांव (वार्ता)। कोरोना महामारी के दौरान जब लाखों की संख्या में रोजगार जा रहे हैं तो ऐसे समय ई-कॉमर्स क्षेत्र की कम्पनी अमेजॉन ने युवाओं को रोजगार सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विश्व युवा कौशल दिवस पर युवाओं के लिये नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम(एनएपीएस) कार्यक्रम की घोषणा की है।

कम्पनी की निदेशक स्वाति रस्तोगी ने आज यहां यह जानकारी देते हुये बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल विकास और डिज़िटल अभियान को सफल में जहां कई प्रतिष्ठान जुटे हुए हैं वहीं इसी क्रम में अमेजॉन ने भी भागीदारी करते हुये उक्त कार्यक्रम की घोषणा की है, ताकि इसका युवाओं को इसका मिल सके और वे आत्मनिर्भर होकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि कम्पनी ने अपने फुलफिलमेंट सेंटर्स में एनएपीएस के तहत कौशल विकास कार्यक्रम शुरु किया है जिसमें कम से कम एक हजार युवाओं को अप्रेंटिसशिप दी जाएगी। उनका कहना है कि कोरोना महामारी का असर युवाओं पर भी पड़ा है। उन्हें इससे उबारने के लिए एनएपीएस लाभकारी सिद्ध होगी। कम्पनी युवाओं का कौशल निखारने और इसे बेहतर बनाने की दिशा में

भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन मेरा सपना

मुंबई (वार्ता)। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थाओ और अध्यक्ष नीता अंबानी ने बुधवार को कहा भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन मेरा सपना है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की आज 43 वीं आम बैठक को पहली बार बतौर निदेशक के रुप में संबोधित करते हुए श्रीमती अंबानी ने कहा,÷भारत में ओलंपिक खेलो का आयोजन हो, यह मेरा स्वप्न है। मैं भारत के एथलीटों को विश्व स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करते देखना चाहती हूं। श्रीमती अंबानी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी की सदस्या हैं। जमीनी स्तर पर खिलाड़ी तैयार करने के लिए उनके नेतृत्व में रिलायंस फाउंडेशन कई शैक्षिक और खेल प्रोजेक्ट्स से जुड़ी हैं,जिससे लाखों बच्चे जुड़े हुए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी अगुवाई में मुंबई इंडियंस कई बार चैंपियन बन चुकी है। उन्होंने रिलायंस फाउंडेशन के बारे में कहा कि पिछले 10 वर्षों में फाउंडेशन ने देश में 3 करोड़ 60 लाख लोगों

की जिंदगी में बदलाव लाने का काम किया है। श्री अंबानी ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा,÷कोरोना के प्रकोप के समय, हमने मुंबई में भारत का पहला 100-बेड वाला विशेष कोविड-19 अस्पताल मात्र दो सप्ताह में स्थापित किया। हमारे डॉक्टर और नर्स साथी भारतीयों की सेवा का निस्वार्थ और अथक प्रयास कर रहे हैं। जब महामारी फैली तो सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक थी पीपीई की कमी। हमने रिकॉर्ड समय में हर दिन एक लाख से अधिक पीपीई और एन 95 मास्क का उत्पादन करने के लिए अपनी विनिर्माण सुविधाओं में जरूरी बदलाव किए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब भी कोरोना की वैक्सीन बनेगी उसको देश के हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का काम रिलायंस करेगा। शेयरधारकों से मिशन अन्न सेवा की चर्चा करते हुए श्रीमती अंबानी ने कही कि ÷मिशन अन्ना सेवा के माध्यम से, हमने देश भर में हाशिए पर रहने वाले समुदायों, दैनिक वेतन भोगियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को पांच करोड़ से अधिक भोजन मुहैया कराया। हमें खुशी है कि मिशन अन्ना सेवा दुनिया में कहीं भी एक कॉरपोरेट फाउंडेशन द्वारा किया गया सबसे बड़ा भोजन वितरण कार्यक्रम बन गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400285

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ज्योति पति मयाराम निवासी नगपुरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2001/5 रकबा 0.030 हें/ 3263 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400327

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती देवंतीन बाई पति श्री आनंदराम साहू निवासी सिहावा नगरी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 565/105 रकबा 0.0210 हें/ 2250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400223

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रणधीर सिंह राजपूत आ. स्व. रामसिंह अन्य 2 निवासी धमधानाका दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहलई प.ह.न. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 35/2, 37/5 रकबा 0.028 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400348

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पुष्पा चंन्द्रवंशी पति श्री रामकुमार चन्द्रवंशी निवासी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1006/17 रकबा 0.015 हें/ 1620 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400322

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुषमा कंवर पति श्री पल्टूराम कंवर निवासी सेक्टर 02 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 792/6 रकबा 0.018 हें/ 1830 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400324

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती डेहरिन बाई चन्द्रवंशी पति स्व. श्री ग्वालाराम चन्द्रवंशी निवासी गैंदाटोला राजनांदगांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1006/3 रकबा 0.018 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400215

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक आकाश सिंह आ. लालबाबू सिंह निवासी मरोदा टैंक भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 625/2 रकबा 0.029 हें/ 3100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400059

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरिता ठाकुर पति श्री भोजेन्द्र ठाकुर निवासी पाटन तह. पाटन व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 721 रकबा 0.0350 हें/ 2400 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400275

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सीता यादव पति श्री मनोज यादव निवासी शनिचरी बाजार आपापुरा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1788/1 रकबा 0.015 हें/ 1650 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400288

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री महेन्द्र कुमार कश्यप आ. श्री मनोहर कश्यप निवासी वार्ड 56 बघेरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1788/8 रकबा 0.015 हें/ 1635 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400287

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कल्पना कश्यप पति श्री महेन्द्र कुमार कश्यप निवासी वार्ड 56 बघेरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1788/9 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

श्रीमती अम्बिका सिंहदेव जी
को छ.ग. शासन में संसदीय सचिव
बनाने पर हार्दिक बधाई
बैकुंठपुर प्रथम नगर आगमन
पर हार्दिक नंदन..वंदन..
अभिनंदन...
डॉ रामचंद्र सिंहदेव
कंचन जायसवाल
अशोक जायसवाल
अजीत लकड़ा
प्रभा पटेल
रजनीश पाण्डेय
श्रीमती अम्बिका सिंहदेव
संसदीय सचिव, छ.ग. शासन
शुभेच्छु :- जिला कांग्रेस कमेटी, समस्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई,
सेवादल, इंटक एवं समस्त प्रकोष्ठ के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्तागण, बैकुंठपुर जिला-कोरिया

मा. मनोज मंडावी
मा. अनूप नाग
मा. राजेश तिवारी
मा. शंकर धुवा
पूर्व विधायक, कांकेर
मा. पीयूष कोसरे
मा. बीरेश ठाकुर
मा. दिलीप खटवानी
प्रदेश सचिव
मा. नरेश ठाकुर
पूर्व अध्यक्ष
मान. श्री शिशुपाल शोरी जी,
संसदीय सचिव छ.ग. शासन
(परिवहन, आवास, पर्यावरण, वन, विधि एवं विधायी विभाग)
के 17 जुलाई दिन शुक्रवार को जिला मुख्यालय
कांकेर में प्रथम आगमन पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन...
मान. शिशुपाल शोरी
संसदीय सचिव
छ.ग. शासन
गफ्फार मेमन
महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी
एवं विधायक प्रतिनिधि (प्रशा.)
रोमनाथ जैन
उपाध्यक्ष, ज.पं. एवं विधायक
प्रतिनिधि (कांकेर शहर)
सुनील गोस्वामी
विधायक प्रतिनिधि
(कार्यालय एवं संसदीय कार्य)
हरनेक सिंह औजला
विधायक प्रतिनिधि
(अल्पसंख्यक)
राजकुमार चोपड़ा
प्रदेश उपाध्यक्ष
कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ